4 **रायपुर संभाग**
शिकवा शिकायत के बाद भी किसानों से अधिक धान लेने...

6 **अभिमत**
जादू टोना
महिला उत्पीड़न का कारण

09 **सेहत**
राम में सोने से पहले करें गुड़ का सेवन...

10 **छत्तीसगढ़**
किसानों के कमाई पर कांटा मारी इन पर कब चलेगा...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-123 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज़

राष्ट्रपति मुर्मु ने राज्यसभा का सत्रावसान किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया है। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवम्बर को शुरू हुआ था और 20 दिसम्बर को राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी थी।

राष्ट्र ने किया चौधरी चरण सिंह को नमन

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह को उनकी 122 वीं जयंती पर भावपूर्ण नमन किया। मुख्य समारोह राष्ट्रीय राजधानी में चौधरी चरण सिंह के समाधि स्थल किसान घाट पर आयोजित किया गया जहां धनखड़ ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। उनके साथ केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। कई सांसदों, पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



बीते सप्ताह की तबाही से निकला बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी चढ़े

मुंबई। अमेरिका में महंगाई में नरमी आने से अगले वर्ष ब्याज दर में कटौती बढ़ने की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग, धातु, रियल्टी और सर्विसेज समेत सोलह समूहों में हुई दमदार लिवाली से आज बाजार बीते सप्ताह की तबाही से बाहर निकला तथा सेंसेक्स और निफ्टी आधी फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए।

पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश, हिमपात के आसार

नयी दिल्ली। देश भर में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण कल तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती परिसंचरण के रूप में, वर्तमान में उत्तरी पाकिस्तान में निचले और मध्य क्षोभमंडल स्तरों पर स्थित है और निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम राजस्थान पर स्थित है।

छत्तीसगढ़ निवेश के लिए असीम संभावनाओं वाला राज्य

इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने निवेशकों से किया संवाद

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए इसे निवेशकों के लिए बेहद अनुकूल बताया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को 15184 करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निवेश के लिए असीम संभावनाओं वाला राज्य है। हमारी नई औद्योगिक नीति उद्योगों को कर, भूमि, और बिजली में छूट के साथ-साथ सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी सुविधाएं देती है। यह नीति न केवल उद्योगों की स्थापना, बल्कि रोजगार सृजन पर भी जोर देती है। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा, खनन, और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। नई औद्योगिक नीति में विशेष सब्सिडी और प्रोत्साहन पैकेज शामिल हैं। डिजिटल सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 से सभी स्वीकृतियां और लाइसेंस प्राप्त करना आसान हो गया है। उद्योग विभाग द्वारा सब्सिडी जारी करने के लिए अधिकतम 3 स्तर और अधिकतम 7 दिनों की समय सीमा सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उद्योग स्थापित करने हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए, न्यूनतम सरकार की अवधारणा के तहत निजी औद्योगिक पार्क को 30 प्रतिशत सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ, उद्योगों के लिए रेडी और विकसित प्लॉट आवेदन के 60 दिनों के भीतर सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने बताया हम यह सुनिश्चित कर रहे कि उद्योग स्थापना एवं संचालन में सरकारी हस्तक्षेप न्यूनतम हो एवं यथासंभव सेल्फ सर्टिफिकेशन अथवा ऑनलाइन माध्यम से हो ताकि उद्योग हेतु आपको सरकार के पास आने की आवश्यकता ना हो। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेशकों के सवालों का जवाब देते हुए भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने राज्य में उपलब्ध बेहतर बुनियादी ढांचे, कुशल मानव संसाधन और शांतिपूर्ण माहौल के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित उद्योगपतियों द्वारा छत्तीसगढ़ की पहल की सराहना करते हुए निवेश की संभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि यह इन्वेस्टर मीट छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

बस्तर क्षेत्र में निवेश पर मिलेगा विशेष प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि बस्तर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कोर सेक्टर की स्टील इकाइयों और अन्य उद्योगों को बड़ी राहत दी गई है। आयरन ओर पर 50 प्रतिशत और कोयले पर 100प्रतिशत रॉयल्टी की छूट का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही, उद्योगों द्वारा चुकाए गए रॉयल्टी और राज्य को मिलने वाले सेस की प्रतिपूर्ति 15 वर्षों तक की जाएगी। इसके अलावा, ग्राम नियानार में 118 एकड़ भूमि पर एक नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है।

और कितनी सन्नी लिओनी, जनता के पैसे का दुरूपयोग?

महतारी वंदन की राशि में फर्जीवाड़ा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बर्खास्त, पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी निलंबित

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



महतारी वंदन योजना इन दिनों राज्य में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस योजना के लाभार्थी के रूप में सन्नी लिओनी का भी नाम जमकर प्रचारित हो रहा है। यह बात अलग है कि लिओनी को योजना का वास्तविक लाभ नहीं मिला है। दरअसल लिओनी ने इसके लिए आवेदन भी नहीं किया था। लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित सूचना, जिसमें महतारी वंदन योजना की राशि सन्नी लिओनी के खाते में जमा होने की न्यूज प्रसारित हुई है, वह झूठी निकली। वास्तव में सन्नी लिओनी के बैंक खाते में महतारी वंदन की राशि का भुगतान नहीं हुआ है अपितु यह वीरेन्द्र कुमार जोशी नाम के एक व्यक्ति के द्वारा स्थानीय स्तर पर मिलीभगत कर सन्नी लिओनी के नाम से आवेदन कर आधार एवं अन्य जानकारी अपनी डालते हुए शासकीय राशि अवैधानिक रूप से प्राप्त करने के उद्देश्य से की गयी हरकत है। वस्तुतः बस्तर जिले के बस्तर विकासखंड के आंगनवाड़ी केन्द्र तालूर में वीरेन्द्र कुमार जोशी के द्वारा फर्जीवाड़ा करते हुए आंगनवाड़ी केन्द्र तालूर के कार्यकर्ता के माध्यम से सन्नी लिओनी के नाम से आवेदन किया गया है तथा उस आवेदन में अन्य जानकारी के रूप में अपना आधार नंबर तथा अपने बैंक खाते की जानकारी डाली गयी है। प्रत्येक आवेदन के परीक्षण एवं सत्यापन का दायित्व ग्राम स्तर पर बनायी गयी समिति, जिसमें ग्राम प्रभारी/वार्ड प्रभारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा किया जाना था। इसके उपरांत पोर्टल में अंकित दस्तावेज़ो का परीक्षण प्रथम सत्यापन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा तथा द्वितीय सत्यापन पर्यवेक्षक के द्वारा किया जाना था तथा परियोजना अधिकारी के द्वारा अनुमोदित किया जाना था। इस प्रकरण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वेदमति जोशी, जो की वीरेन्द्र कुमार जोशी की पड़ोसी है, के द्वारा बिना तथ्यों की जॉच परख किए ऑनलाईन पोर्टल पर वीरेन्द्र कुमार जोशी के द्वारा सन्नी लिओनी के नाम से किए गए आवेदन को सत्यापित कर दिया गया। इसी प्रकार पर्यवेक्षक के द्वारा भी बिना परीक्षण किए हुए इस आवेदन का सत्यापन कर दिया गया, जिसके कारण इस फर्जी नाम वाले हितग्राही को उनके द्वारा दिए गए आधार नबंर से लिंक स्टेट बैंक के खाते में डीबीटी के रूप में राशि का भुगतान हुआ है। इस प्रकरण पर गंभीर लापरवाही के लिए संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वेदमति जोशी को बर्खास्त करने की कार्यवाही की गयी है। पर्यवेक्षक प्रभा नेताम एवं परियोजना अधिकारी ज्योति मथरानी को निलंबित करने की कार्यवाही की गयी है तथा तत्कालीन जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी स्पष्टीकरण जारी किया गया है। साथ ही वीरेन्द्र कुमार जोशी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज़ कर उसे गिरफ्तार किया गया है तथा उनके बैंक खाते को सीज़ कर भुगतान की गयी राशि की वसूली की कार्यवाही की जा रही है। लेकिन इन तमाम कार्रवाई के बाद भी आम जनमानस में यह सवाल उठने लगा है कि और कितनी सन्नी लिओनी इस योजना का लाभ ले रही है? क्या लिओनी की तरह और भी फर्जी नाम से इस योजना में धांधली की जा रही है? क्या जनता का पैसा इस तरह से बर्बाद किया जाना उचित है? एक साल बीतने के बाद भी इस योजना के वास्तविक लाभार्थियों की जांच क्यों नहीं की गई।

पीएम मोदी ने रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र बांटे

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये और कहा कि सरकार की नीतियों तथा निर्णयों के कारण ग्रामीण भारत में भी रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के हजारों युवाओं के लिए एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा, आपके वर्षों के सपने पूरे हुए हैं, वर्षों की मेहनत रंग लाई है। 2024 का यह जाने वाला वर्ष आपके लिए नई खुशियां लेकर आए। मैं आप सभी को और आपके परिवारों को हार्दिक बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार रोजगार मेलों जैसी पहलों के माध्यम से भारत की युवा प्रतिभाओं के पूर्ण उपयोग को प्राथमिकता दे रही है। पिछले 10 वर्षों में, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सरकारी नौकरियों के लिए एक ठोस प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में लगभग 10 लाख स्थायी सरकारी नौकरियां दी गई हैं और यह एक रिकॉर्ड है। ये नौकरियां पूरी पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं और नए भर्ती लोग समर्पण और ईमानदारी के साथ देश की सेवा कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि किसी देश का विकास उसके युवाओं की कड़ी मेहनत, क्षमता और नेतृत्व पर निर्भर करता है। भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि देश की नीतियां और निर्णय अपने प्रतिभाशाली युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं को सबसे आगे रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। उन्होंने कहा, आज भारतीय युवा नए आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। आज स्टार्टअप प्रारंभ करने वाले युवा उद्यमियों को एक मजबूत समर्थन प्रणाली का लाभ मिलता है। इसी तरह, खेलों में करियर बनाने वाले युवाओं को विश्वास है कि वे असफल नहीं होंगे क्योंकि अब उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और टूर्नामेंटों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश विभिन्न क्षेत्रों में बदलाव के दौर से गुजर रहा है, मोबाइल विनिर्माण के क्षेत्र में भारत दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है। भारत अक्षय ऊर्जा, जैविक खेती, अंतरिक्ष, रक्षा, पर्यटन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी प्रगति कर रहा है, नए अवसरों का सृजन कर रहा है और प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

कांग्रेस ने की केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर बाबा साहब डा भीमराव अम्बेड़कर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुये उनसे इस्तीफे की मांग की है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सांसद किशोरी लाल शर्मा और सांसद राकेश राठौर ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा बाबा साहब का अपमान करना उनकी संविधान विरोधी सोच को उजागर करता है, जिसकी उनकी पार्टी घोर निंदा करती है। कांग्रेसी भाजपा की संविधान विरोधी सोच एवं दलितों के प्रति उनके अनादर का भाव को आम जनमनास के बीच उजागर करेंगे। इसके लिए अपनी भविष्य की रूपरेखा को अंतिम रूप में बेलगाम कर्नाटक में होने वाली बैठक में देंगे। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख महापुरूष जिनको स्मरण कर हम लोकतांत्रिक मूल्यों की लड़ाई लड़ते हैं, जिनकी अगुवाई में हमारा संवैधानिक ढांचा तैयार हुआ। उनके प्रति शाह द्वारा इस्तेमाल किये गये शब्द बहुत पीड़ादायक हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बाबा साहब द्वारा किये गये महान कार्यों के लिए यह देश कृतज्ञ है। हम अपने संविधान निर्माता के प्रति लगातार प्रकट करते हैं मगर दुर्भाग्य यह है कि संघ की मानसिकता से चलने वाली भाजपा हमेशा से ही संविधान विरोधी रही है और अब तो वह खुलकर बाबा साहब का भी अपमान करने लगी है। अगर आज हम खड़े होकर इसका सामना नहीं करेंगे और इसका मुंह तोड़ जवाब नहीं देंगे तो आने वाले समय में इतिहास और आने वाली पीढ़ियां हमको माफ़ नहीं करेंगी। उप नेता राज्यसभा प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा में बाबा साहब के प्रति श्रद्धा और आदर नहीं है और इसीलिये भारतीय संविधान लागू होने पर भाजपा ने उसकी प्रतियां जलाई थी। हमने जनता को आगाह किया था कि दो तिहाई बहुमत आने पर भाजपा सविधान बदल देगी और दलितों तथा पिछड़ों का आरक्षण बदल देगी। तिवारी ने कहा कि श्रीमती प्रियंका गांधी के साथ धक्का मुक्की और राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का मार कर गिराया गया वह भाजपा की अलोकतांत्रिक तथा अराजकता की संविधान विरोधी घृणित मानसिकता को दर्शाता है।

जयशंकर 24 से 29 दिसंबर तक अमेरिका यात्रा पर

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 24 से 29 दिसंबर तक अमेरिका की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार डॉ. जयशंकर अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल शुरू होने से पहले वाशिंगटन में अमेरिकी प्रशासन के विभिन्न मंत्रियों से मुलाकात कर प्रमुख द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री अमेरिका के विभिन्न शहरों में तैनात में भारत के महावाणिज्य दूतों के एक सम्मेलन की भी अध्यक्षता करेंगे।

कांग्रेस का आरोप- सन्नी लियोनी का तो सिर्फ एक प्रकरण हर माह 45 लाख फर्जी महिलाओं के नाम से हो रहा भुगतान

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि महतारी वंदन योजना में फिल्म अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम से पिछले 10 माह से भुगतान किया जाना इस योजना की असली हकीकत को बताता है। सनी लियोनी के नाम के सिर्फएक प्रकरण का खुलासा हुआ है, हकीकत में पूरे प्रदेश में लाखों महिलाओं के नाम से प्रतिमाह फर्जी तरीके से राशि निकाल कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना भाजपा सरकार के सुनियोजित भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण है। हर माह 450 करोड़ का घोटाला इस योजना में किया जा रहा है। नाम किसी का, एकाउंट किसी का 10 माह से अनवरत भुगतान बिना सुनियोजित षड़यंत्र और उच्चस्तरीय संरक्षण के संभव नहीं है। शुक्ला ने कहा कि जिन 70 लाख महिलाओं को सरकार ने पात्र बताया है उन सभी के खाते में भी पैसा नहीं जा रहा है। सरकार घोषित 70 लाख में से 25 लाख महिलाओं के खाते में पैसे डाल रही है। 45 लाख महिलाओं के खाते में पैसे नहीं जा रहे मतलब 45 लाख महिलाओं के नाम पर गलत लोग भुगतान प्राप्त कर रहे। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, बस्तर सभी जगह से राशि नही मिलने की शिकायते आ रही है। लोकसभा चुनाव में वोट लेने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं को अपात्र बता कर उनका नाम लाभार्थी की सूची से हटा दिया गया था। पिछले तीन माह से 70 प्रतिशत महिलाओं को पैसा नहीं मिला है। यह महिलाओं के साथ धोखा और छल है। उन्होंने कहा साय सरकार महतारी वंदन योजना में छल कपट खेल बंद करे।

14.04 लाख किसानों को 14059 करोड़ रूपए का भुगतान

राज्य में 67.77 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 67.77 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 14.04 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 14059 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 36.89 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध अब तक 15.25 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 23 दिसम्बर को 78175 किसानों से 3.42 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 93 हजार 714 से अधिक टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 93 हजार 985 टोकन जारी किए गए हैं।

12.47 लाख हेक्टेयर में हो चुकी रबी फसलों की बोनी

राज्य में रबी फसलों की बोनी तेजी से जारी है। अब तक 12 लाख 47 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में चना, गेहू, मटर, अलसी, सरसों, मक्का, रागी सहित विभिन्न रबी फसलों की बोनी हो चुकी है, जो कि इस साल बुआई के लिए निर्धारित 19 लाख 25 हजार हेक्टेयर रकबे का 65 प्रतिशत है। बीते वर्ष रबी सीजन में 18 लाख 61 हजार हेक्टेयर में रबी फसलों की बोनी हुई थी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रबी फसल के लिए इस वर्ष 2.89 लाख क्किंटल प्रमाणित बीज का वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 1.57 लाख क्किंटल बीज का भण्डारण कर 1.26 लाख क्किंटल बीज वितरित किया गया है, जो भण्डारण का 80 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रदेश में इस वर्ष रबी फसल के लिए 4.65 लाख मीट्रिक टन उर्वरक वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 4.58 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण कर 1.39 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया गया है, कुल भण्डारण का 30 प्रतिशत है।

मुकेश राजपूत और प्रताप सारंगी को मिली अस्पताल से छुट्टी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती लोकसभा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को छुट्टी दे दी गयी है। संसद परिसर में बीते गुरुवार को धक्का मुक्की में घायल होने के बाद इन दोनों सांसदों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने सोमवार को यहां बताया कि दोनों सांसदों को छुट्टी दे दी गई है। दोनों सांसदों को धक्का मुक्की में घायल होने के बाद गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था। सारंगी की आंख के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जबकि राजपूत ने सिर में भारीपन और चक्कर आने की शिकायत की थी। दोनों सांसदों की एमआरआई जांच कराई गई और उन्हें नियमित निगरानी में रखा गया। दोनों सांसदों को 19 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

भारत ने बंगलादेश की शेख हसीना को वापस भेजने का अनुरोध ठुकराया

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने सोमवार को पुष्टि की कि उसे बंगलादेश से एक राजनयिक नोट मिला है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस भेजने का अनुरोध किया गया है और कहा कि उसे इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करनी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम पुष्टि करते हैं कि हमें प्रत्यर्पण अनुरोध के संबंध में आज बंगलादेश उच्चायोग से एक नोट मिला है। इस समय हमें इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब बंगलादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उसने औपचारिक रूप से भारत सरकार से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस ढाका भेजने के लिए कहा है। हसीना गत 05 अगस्त को 'छात्रों के नेतृत्व वाले' विरोध प्रदर्शन में अपनी सरकार को हटाए जाने के बाद से भारत में रह रही हैं। डेलीसन की रिपोर्ट के मुताबिक बंगलादेश की सेना समर्थित अंतरिम सरकार के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा, हमने भारत को अपनी स्थिति से स्पष्ट रूप से अवगत करा दिया है। हमने बता दिया है कि हम उन्हें (हसीना को) न्यायिक प्रक्रिया के लिए वापस चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बंगलादेश और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से ही मौजूद है, और इस संधि के तहत हसीना को बांग्लादेश वापस लाया जा सकता है।

वर्तमान कांग्रेस गांधी युग की नहीं इंदिरा युग की कांग्रेस है: जोशी

एजेंसी ◂ हुबली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बेलगावी में कांग्रेस महाधिवेशन के शताब्दी समारोह से पहले कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। जोशी ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस 'कांग्रेस (आई)' है, जो इंदिरा गांधी युग की कांग्रेस है, न कि महात्मा गांधी युग की कांग्रेस। हुबली में पत्रकारों से बात करते हुए जोशी ने लोकतंत्र एवं सामाजिक सद्भाव के मूल्यों से भटकने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस पर अपने शताब्दी समारोह के लिए सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया और इस आयोजन को इतिहास की विकृति कहा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ÷वे महात्मा गांधी की अध्यक्षता में कांग्रेस के महाधिवेशन के 100 वर्ष पूरे होने पर सम्मेलन कर रहे और जश्न मना रहे हैं। मैं पूछता हूं कि आज की कांग्रेस और महात्मा गांधी के युग की कांग्रेस में क्या संबंध है? यह असली कांग्रेस नहीं है, यह कांग्रेस (आई), इंदिरा कांग्रेस है, जो लोकतंत्र या सामाजिक सद्भाव में विश्वास नहीं करती है। उन्होंने कांग्रेस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरासत का अनादर करने का आरोप लगाया, और इसकी तुलना हाशिए पर रहने वाले समुदायों का उत्थान करने के लिए अंबेडकर के दृष्टिकोण को कायम रखने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रतिबद्धता से की। जोशी ने कहा कि महात्मा गांधी ने खुद आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने का प्रस्ताव रखा था। फिर भी, वर्तमान कांग्रेस उनके आदर्शों की उपेक्षा करते हुए कार्य समिति की बैठकें और सम्मेलन आयोजित कर रही है। कांग्रेस अपने कार्यों के माध्यम से गांधी के दृष्टिकोण के साथ विश्वासघात कर रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने शताब्दी समारोह के लिए सरकारी धन के उपयोग का दावा करते हुए उसकी निंदा की और इसे अनैतिक और अस्वीकार्य करार दिया। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पार्टी के ऐतिहासिक पूर्ण अधिवेशन के शताब्दी समारोह को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच तनाव बढ़ रहा है।

पीएम मोदी का स्वागत-अभिनंदन है: यादव

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन-बेतवा लिंक परियोजना की सौगात देने मध्यप्रदेश पधार रहे हैं, उनका प्रदेश की धरती पर स्वागत अभिनंदन है। डॉ यादव ने राजकीय विमान तल पर मीडिया से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नदी जोड़ो अभियान बड़े स्वरूप में आकार लेगा। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर प्रदेश को मिल रही इस सौगात से सागर, दतिया सहित सम्पर्ण बुंदेलखण्ड को पर्याप्त सिंचाई और पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि जनकल्याण पर्व में सागर गौरव दिवस में क्षेत्र को सौगातें प्रदान करने के कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की भी सहभागिता होगी। इन सौगातों से सम्पूर्ण क्षेत्र का आने वाला कल बेहतर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कई कठोर निर्णय लिए हैं, जिनमें टोल बैरियर पर वसूली बंद करने का निर्णय भी एक है। राज्य सरकार किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके लिए जिस भी स्तर पर आवश्यक होगा सरकार द्वारा कार्यवाही की जाएगी। सुशासन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विकास और जनकल्याण की दिशा में हम निरंतर गतिशील है। डॉ यादव ने राजकीय विमानतल पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री डॉ पुष्कर सिंह धानी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही चंदेरी का अंगवस्त्र और राजभोज की प्रतिमा भेंट की।

एनसीसीओईईई का 31 दिसंबर को 'एक घंटे का काम बंद करो' का आह्वान

एजेंसी ◂ जालंधर
www.dailypioneer.com

विद्युत कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति (एनसीसीओईईई) ने चंडीगढ़ और राज्य सरकारों के रवैये का विरोध करने के लिये अपने घटकों से 31 दिसंबर 2024 को 'एक घंटे का काम बंद करो' का आह्वान किया है। एनसीसीओईईई के संयोजक प्रशांत चौधरी ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर चंडीगढ़ प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक उपयोगिताओं के निजीकरण के प्रयास को रोकने की मांग की है। इससे करीब 80,000 स्थायी और 50,000 आउटसोर्स कर्मचारी और 1.65 करोड़ उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं। चौधरी ने अपने पत्र में लिखा है कि बिजली क्षेत्र के कर्मचारी इन निजीकरण पहलों के खिलाफलगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी कर्मचारियों की दलीलों पर कोई ध्यान देने से कतरा रहे हैं। एनसीसीओईईई ने चंडीगढ़ और राज्य सरकारों के इस रवैये का विरोध करने के लिए अपने घटकों से 31 दिसंबर 2024 को 'एक घंटे का काम बंद करो' का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ बिजली विभाग पिछले कई सालों से लगातार सालाना लाभ कमा रहा है और इसने कुल तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीएंडसी) घाटे को 10 प्रतिशत से नीचे बनाये रखा है, जबकि राष्ट्रीय औसत 15 प्रतिशत से अधिक है। चंडीगढ़ यूटिलिटी का टैरिफलगभग 4.50 रुपये प्रति यूनिट है, जो देश में सबसे कम में से एक है। इस अत्यधिक मूल्यवान यूटिलिटी को मात्र 174.63 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर बोली में डाल दिया गया। विशाल प्राइम लैंड एसेट्स के उपयोग की अनुमति एक रुपये प्रति माह की दर से दी गई है। एनसीसीओईईई सीएजी ऑडिट के माध्यम से परिसंपत्तियों के स्वतंत्र मूल्यांकन के साथ-साथ सभी वित्तीय आंकड़ों की जांच की मांग कर रहा था, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई सलाह नहीं मांगी गयी। चंडीगढ़ के कर्मचारी केंद्र सरकार के कर्मचारी हैं और यह निजीकरण उन्हें अचानक निजी क्षेत्र के कर्मचारियों में बदल देगा। हैरानी की बात यह है कि विद्युत अधिनियम 2003 के अनुसार कोई भी हस्तांतरण योजना नहीं बनायी गयी है। प्रवक्ता वी के गुप्ता ने बताया कि प्रस्तावित विद्युत विभाग के निजीकरण के खिलाफचंडीगढ़ में 25 दिसंबर को अगली बिजली पंचायत और बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की घोषणा की गयी है। पत्र में आगे उल्लेख किया गया है कि निजीकरण के इसी तरह के हमले उत्तर प्रदेश की दो डिस्कॉम पर भी किये गये हैं। इन उपयोगिताओं के समग्र तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीएंडसी) घाटे को कम करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में इन डिस्कॉम में सरकारों द्वारा पुनर्विकसित वितरण क्षेत्र योजना के तहत भारी निवेश किया गया है।

तमिलनाडु में 'मार्गाझी अष्टमी रथ उत्सव' धूमधाम से मनाया गया

एजेंसी ◂ मदुरै
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु में मीनाक्षी-सुंदरेश्वर मंदिर का 'मार्गाझी अष्टमी रथ उत्सव' पारंपरिक धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान, हजारों श्रद्धालु, खास तौर पर महिलाएं एकत्रित हुईं और शहर में मंदिर के चारों ओर पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर मासी सड़कों पर भक्ति भाव से सजे हुए रथों को खींचा। भगवान सुंदरेश्वर और देवी पिरियाविदई को एक रथ में ले जाया गया, जबकि देवी मीनाक्षी को दूसरे रथ में ले जाया गया। देवी मीनाक्षी का रथ महिला श्रद्धालुओं ने खींचा, जो मार्गाजी अष्टमी उत्सव की एक खास विशेषता है। रथों को खींचते समय श्रद्धालुओं ने 'हरा हरा शंकर, मीनाक्षी सुंदर' का जाप किया। रथ उत्सव तमिल के पवित्र महीने 'मार्गाझी' (संस्कृत में मार्गशीर्ष) के दौरान 'थेई पिराई अष्टमी' (चंद्रमा का अस्त होना) के दिन मनाया जाता है। इसमें श्रद्धालु शंख बजाकर और पारंपरिक ढोल बजाकर इस उत्सव का जश्न मनाते हैं। भक्त चावल इकट्ठा करके अपने घरों में रखते हैं, जिसे शिवाचार्य जुलूस के रास्ते में बिखेर देते हैं। यह एक पारंपरिक प्रथा है जिसके बारे में उनका मानना है कि इससे भूख और बीमारियां दूर होती हैं।

अधिकार समूह ने आइजोल के निकट हुयी हत्या के पीड़ित के लिए न्याय की मांग की

आइजोल। सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड सोशल जस्टिस (सीईएसजे) ने मिजोरम सरकार और पुलिस से नागरिकों की सुरक्षा के अपने कर्तव्य को बरकरार रखने और आइजोल के पास एयरफील्ड के इलाके में 31 वर्षीय डेविड लालमुआनपुइया की नृशंस हत्या के मामले में न्याय सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। सीईएसजे के महासचिव वीएल थ्लामुआनपुइया ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में अधिकारियों से अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को तेजी से पकड़ने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि न्याय देने में विफल रहने पर संगठन को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) से संपर्क करना पड़ेगा। राज्य में भीड़ हिंसा की चिंताजनक प्रवृत्ति पर प्रकाश डालते हुए, सीईएसजे ने कानून को अपने हाथ में लेने वाले समूहों की आलोचना की। सीईएसजे ने बयान में कहा, ''अनधिकृत समूहों द्वारा गैरकानूनी कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप कई मौतें हुई हैं। थ्लामुआनपुइया ने डेविड की मौत में शामिल सभी व्यक्तियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और सरकार से न्यायेतर कार्रवाइयों के खिलाफ मजबूत कदम उठाने का आग्रह किया। समूह ने मिजोरम पुलिस अधिनियम, 2011 में संशोधन का भी आह्वान किया, जिसके तहत ग्राम रक्षा दल (वीडीपी) संचालित होते हैं। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए वीडीपी को केवल पुलिस की निगरानी में काम करना चाहिए। सीईएसजे ने कहा, ''अप्रशिक्षित व्यक्तियों को शासन करने की अनुमति देना मानव जीवन के मूल्य को कमजोर करता है तथा कानून और व्यवस्था बनाए रखने में सरकार की अक्षमता को उजागर करता है।

सीटी रवि ने हेब्बालकर के खिलाफ अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया: यतींद्र

एजेंसी ◂ मैसुरु
www.dailypioneer.com

कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य एवं कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के पुत्र डॉ. यतींद्र सिद्दारमैया ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य सीटी रवि ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया और उन्हें बेहद आपत्तिजनक शब्दों में संदर्भित किया। डॉ. यतींद्र ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा, जब मैंने सीटी रवि की बातें सुनीं तो मैं चौंक गया। उन्होंने 'फ्रस्ट्रेट' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया जैसा कि कुछ रिपोर्टों में बताया जा रहा है। मैं इस तथ्य का गवाह हूं कि उन्होंने कई बार 'असंसदीय' शब्द का इस्तेमाल किया था। एक नेता के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग करना घटिया और अशोभनीय है। उन्होंने कहा, इसके बारे में सुनने के बाद मैं तुरंत लक्ष्मी हेब्बालकर के पास गया। ऐसे शब्द न केवल व्यक्तियों को अपमानित करते हैं बल्कि भाजपा नेतृत्व के भीतर गरिमा की कमी को भी उजागर करते हैं। इन आरोपों के बारे में पूछे जाने पर कि पुलिस ने रवि की टिप्पणियों को लेकर उनके साथ मुठभेड़ करने का प्रयास किया, डॉ. यतींद्र ने इसे नाटक कहकर खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, इस मामले में भाजपा द्वारा लगाए गए सभी आरोप मनगढ़ंत और नाटकीय हैं। यह जनता का ध्यान भटकाने का एक और प्रयास है। इस विवाद ने राजनीतिक तूफ़ान खड़ा कर दिया है तथा कांग्रेस और भाजपा के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गयी है। भाजपा ने अभी तक डॉ. यतींद्र के दावों पर औपचारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की है।

बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए 206,000 नॉइज बैरियर्स इनस्टॉल

अहमदाबाद। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना ने 103 किलोमीटर लंबे वायडक्ट के दोनों ओर 206,000 नॉइज बैरियर्स इनस्टॉल किये हैं। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) प्रबंध निदेशक विवेक कुमार गुप्ता की ओर से सोमवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रत्येक एक किलोमीटर की दूरी पर वायडक्ट के दोनों तरफ 2,000 नॉइज़ बैरियर्स लगाए गए हैं। परिचालन के दौरान ट्रेन और सिविल संरचनाओं द्वारा उत्पन्न ध्वनि को कम करने के लिए नॉइज बैरियर्स को डिज़ाइन किया गया है। ये नॉइज बैरियर्स ट्रेन द्वारा उत्पन्न वायुगतिकीय शोर के साथ-साथ पटरियों पर चलने वाले पहियों से उत्पन्न ध्वनि को परावर्तित और वितरित करते हैं। प्रत्येक नॉइज़ बैरियर की ऊंचाई दो मीटर और चौड़ाई एक मीटर है तथा इसका वजन लगभग 830-840 किलोग्राम है। आवासीय और शहरी क्षेत्रों में तीन मीटर ऊंचे नॉइज़ बैरियर्स लगाए गए हैं। इनमें दो मीटर कंक्रीट बैरियर के ऊपर एक अतिरिक्त एक मीटर पारदर्शी पॉली कार्बोनेट पैनल शामिल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यात्रियों को अबाधित दृश्यों का आनंद मिल सके।

देवव्रत की अध्यक्षता में मनाया गया राष्ट्रीय किसान दिवस

भावनगर। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की अध्यक्षता में भावनगर के बगदाणा में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया गया। देवव्रत ने बजरंगदासजी सीताराम सनातन संस्थान-बगदाणा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस धरती पर सबका पेट भरने का कार्य किसान करते हैं, किसान सबसे बड़े परोपकारी हैं। उन्होंने आने वाली पीढ़ी की भलाई के लिए किसानों से प्राकृतिक कृषि अपनाने की अपील की और पूज्य बजरंगदास बापा को याद करके उनकी परोपकारी प्रवृत्तियों की सराहना की तथा बालकों को उच्च शिक्षा अपनाने का अनुरोध किया।

उदयपुर में दो दिवसीय युवा महोत्सव आरोहण मंगलवार से

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर शहर में दो दिवसीय युवा महोत्सव आरोहण 24-25 दिसंबर को सुखाडिया विश्वविद्यालय के विवेकानंद संभागार में आयोजित होगा। यह आयोजन गायत्री परिवार की युवा इकाई डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन (दिया) राजस्थान के संयोजन में मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय और यूनिसेफके संयुक्त तत्वावधान में यह युवा महोत्सव आयोजित किया जायेगा।

जलगांव सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

जलगांव। महाराष्ट्र के जलगांव जिले में राजमार्ग पर रविवार रात एक तेज रफ्तार टैंकर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना ज़िले के राजमार्ग के अमलनेर चौकी के पास हुई। मृतकों की पहचान एरंडोल निवासी राजू भोई (46) और शिरसोली, जलगांव निवासी दीपक मोरे (34) के रूप में हुई है। घटना में राजू भोई की मौके पर ही मौत हो गई।

पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता कम करने के लिये 66 सोलर पावर प्लांट स्थापित किये जायेंगे: अरोड़ा

एजेंसी ◂ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के नवीनीकरणीय और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्री अमन अरोड़ा ने बताया कि राज्य को सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी बनाने और पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से पंजाब सरकार द्वारा कुल 264 मेगावाट क्षमता के 66 सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि हर प्लांट चार मेगावाट क्षमता का होगा। अरोड़ा ने मेसर्स वी.पी. सोलर जनरेशन प्राइवेट लिमिटेड को सोलर पावर प्लांट स्थापित करने के लिये लेटर ऑफअवार्ड (एल.ओ.ए.) सौंपा। उन्होंने बताया कि ये प्लांट पी.एस.पी.सी.एल. के 66-के.वी. सब-स्टेशनों के पास लगाये जायेंगे। इस कंपनी को पारदर्शी तरीके से बोली प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया है। इसके बाद पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग (पी.एस.ई.आर.सी.) ने 2.38 रुपये प्रति किलोवाट घंटा की दर पर पी.एस.पी.सी.एल. को 25 साल के पी.पी.ए. के तहत सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने की सहमति दी है। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा का यह वाणिज्यिक प्रोजेक्ट दिसंबर 2025 तक पूरा हो जायेगा। इस प्रोजेक्ट के चालू होने पर सालाना लगभग 400 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन होगा। इस फीडर-आधारित सोलराइजेशन प्रोजेक्ट के लागू होने से कृषि बिजली सब्सिडी में लगभग 176 करोड़ रुपये की सालाना बचत होने की संभावना है। यह प्रोजेक्ट राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में महत्वपूर्ण योगदान करेगा और इसके साथ-साथ ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों पर निर्भरता कम करने के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन को भी घटाएगा। इन सोलर पावर प्लांटों से उत्पन्न ऊर्जा को राज्य में डिस्ट्रिब्यूटेड एनर्जी कंपोनेंट ऑफ रिन्यूएबल पर्चेज ऑब्लिगेशन के तहत लक्ष्यों में शामिल माना जायेगा।

तर्कसंगत आरक्षण नीति के लिए श्रीनगर में मुख्यमंत्री आवास के बाहर करेंगे धरना प्रदर्शन: रुहुल्ला

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद आगा रुहुल्लाह मेहदी आरक्षण नीति के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के आवास के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। मेहदी ने सभी प्रभावित लोगों और बाकी लोगों को धरने का समर्थन करने के लिए आमंत्रित किया है। श्रीनगर के सांसद ने रविवार को एक्स पर विरोध प्रदर्शन की योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा, वह तारीख है जब मैंने उन लोगों के साथ खड़े होने का वादा किया था जो तर्कसंगत आरक्षण नीति की मांग करते हैं।

कार्ति ने काम के घंटों पर नारायण मूर्ति की टिप्पणी का किया विरोध, कहा समय की बजाय दक्षता महत्वपूर्ण

एजेंसी ◂ मदुरै
www.dailypioneer.com

कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने देश में काम के घंटे कम किये जाने को लेकर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की निराशा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि लंबे समय तक काम करने की बजाय दक्षता पर ध्यान दिया जाना चाहिए। मूर्ति ने सीएनबीसी ग्लोबल लीडरशिप समिट में बोलते हुए देश में 1986 में एक सप्ताह में छह कार्यदिवस को घटाकर पांच किये जाने को लेकर गहरी निराशा जतायी थी। कार्ति चिदंबरम ने 'एक्स' पर कहा, दैनिक जीवन एक संघर्ष है, जो अक्षम एवं खराब अवसंरचना और सुविधाओं से जूझ रहा है। अच्छी सामाजिक व्यवस्था और सद्भाव के लिए कार्य जीवन में संतुलन सबसे महत्वपूर्ण है। हमें वास्तव में चार दिवसीय कार्य सप्ताह की ओर बढ़ना चाहिए। सोमवार दोपहर 12 बजे से शुक्रवार अपराह्न दो बजे तक। उन्होंने नारायण मूर्ति की एक पोस्ट साझा करते हुए यह बात कही, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'भारतीयों को त्याग की आवश्यकता है, विश्राम की नहीं। मूर्ति ने पोस्ट में कहा, मैं बहुत निराश हूं क्योंकि भारत छह दिवसीय कार्य सप्ताह से पांच दिन पर स्थानांतरित हो गया है, हां, मैं कार्य-जीवन संतुलन में विश्वास नहीं करता। मैं सुबह 6.30 बजे ऑफिस पहुंच जाता था और रात में लगभग 8.40 बजे निकलता था। मैंने सप्ताह में साढ़े छह दिन और प्रतिदिन 14 घंटे काम किया। इंफोसिस के सह-संस्थापक ने कहा, मुझे खेद है, मैंने अपना विचार नहीं बदला है। मैं इसे अपने साथ अपनी कब्र तक ले जाऊंगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक समर्पण का उदाहरण देते हुए राष्ट्रीय विकास को आगे बढ़ाने में कड़ी मेहनत के महत्व पर बल दिया। मूर्ति ने कहा कि जब मोदी इतनी मेहनत कर रहे हैं, तो हमारे आसपास जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए अपनी सराहना दिखाने का एकमात्र तरीका उतनी ही मेहनत करना है। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति आराम या विश्राम के बजाय बलिदान और प्रयास पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत कार्य नीति के बिना, राष्ट्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

रावण और कंस की तरह होगा भाजपा सरकार का अंत : अखिलेश

एजेंसी ◂ इटावा
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि रावण और कंस जैसे तानाशाहों की तरह भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा सरकार का अंत होगा। चौधरी चरण सिंह की जयंती के मौके पर चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज हैवरा में आयोजित कार्यक्रम में यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुये कहा कि तानाशाह सरकारें ज्यादा दिन तक नहीं टिकती है। जनता सब कुछ देख रही है, किसी भी दिन बदलाव संभव है। उन्होंने रामायण और महाभारत के उदाहरण देते हुए कहा कि रावण और कंस जैसे तानाशाहों का अंत हुआ और वर्तमान सरकार का भी यही हश्र होगा। संभल में मंदिर मिलने के सवाल पर उन्होने कहा ये ऐसे ही खोदते रहेंगे और एक दिन खोदते खोदते अपनी सरकार खोद देंगे। उन्होने कहा बाबा साहब पूजनीय है, भाजपा के सभी नेताओं को माफी मांगनी चाहिए, प्रदेश में सारे गलत काम, जमीन पर कब्जे भाजपा के लोग के रहे है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये उन्होने तंज कसा ये सब राजनीति से प्रेरित बयान है, ये भाजपा की भूमिगत विचार धारा है। अगर वह (मोहन भागवत) मुख्यमंत्री को एक भी फोन कर दे तो कोई सर्वे और सारे विवाद बंद हो जाएंगे, ये स्टेटमेंट राजनीतिक लाभ के लिए दिए जा रहे है। यादव ने कहा कि जो लोग सत्ता में बैठे हैं, उन्हें लगता है कि उनकी सरकार हमेशा चलती रहेगी, लेकिन जनता सब समझ रही है। लोकसभा में जनता ने अपना हिसाब दिखा दिया, और विधानसभा चुनाव में परिणाम ऐसा आएगा कि उन्हें पता भी नहीं चलेगा। उन्होने कहा कि मौजूदा राजनीति में विपक्ष के सामने बहुत बड़ी चुनौती है क्योंकि सत्ता में बैठे लोगों के पास अपार संसाधन और समर्थन है। संसद के शीतकालीन सत्र की जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में जब सभी दल एकजुट हुए, तब सत्ता पक्ष ने ऐसा बर्ताव किया जो संसद के इतिहास में शर्मनाक है। फर्रुखाबाद के प्रमाण पत्र वाले सांसद ने ऐसा अभिनय किया जो बड़े-बड़े एक्टरों को भी पीछे छोड़ गया। सत्ता ने घटना को तोड़-मरोड़कर पेश किया, और मीडिया ने भी उनकी बात को सच दिखाने का प्रयास किया। यादव ने कहा चौधरी साहब किसानों के सबसे बड़े नेता थे। उन्होंने हमेशा किसानों के भविष्य को बेहतर बनाने पर काम किया। नेताजी (मुलायम) ने चौधरी साहब के साथ काम करते हुए उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाया। यह वही नेताजी थे जिन्होंने ग्रामीण अंचल के बच्चों को शिक्षा और विकास का सपना दिखाया और उसे साकार किया। यह हमारी जिम्मेदारी है कि समाजवादी विचारधारा को नई ऊंचाई तक ले जाएं। नेताजी ने इसी मिट्टी पर खून-पसीना बहाकर समाजवादी पार्टी को खड़ा किया। हमें उनकी विरासत को आगे बढ़ाना है। समाजवादी पार्टी की विचारधारा पर जोर देते हुए उन्होने कहा कि यह देश की इकलौती पार्टी है, जिसके नाम में समाजवाद है। यह विचारधारा नेताजी की मेहनत और संघर्ष से मजबूत हुई है। हमें इसे जन-जन तक पहुंचाना है। पिछले चुनावों में उत्तर प्रदेश की जनता ने समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन को सबसे बड़ा समर्थन दिया। हम इसके लिए जनता का धन्यवाद करते हैं और वादा करते हैं कि उनके हित के लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि यह प्रतिमा उनकी विचारधारा और संघर्ष का प्रतीक है। नेताजी ने कठिन परिस्थितियों में भी किसानों, गरीबों और वंचितों के हक के लिए लड़ाई लड़ी।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत 1.28 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्स्टांसेस (एनडीपीएस) अधिनियम के अंतर्गत शोलीपोरा बडगाम निवासी मुहम्मद यासीन डार के एक आवासीय घर और वाहनों को जब्त किया है, जिसमें एक महिंद्रा स्कॉर्पियो, एक मिनी ट्रक और 45.5 लाख रुपये की अशोक लेलैंड शामिल है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी बडगाम थाने के एनडीपीएस अधिनियम की एफआईआर संख्या 302/2020 यू/एस 8/15 और खानसाहिब पुलिस स्टेशन के एनडीपीएस अधिनियम के 134/2021 यू/एस 8/15 मामले में शामिल है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत, एक युवक गंभीर

दतिया। मध्यप्रदेश के दतिया जिले में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मोटरसायकल सवार तीन युवकों में से दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के बड़ौनी थाना क्षेत्र के कमथरा तिराहे पर कल रात एक मोटरयासकल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में जिले के रावकला गांव के निवासी रमाकांत, मौसम और सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों युवकों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ रमाकांत और मौसम की मौत हो गई। अस्पताल के चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल सौरभ को बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

जालंधर में बनेगा आप का मेयर, नगर निगम में मिला बहुमत

जालंधर। पंजाब में जालंधर नगर निगम में आम आदमी पार्टी (आप) का मेयर बनने का रास्ता साफहो चुका है। कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी और दो निर्दलीय समेत पांच पार्षद आप में शामिल हो गए जिसके बाद अब नगर निगम में आप ने बहुमत के जादुई आंकड़े को छू लिया। आप नेताओं एवं कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ, डॉ रवजोत सिंह और मोहिंदर भगत की उपस्थिति में पांचों पार्षद आप में शामिल हुए। अब नगर निगम में आप के कुल 43 पार्षद हो गए हैं और मेयर बनाने के लिए भी इतने ही पार्षदों की जरूरत होती है।

कोमटपल्ली के जंगलों से माओवादियों के हथियार बनाने की सामग्री एवं उपकरण बरामद

बड़े चट्टानों के बीच में छुपा कर रखे हथियार बनाने के उपकरण

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत वाटेवागु में नवीन कैम्प की स्थापना के बाद 23 दिसंबर को डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ, कोबरा 205, 210 एवं केरिपु की संयुक्त टीम कोमटपल्ली की ओर निकली थी । सर्चिंग के दौरान संयुक्त टीम के द्वारा कोमटपल्ली जंगल-पहाड़ में माओवादियों के द्वारा बड़े चट्टानों के बीच में छुपा कर रखे हथियार बनाने के उपकरण और सामग्री बरामद किया गया । सुरक्षा पार्टी द्वारा बरामद किये गये माओवादी डम्प में गैस वेल्डिंग मशीन मय नोजल, आक्सीजन सिलेण्डर, गैस वेल्डिंग में उपयोग आने वाला पावडर- 08 डिब्बा, इन्वर्टर-01 नग, स्टेबलाईजर 05 नग, स्टील कंटेनर 03 नग, कमर्सियल मोटर 03 नग, ब्लोवर (धौकनी मशीन)-02 नग, ग्लेण्डर मोटर-01 नग, वेल्डिंग राड 200 नग , टुकड़ा लोहे का राड छोटा बड़ा 3-3 नग, खाली मैग्जीन 03 नग, इलेक्ट्रिक स्वीच- 65 नग, रायफल सिलिंग -08 नग एवं 02 नग पोच बरामद किया गया । कैम्प स्थापना के बाद क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध अभियान तेज किया गया है।

माओवादियों के सबसे विशाल स्मारक को किया गया ध्वस्त

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

कैम्प वाटेवागु के स्थापना के बाद डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 210, 205 , बीडीएस एवं केरिपु की संयुक्त टीम द्वारा 23 दिसंबर को ग्राम कोमटपल्ली के जंगल में स्थापित माओवादियों के 62 फिट ऊँचे स्मारक को ध्वस्त किया गया । मौके पर अभियान दल के साथ उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट कोबरा 210 अशोक कुमार, कमांडेंट कोबरा 205 नरेश् पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, कमांडेंट् 222 विजेंद्र कुमार, डीएसपी हंत कुमार सिंह, डीएसपी तिलेश्वर एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित थे ।

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम-उल्लास के कार्यक्रम अंतर्गत जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोंडागांव के अध्यक्ष एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत और उपाध्यक्ष अविनाश भोई मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव के मार्गदर्शन में शहर के बंधा तालाब उद्यान में उल्लास चौपाल लगाया गया। उल्लास चौपाल में उपस्थित लोगों को जिला परियोजना अधिकारी वेणुगोपाल राव ने उल्लास केन्द्र व उनके कार्य की जानकारी दी और साक्षर भारत बनाने में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को उल्लास शपथ भी दिलाई। इससे पूर्व विकासखण्ड कोंडागांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसोरा के विद्यार्थियों ने साक्षरता रैली निकालकर शिक्षा का महत्व बताया और ग्राम पंचायत मसोरा में 'उल्लास शपथ' दिलाया गया। साथ ही उल्लास नारे व आह्वान गीत और स्वच्छता व जल संरक्षण पर जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर से व्याख्याता हेमधर साहू बीएड व एचडब्ल्यूबी रेंजर लीडर परमेश्वरी साहू ने गीत, नारे व नृत्य से उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम, उल्लास के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में विशेष सहभागिता दी। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मसोरा के प्राचार्य व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गोविन्द नायडू, बीपीओ साक्षरता कोंडागांव उपस्थित रहें।

किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर विकासखंड के किसानों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपने विभिन्न मांगों एवं समस्या को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सोपा है। जिसमे बताया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 14 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ है किन्तु खरीदी निरंतर न होने के कारण किसानों को अपनी फसल विक्रय करने में अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण हम समस्त किसान भाई मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान है। उन्होनें बताया है कि धान खरीदी 3100 रूपये में किया जाय। टोकन व्यस्था में सुधार किया जाय।धान का उठाव तय सीमा में किया जाय।लैम्प्स समितियों में संचालक बोर्ड का चुनाव किया जाय। छूटे हुए किसानो के पंजीयन किया जाय।तरान्दूल, बासला, भीरागांव, चिल्हाटी, चिचगांव में नवीन धान केन्द्र खोला जाय। केन्द्र द्वारा रूक्क 117 रूपये के हिसाब से 3217 रूपये दिया जाय। 21 क्विंटल की खरीदी पूरा किया जाय। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की 4 किस्त भुगतान किया जाय।

कृषक बीमा योजना लागू किया जाय।राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत भूमि समतलीकरण तत्काल चालू किया जाय।

सुशासन पखवाड़ा अंतर्गत फरसगांव में हुआ किसान सम्मेलन सह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

सुशासन का एक साल-छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल तहत कृषि संबंधी शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं, कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों का विगत एक वर्ष में महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी आम कृषक एवं सामान्य जनमानस को अवगत कराने की उद्देश्य से आयोजित सुशासन पखवाड़ा में किसान सम्मेलन सह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन विशिष्ट अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम की गरिमामय उपस्थिति में सामुदायिक भवन फरसगांव में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से कृषक उन्नति योजना, जिसके अंतर्गत 3100 रुपए 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी, क्रेडिट कार्ड इसके अलावा कार्यक्रम में उद्यान विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुधन विकास विभाग, कृषि विकास एवं किसान कल्याण और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र एवं सहकारिता विभाग के द्वारा अपने विभिन्न विभागीय योजनाओं की कृषकों को जानकारी दी गई। इसके अलावा कृषकों से समसामयिक विषयों परपरिचर्चा करते हुए विशेष रूप से उन्हें मृदा नमूना जांच एवं यंत्रों के रखरखाव के बारे में जानकारी दी गई। कृषकों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के छत्तीसगढ़ की जनमानस के लिए जारी संदेश विष्णु की पाती का वाचन एवं वितरण कृषकों को किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड फरसगांव के कृषि एवं संवर्गी विभाग के 500 से अधिक कृषक उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक टेकाम द्वारा अपने उद्बोधन में कृषकों को शासन की योजनाओं के बारे में बताते हुए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का आह्वान करते हुए अन्नदाता के रूप में कृषकों का आभार भी प्रकट किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत फरसगांव अध्यक्ष गणेश दुग्गा, जनपद पंचायत फरसगांव उपाध्यक्ष सुखलाल मरकाम द्वारा भी कृषकों को संबोधित किया। इस मौके पर जनपद सदस्य मंजूलता, पार्षद मानसाय निषाद, मूलचंद पांडे, शैल सेठिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अगले चरण में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन,एवं मत्स्य पालन में उत्कृष्ट कृषकों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

सुशासन का एक साल, आंगनबाड़ी केंद्रों में हुआ विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 से 20 दिसंबर के मध्य 1830 आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुर्सी दौड़ एवं अन्य खेलों, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय महिलाओं और महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिधि, गणमान्य नागरिक भी उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, घरेलु हिंसा से महिलाओं के संरक्षण हेतु कानून एवं प्रावधान, सखी वन स्टॉप सेंटर तथा कार्य स्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न से संक्षण हेतु प्रावधानों से भी जनसामान्य को अवगत कराया गया। सेक्टर स्तरीय आयोजनों में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को सम्मानित किया गया।

एमएमडब्ल्यू यूनियन की त्रैवार्षिक अधिवेशन भिलाई में सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

सिविक सेंटर भिलाई निवास भवन में मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) की केंद्रीय कार्यसमिति की त्रैवार्षिक अधिवेशन निर्वाचन डॉ संजय सिंह महामंत्री राष्ट्रीय इंटक एवं प्रदेशाध्यक्ष इंटक छत्तीसगढ़ इंटक के मुख्य आतिथ्य उपस्थिति में संपन्न हुआ। उपरोक्त अधिवेशन निर्वाचन में मुख्य चुनाव अधिकारी के वंश बहादुर सिंह एवं चुनाव पर्यवेक्षक संजय साहू के संचालन एवं कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।उक्त अधिवेशन में सर्वसम्मति से केंद्रीय कार्य समिति मेटल माईंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) के अध्यक्ष पद पर पुनः अभय सिंह इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष को निर्वाचित किया गया एवं महासचिव पद पर पुनः आशीष यादव सचिव एमएमडब्ल्यू इंटक बचेली शाखा को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। इंटक शाखा किरंदुल से केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष पद पर विनोद कश्यप अध्यक्ष एवं ए के सिंह सचिव इंटक शाखा किरंदुल निर्वाचित हुए।

कोंडागांव महाविद्यालय के 7 छात्र-छात्राओं का अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव एमए प्रथम वर्ष के छात्रा सावित्री मंडावी, रमिता सोरी बीए तृतीय वर्ष, सुशीला नेताम बीए तृतीय, बेनिका बघेल बीएससी द्वितीय वर्ष, चंचला पोयाम बीएससी प्रथम, रंजू सोरी बीए प्रथम वर्ष और आर्यन साहू बीएससी द्वितीय वर्ष का चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह सभी छात्र छात्राओं का दल शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय जगदलपुर (बस्तर) तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन तीरंदाजी प्रतियोगिता 25 से 27 दिसंबर तक कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर ओडिशा में आयोजित है। उक्त खेल प्रतियोगिता में पूरे भारत के सभी विश्वविद्यालय की टीमें हिस्सा लेंगी। महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी एचआर यदु ने बताया कि, हमारे महाविद्यालय के तीरंदाजी दल खेलों इंडिया के कैंप में निरन्तर अभ्यास कर रहे हैं जिसका परिणाम है की महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओ में हो रहा है। खिलाड़ियों का लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सीआर पटेल एवं समस्त प्राध्यापक, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल व उपमुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पिछड़े वर्ग के आरक्षण में कटौती से समाज आक्रोषित, सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग द्वारा स्थानीय निकाय व पंचायत में पिछड़े वर्ग के आरक्षण में कटौती को लेकर आक्रोषित है। सोमवार को संभाग के सभी जिलों मे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल व उपमुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा है। पिछड़े वर्ग समाज ने चार मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया हैं जिसमें पहले क्रम में पंचायती राज अधिनियम के तहत् 2024 में आरक्षण को संशोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग समाज के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत को शिथिल करते हुए 50 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है, जो बस्तर संभाग संभाग एवं दुर्ग संभाग के दो जिले मोहला मानपुर एवं बालोद जिला के पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए लगभग शून्य हैं क्योंकि 50 प्रतिशत आरक्षण बस्तर एवं सरगुजा संभाग को नहीं मिल पा रहा है। पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में सीटों का आरक्षण लागू किया जा रहा हैं। आरक्षण रोस्टर के अवलोकन से स्पष्ट हैं कि, विगत चुनाव के मुकाबले 2024 के आरक्षण रोस्टर में ओबीसी वर्ग के सीटों की संख्या काफी कम हुई है। ऐसा आरक्षण किस आधार पर हुआ हैं। इसका भी ज्ञान ओबीसी समुदाय को नहीं हो पा रहा है। आरक्षण व्यवस्था पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है जिसका सुधार किया जाना अति आवश्यक है। बस्तर संभाग के अलावा मानपुर एवं बालोद जिला में निवासरत पिछड़ा वर्ग समाज के अधिकारों के साथ पूरी तरह से खिलवाड़ है हमारे वर्ग के साथ छलावा है, जिसके फलस्वरूप ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका एवं नगर निगमों में पिछड़ा वर्ग समाज के सीटों में कटौती करते हुए अनारक्षित किया गया है। अवगत हो कि, शासन के उक्त निर्णय से पूरा पिछड़ा वर्ग समुदाय नाराज एवं आक्रोशित है। समाज प्रमुखों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से आग्रह हैं कि, यथाशीघ्र पुनर्विचार करते हुए अनारक्षित सीटों में की गई बढ़ोतरी को कम करते हुए पिछड़ा वर्ग समाज हेतु सीटों को आरक्षित करने का कष्ट करेंगे।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आम नागरिकों की जनसमस्याओं से अवगत हुए। जनदर्शन में ग्राम माकड़ी निवासी मंगलराम ने उनकी जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कब्जा कर फसल लगाने की शिकायत की। कलेक्टर ने उनकी शिकायत पर एसडीएम कोंडागांव को जांच हेतु निर्देशित किया। ग्राम पंचयत नवागांव के अंतर्गत ग्राम खोड़सानार के ग्रामीणों ने मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से हो रही परेशानियों की जानकारी देते हुए मोबाईल टॉवर लगाने की मांग की। ग्राम पेण्ड्रावन निवासी मयाराम एवं उनके परिवार ने उनके पैतृक जमीन पर कब्जा होने पर सीमांकन की मांग की। उनकी मांग पर एसडीएम केशकाल को निर्देशित किया। इसके अलावा विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर कई आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

गुमसुदा व्यक्ति की तालाश

नाम – कमलेश राजवाड़े
पिता – श्री गुलाब राजवाड़े
ग्राम – मदनेश्वरपुर,
पो. मदनेश्वरपुर,
पो. भुनेश्वरपुर थाना व तह0 रामानुजनगर
जिला – सुरजपुर (छ0ग0) का मूल निवासी है। जिसका मांसिक हालात ठीक नही है, तथा पुछने पर अपना नाम बता सकता है।
दिनांक 22/07/2024, दिन–सोमवार, समय दोपहर 3 बजे से उम्र 24 वर्ष हाईट 5.5 इंच लाल फूल शर्ट, भूरा लोवर और खाली पैर भारतमाता चौक तेलीबांदा रायपुर, से गुम हो गया है।
किसी व्यक्ति को मिले तो सम्पर्क करें।
मो. 6264106825, 9165027062
बताने वाले व्यक्ति को 5000/- (पांच हजार रूपये) दिया जायेगा।

शिकवा शिकायत के बाद भी किसानों से अधिक धान लेने का खेल जारी

प्रति क्विंटल में 1 किलो से अधिक धान लेकर किसानो को 62 लाख नुकसान पहुंचा चुके है खरीदी प्रभारी और अधिकारी

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लगातार शिकवा शिकायत के बाद भी किसानों से अधिक धान लेना बंद नहीं हो पाया है यह खेल खासकर देवभोग ब्लॉक के झिरीपानी और खोकसरा में भी 41 किलो 200 से 300 ग्राम धान लिया जा रहा है फिर भी ना जिम्मेदार अधिकारी गंभीर हैं और ना स्थानीय प्रबंधन गौरतलब हो शासन द्वारा निर्धारित 40 किलो की बोरी में 40 किलो और बोरी का अलग से 500 ग्राम लिया जाना तय है मगर उपार्जन केंद्र प्रभारी कथित सूखती से बचने के लिए किसानो बहला फुसलाकर उनसे 1 किलो अधिक धान ले रहे हैं हालांकि पायनियर में समाचार प्रकाशन के बाद कुछ दिनों तक खरीदी प्रभारी निर्धारित धान लेते रहे स्थानीय प्रशासन की ढुलमूल रवैया से अब पुनः किसानो के बीच लुट मचाने का खेल चालू कर दिया है इसी तारतम्य में झिरिपानी के उपार्जन केंद्र में तौलाई धान को पुनः तौलाई करने पर 41 किलो 250 ग्राम अधिक धान रहा इसी तरह खोकसरा का भी हाल है यहां भी तय किलो से अधिक धान लिया जा रहा है बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी सरंक्षण देते आंख मूंदे बैठे हुए हैं शायद यही वजह है कि किसानों से अधिक धान लेने का खेल बंद नहीं हो पा रहा है जबकि ऐसे ही खेल से बोकस धान खरीदी होने की पूरी संभावना बनती है और यह खेल को समझे किसान अधिक धान लेने का विरोध करने की स्तिथि तौलाई में लेट लतीफ बारदाना जैसे के लिए घुमाया जाता है शायद यही वजह है कि अधिकतर किसान अपने साथ हो रहे छलावा को देखकर भी खामोश होने को मजबुर दिखाई पड़ते है सबसे खास बात तो यह है कि किसानों से अधिक धान लेने की वस्तु स्तिथि से एसडीएम तहसीलदार प्रबंधक सहित तमाम अधिकारी अवगत हैं फिर भी अन्नदाताओं के बीच लूट पर विराम नहीं लग सका ऐसे में अधिकारियों का सरंक्षण का आरोप को वाजिब माना जा रहा है

डीके महाविद्यालय में गणित दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदा बाजार में गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें निबंध प्रतियोगिता, क्विज कंपटीशन, ऑनलाइन क्विज, मैथ्स रेस और रंगोली प्रतियोगिता ,पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रमुख थे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी. जेम्स की अध्यक्षता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वंदना सूद थीं। उनके साथ डॉ. पी. झा, डॉ. यू.के. मिश्र, और डॉ. राजेंद्र मिश्रा, नीरजा ,नामदेव, स्निग्धा नामदेव,लकेश्वरी साहू ,कंचन कश्यप, प्रियांशु शर्मा, जयशंकर साहू जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे।वंदना सूद ने गणित के रोचक ट्रिक्स और नए-नए तरीकों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. ए.आर .सी.जेम्स ने गणित के महत्त्व और इसके जीवन में उपयोग पर प्रकाश डाला। साथ ही, डॉ. पी. झा ने गणित के नए आयामों और शोध की संभावनाओं के बारे में जानकारी साझा की, जो छात्रों के लिए बेहद ज्ञानवर्धक रही। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के उत्साह और उनके सक्रिय भागीदारी से सफल रहा। महाविद्यालय परिवार की ओर से इस आयोजन में योगदान देने वाले सभी छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों का शुभकामनाएं दिया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में उपस्थित हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर इकाई दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर के द्वारा विशेष शिविर ग्राम भौरादादर में आयोजन के तृतीय दिवस में शिविर संचालकपी पटेल एवं कार्यक्रम अधिकारी आर. के. पटेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ! शिविर के तृतीय दिवस में बौद्धिक चर्चा के लिए विशेष रूप से विनय कुमार साहू (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सराईपाली एवं पूजा पटेल साहू (छ.ग. लोक सेवा आयोग परीक्षा न्यायिक मजिस्ट्रेट पद पर चयनित 25 वाँ रैंक) एवं राजेश महाणा -अधिवक्ता उपस्थित थे। बौद्धिक चर्चा के दौरान विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा अपने उद्बोधन में भारतीय न्याय व्यवस्था, वर्तमान न्याय, क़ानून की जानकारी दिये। एवं पूजा पटेल साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट सराईपाली द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाओं में कैसे सफलता प्राप्त करना है इस पर विशेष रूप से चर्चा किये। और उपस्थित सभी

रा.से.यो. के सेवक, सेविकाओं से सवाल जवाब भी किये। इस शिविर में उपस्थिती राजेश महाणा ने अपने उदबोधन में क्राइम से बचने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा एवं उपाय बताये! रा. से. यो. शिविर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर स्थल मे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमे डॉ. संजय साहू, बी.डी.एस., डॉ. आदित्य कुमार शिवहरे नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉ. गुलाब पटेल चर्मरोग, डॉ. प्रेम साहू स्त्रीरोग, एवं डॉ. योगेश बरिहा विशेष रूप उपस्थित थे। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाम ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर लिया! रा. से यो. के इस विशेष शिविर में ग्रामीण जनों की ओर से आर आर पटेल, ईश्वर प्रसाद पटेल, प्रहलाद पटेल, श्याम सुन्दर चौधरी सी.आर. जायसवाल, एल. के. सिदार आदि उपस्थित थे!

नगर पालिका एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण हुआ शुरू, 6 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारी होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन दीपक सोनी के निर्देश में आगामी नगर पालिका एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दलों का प्रथम चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से शुरू हुआ है। जिसमें दो दिनों में कुल 6097 अधिकारी कर्मचारी हिस्सा लेंगे। प्रशिक्षण में किसी भी अधिकारी कर्मचारियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को दिए हैं। उक्त प्रशिक्षण नगरीय निकायों में आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम पं. चक्रपाणि शुक्ल विद्यालय बलौदाबाजार 160, गजानंद अग्रवाल

स्नाकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा 320,स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल सिमगा में 80,बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी 80,पी एम शासकीय हाई स्कूल, लवन 80, स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल 80,शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल टुण्डरा 80 एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहांसी में भी 80 अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षण लेंगे। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत के लिए जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत सेक्रेट हार्ट हाई स्कूल बलौदाबाजार में 1735, स्वामी आत्मानंद स्कूल पलारी 978, पंचम दीवान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा 780, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मध्यम स्कूल सिमगा 1035, कसडोल अंतर्गत डी ए वी ह्यउच्चतर माध्यमिक विद्यालय छरछेद 1569 में शामिल होंगे।

किसान पैरा न जलाएं, करें समुचित प्रबंधन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

धान कटाई के पश्चात् बचे पैरा को किसान भाई लोग काटना जरूरी नहीं समझते, फसल के ऐसे अधकटे हिस्से को अनुपयोगी मानते हैं और नई फसल की तैयारी कि लिए खेत में शेष पैरा (फसल अवशेष) को जला देते हैं। पैरा जलाने से कृषि पर्यावरण और स्वास्थ्य पर दुषप्रभाव पडता है। वही पैरा (फसल अवशेष) के समूचित प्रबंधन से मृदा एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य संरक्षण संभव है। पैरा जलाने के दुषपरिणाम पैरा जलाने से वायु मण्डलीय प्रदुषण बढता है, इसके जलने से कार्बन मोनो-ऑक्साईड,मिथेन, पॉलीसाइक्लीक एरोमैटिक हाईड्रोकार्बन और वाष्पशील कार्बनिक यौगिक जैसी विषैली गैसो का उत्सर्जन होता है। इस प्रदुषण के आसपास के क्षेत्रों में स्मौग या धुम्र कोहरे की मोटी परत तैयार होती है जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पडते हैं जैसे कि, त्वचा और आंखो में जलन से लेकर गंभीर हृदय और स्वास्थ्य संबंधी रोग देखने को मिलते हैं। पैरा जलाने से मृदा पर भी विपरित प्रभाव पडता है।

यह मृदा में नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम जैसे आवश्यक पोषक तत्वों को नष्ट कर देता है। पैरा जलाने से मृदा का तापमान बढ़ता है, जिससे मृदा में उपलब्ध सूक्ष्म जीव विस्थापित या नष्ट हो जाते हैं। पैरा का उचित प्रबंधन पैरा से आर्गेनिक खाद बनाया जा सकता है। इससे मृदा की उर्वरक शक्ति भी बढ़ती है। आधुनिक यंत्र जैसे कि मल्चर, हैप्पी सीडर तथा सुपर सीडर का उपयोग करके पैरा को मिट्टी में मिला जा सकता है या बेलर का उपयोग करके पैरा का बंडल तैयार कर चारा के रूप में संग्रहित किया जा सकता है। पैरा का उपयोग कर विभिन्न प्रकार के उत्पाद भी बनाया जा सकता है जैसे कि डिस्पोजल प्लेट, कप, ग्रामीण क्षेत्रों में छप्पर निर्माण, पैकेजिंग सामग्री, कागज तैयार करने के लिए, बायो एथेनॉल तैयार करने के लिए एवं प्लाई उद्योग में भी उपयोग किया जा सकता है। बड़े उद्योगो में इंधन के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है। धान के पैरा का यूरिया से उपचार करके पशु चारे के रूप में उपयोग कर सकते हैं। पैरा से खाद कैसे बनाएँ: किसान भाई पैरा के निस्तारण के लिए अब डी-कंपोजर का उपयोग कर सकते हैं। यह एक किफायती और पर्यावरणीय रुप से सुरक्षित तरीका है। इस विधि में 200 लीटर पानी में 2 किलो गुड़ और 2 किलो चने का बेसन मिलाकर एक घोल तैयार किया जाता है।

महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान सम्मेलन सांस्कृतिक भवन छुरा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र रोहित साहू ने कार्यक्रम में शामिल होकर महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा तोकेष्वरी मांझी ने किया। विधायक साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटियों को अमल में लाने का कार्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है। आज महिलाएं अपनी छोटी जरूरतों के लिए परिवार पर आश्रित नही है । चाहे अपने व बच्चों के स्वास्थ्य व सुपोषण की बात हो या अपनी बिटिया के सुनहरे भविष्य को लेकर सुकन्या समृद्धि में खाता खुलवाने की बात हो चाहे बचत करके किसी रोजगार से जुड़कर स्वालबंन होने की बात हो उन महिलाओं के लिए यह योजना वरदान साबित हो रहा है । आगामी समय में भी यह योजना जारी रहेगा । विधायक द्वारा उपस्थित हितग्राहियों द्वारा योजना के संबंध में उनके अनुभव की खुब प्रशंसा की गई। जिला कार्यक्रम में अधिकारी अशोक पाण्डेय ने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान सम्मेलन के उद्देष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिले में करीब 1 लाख 83 हजार महिला इस योजना से लाभान्वित हो रहे है । प्रतिमाह 1 हजार के मान से राशि उन्हें अंतरित हो रही है।

छक्कों की बरसात के साथ दल्ली राजहरा सेमीफाइनल में

पायनियर संवाददाता ➤ कुरुद
www.dailypioneer.com

टॉरनेडो क्रिकेट क्लब कुरुद के तत्वाधान में आयोजित सफेद लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा दिन छक्कों की बरसात के साथ समाप्त हुआ, खेले गए साथ माचो में कुल 46 छक्के पड़े, दिन भर दर्शकों ने बेहद खुशनुमा माहौल में सभी मैच का आनंद लिया, स्वर्गीय विनोद गोस्वामीकी स्मृति में आयोजित उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन की शुरुआत स्थानीय मंदरौद की टीम वर्सेस रायपुर के बीच हुआ जिसमें मंदरौद ने एक रन से जीत हासिल की, दूसरा मैच राजनांदगांव वर्सेस बिलासपुर के बीच हुआ जिसमें राजनांदगांव ने 11 रनों से जीत हासिल की , तीसरा मैच कुरूद असीम वर्सेस भाटापारा क़ा हुआ जिसमें भाटापारा ने 20 रनों से जीत हासिल की, चौथा मैच उड़ीसा और दल्ली राजहरा के बीच खेला गया जिसमें दल्ली राजहरा ने 27 रनों से जीत हासिल की, पांचवा मैच मंदरौद वर्सेस राजनांदगांव के बीच खेला गया जिसमें मंदरौद ने 11 रन से मैच को जीत लिया, छठवा मैच दल्ली राजहरा वर्सेस भाटापारा के बीच खेला गया जो सर्वाधिक दिलचस्प में था जिसमें इस टूर्नामेंट के सर्वाधिक स्कोर 78 रन बने और भाठापारा ने -10 रन बनाएं , इस तरह दल्ली राजहरा 88 रनों की जीत हासिल की, इस मैच में दल्ली राजहरा ने सर्वाधिक 12 छक्के लगाए। सातवां मैच जो कि इस टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच था जो की दल्ली राजहरा और मंदरौद के बीच खेला गया, इसमें दल्ली राजहरा ने 22 रन से मैच को जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, के प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ व्यापारी नवल किशोर केला, रामकुमार सिन्हा जी, नवीन यादव जी, विकास चंद्राकर जी, रामप्यारी साहू, मनोज टंडन जी, संजू चैनवानी, कमल शर्मा थे। आज के अम्पायर जगप्रीत और अमन तथा स्कोरर आर्यन थे।

वृहद महतारी वंदन समारोह में महिलाओं का किया गया सम्मान

हमारी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आत्मसम्मान दिलाने प्रतिबद्ध : मंत्री वर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह अंतर्गत सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में विधानसभा स्तरीय वृहद महतारी वंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का शाल - श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मंत्री वर्मा ने बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाई। समारोह को सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर महिलाओं को सम्मनित करने सभी विधानसभा में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हमारी सरकार मातृ शक्तियों को पहचान दिलाने, आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके आत्मसम्मान के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के सम्मान के लिए हर घर में शौचालय निर्माण कराया, पेयजल की सुविधा के लिए जलजीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंच रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्का मकान एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से रसोई गैस मिल रही है। हमारी सरकार ने राशन कार्ड में महिलाओं को मुखिया बनाया है। उन्होंने कहा कि अब पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है जिसमें समूह की महिलाएं बैठक आदि कर सकेंगी। महतारी सदन में पानी बिजली एवं बॉउंड्री वाल की भी सुविधा होगी। इसीतरह अब गांव गांव में प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। जिनको अब तक आवास स्वीकृत नहीं हुआ है उन्हें अगले 4 साल में स्वीकृत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की जिम्मेदारी गृहस्थी संभालने के साथ ही बच्चों को संस्कारवान बनाने की भी। बच्चे की गलती पर मौन सहमति न दें बल्कि सही रास्ता दिखाएं।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण की संशोधित समय सारणी जारी

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पदो के आरक्षण के लिए संशोधित समय - सारणी जारी की गई है। इसके तहत ग्राम पंचायतो के सरपंच, पंच पदो के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 28 दिसम्बर 2024 को जिले के सभी जनपद पंचायतों में सुबह 10 बजे की जायेगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य, जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 29 दिसम्बर 2024 को जिला मुख्यालय में वन विभाग ऑक्शन हॉल में स्वयं विहित प्राधिकारी कलेक्टर जिला गरियाबंद द्वारा जिले के आम नागरिकों की उपस्थिति में की जायेगी। आरक्षण की प्रक्रिया प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगी। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं जनपद निर्वाचन क्षेत्र तथा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु आम सूचना 23 दिसंबर 2024 को जारी कर दी है। उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही सम्पन्न कराने के निर्देश दिये है। आरक्षण संबंधी सम्पूर्ण कार्यवाही का समय - समय पर जनसाधारण की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आम सूचना समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों, तहसील कार्यालयों, जनपद कार्यालयों, ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं ग्राम पंचायत के सहज दृश्य स्थलों पर चस्पा कराने एवं इस संबंध में मुनादी कराने हेतु समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है।

मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ का निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न, प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा

पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष बनने का गौरव रामसेवक पैकरा पूर्व गृहमंत्री को प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि आज 23 दिसंबर को मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ का प्रथम निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा और आजीवन सदस्य ओमप्रकाश दुबे ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा। जिसमें निर्णय रामसेवक पैकरा के पक्ष में आया।इस अवसर पर मंत्री मती लक्ष्मी राजवाड़े ने नव निर्वाचित अध्यक्ष को अपनी शुभकामनाएं दी इसके साथ ही प्रदेश के साथ साथ सूरजपुर जिले व जिलेवासियों का सतत् विकास हो इसके लिए मां कुदरगढी से मनोकामना मांगी। मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ के अध्यक्ष बनने पर रामसेवक पैकरा ने उपस्थित जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, विश्वास दिलाया कि लोक आस्था की देवी मां कुदरगढ़ी में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सर्व सुविधा युक्त वातावरण का निर्माण किया जाएगा ताकि उनका दर्शन सुलभ व सफलतापूर्ण संपन्न हो। उन्होंने कहा ट्रस्ट मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कार्ययोजना बनायेगा और उसका सफल क्रियान्वयन करेगा। विधायक भूलन सिंह मरावी ने भी आज के दिन को महत्वपूर्ण क्षण बताया इसके साथ ही उन्होंने कहा मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ के माध्यम से मंदिर व उसके आसपास के क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास होगा। ट्रस्ट मेला के पूर्व अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप ने भी पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा को नवीन अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी। बाबूलाल अग्रवाल ने अपनी प्रक्रिया प्रदर्शित करते हुए कहा कि ट्रस्ट ने पूर्ण आकार ले लिया है जिसे निसंदेह क्षेत्र का क्रमबद्ध विकास होगा। इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने भी उपस्थित जनों को संबोधित किया उन्होंने कहा ट्रस्ट के पूर्ण होने पर योजनाबद्ध तरीके से श्रद्धालुओं की इच्छा व आवश्यता अनुरूप मंदिर व उसके क्षेत्र का विकास होगा। जिसमें आगे भी प्रशासन का सहयोग रहेगा। इस दौरान ट्रस्ट के निर्वाचन की प्रक्रिया में बाबूलाल अग्रवाल, पूर्व मेला अध्यक्ष भुवन भास्कर प्रताप सिंह, आजीवन सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, समाजसेवी सुभाष गोयल, रामेश्वर प्रताप सिंह, ठाकुर राजवाड़े, बैगा रामकुमार बंछोर, राजेश महलवाला, प्रकाश दुबे, ओंकार पांडेय, प्रवेश गोयल, बलराम सोनी, राजेश तिवारी, प्रदीप द्विवेदी, आशीष प्रताप सिंह, अजय तिवारी, सावन गोयल, शांतनु प्रताप सिंह, लोकेश गुर्जर, लाल संतोष सिंह, संस्कार अग्रवाल, शंभूदयाल अग्रवाल, प्रमोद जैन, शैलेश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, सुनील साहू, रंजन सोनी, भोले अग्रवाल, अंशुल गोयल, अमन प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार अग्रवाल, दीपेंद्र सिंह चौहान, नेहा तिवारी, मुकेश अग्रवाल, शशांक प्रताप सिंह, हेमेंद्र गुर्जर, अभय प्रताप सिंह, विजय गुर्जर, अभय गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल, आयुष गोयल सहित काफी संख्या में मां बागेश्वरी देवी लोक न्याय ट्रस्ट के आजीवन सदस्य ट्रस्टीगण उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन के एम पाठक एवं आभार भैयाथान एसडीएम सागर सिंह ने किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में जनपद सीईओ डॉ. नृपेन्द्र सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

आयुक्त ने अटल परिसर, कांजी हाउस एवं एस.एल.आर.एम. सेंटर का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ने निगम के अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण करने सुबह-सुबह ही पहुंच गये। निगम भिलाई के नेहरू नगर चैंक स्थित अटल परिसर, आधुनिक सामुदायिक सुलभ शौचालय, एस.एल.आर.एम. सेंटर एवं नेहरू नगर स्थित सी.एन.डी. वेस्ट से बनने वाली सामग्री के प्लांट का निरीक्षण किये। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए कि जो भी कार्य कराए जा रहे है, शासन के नियमानुसार गुणवत्ता में कोई कमी न आए एवं कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाये। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय नेहरू नगर स्थित जी.ई.रोड किनारे नेहरू प्लेनेटेरियम के बगल में प्रस्तावित अटल परिसर का निरीक्षण किए। योग, राशि, जीम, बाल उद्यानों के साफ-सफाई, पौधो में पानी सिंचाई व्यवस्था को देखे। वहां से होते हुए कोसा नगर स्थित कांजी हाउस पहुंचे, वहां पर आवारा पकड़े गये मवेशियो के चारा-पानी व्यवस्था को अच्छे ढंग से करने के लिए संबंधित एजेंसी को फटकार लगाए। बीमार पड़े मवेशियो की चिकित्सा हेतु संबंधित डॉक्टर से बात कर शीध्र ईलाज करने के निर्देश दिए। नेहरू नगर एस.एल.आर.एम. सेंटर के समीप निर्माणाधीन सी.एन.डी. वेस्ट प्लांट को देखे। प्लांट का निर्माण गुणवत्तापूर्ण व समय पर पूरा करें। इसके लिए संबंधित एजेंसी को नोटिस देने के लिए निर्देशित किए। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर संबंधित अधिकारी एवं एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त पाण्डेय ने नेहरू नगर चैंक स्थित आधुनिक सामुदायिक सुलभ शौचालय का अवलोकन किए। जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्शेना को निर्देशित किए कि साफ-सफाई प्रतिदिन हो, पानी निकासी की समुचित व्यवस्था हो। दिव्यांगो के लिए चलने एवं उनके लिए उपयुक्त सुलभ शौचालय भी हो। एस.एल.आर.एम. सेंटर में महिलाओ द्वारा बनाये जा रहे खाद को देखकर तारिफ किए। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्मित खाद को विक्रय हेतु समुचित व्यवस्था बनाने को कहा। इसका एक आउटलेट केन्द्र हो, जहां से निगम द्वारा निर्मित जैविक खाद का विक्रय किया जा सके।

नेहरू नगर पूर्व स्थित प्लेनेटेरियम (तारामण्डल) के बगल में प्रस्तावित अटल परिसर का भूमि पूजन कार्य म 25 दिसम्बर को सुबह 11:00 बजे प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, पुरूषोत्तम सिन्हा, उपअभियंता अर्पित बंजारे, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला उपस्थित रहे।

कमलेश चंद्राकर के मंडल अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता ◂ पाटन
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिला अंतर्गत अमलेश्वर नगर पालिका सहित उत्तर पाटन के मंडल अध्यक्ष बने कमलेश चंद्राकर चंद्राकर ने मंडल अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करते हुए दुर्ग सासंद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर का धन्यवाद कर आभार व्यक्त करते हुए कहा की कार्यकर्ताओं की उम्मीद पर खडा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। भाजपा सरकार किसान ही हितैषी सरकार है। सबका साथ सबका विकास करने वाले पार्टी है।जिसको सहकार करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का भरपूर प्रयास करूंगा। सभी कार्यकर्ता को एकजुट करके नगर पालिका अमलेश्वर के प्रथम चुनाव में भाजपा के पार्षद और अध्यक्ष चुनकर आए जिसके लिए कार्य करेंगे साथ ही उत्तर पाटन के सभी ग्रामों में भाजपा समर्पित सरपंच बने जिसके लिए अभी से रणनीति तैयार करेंगे और निश्चित रूप से डबल इंजन की सरकार में भाजपा समर्पित सरपंच उत्तर पाटन में बनेंगे।
चंद्राकर के मंडल अध्यक्ष बनने पर जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेत्री हर्षा चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, डॉ जनपद सदस्य घनश्याम कौशिक, महामंत्री कैलाश यादव, उतरा सोनवानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोहन साहू, महामंत्री राजू साहू, रवि सिंगौर, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, फेरहा राम धीवर, नगर अध्यक्ष आलोक पाल, महामंत्री सोनू दुर्गेश साहू, कमलेश साहू, सरपंच डॉ योगेश चंद्राकर, रज्जू सोनी, शिवा साहू, सुखदेव साहू,रवि कौशिक सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है एवं श्री चंद्राकर को उज्जवल भविष्य की कामना की है।

लाभांडी जैन मंदिर में चोरी की घटना से व्यथित जशपुर जैन समाज ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के सकल जैन समाज के लोगों ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए रायपुर राजधानी के लाभांडी में स्थित जैन मंदिर में हुई चोरी की घटना की घोर निंदा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा देने की मांग की है। इस दौरान सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण मीनू जैन के साथ ही डींपल जैन, अशोक जैन, विवेक पाटनी, अमित जैन और समर्थ जैन उपस्थित थे।

लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत बैच के हितग्राहियों व स्टाफ का कराया गया प्रकृति परीक्षण

सूरजपुर। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रकृति परीक्षण अभियान पूरे भारत वर्ष में आयुर्वेद चिकित्सकों के द्वारा निशुल्क चलाया जा रहा है छत्तीसगढ़ के आयुष विभाग के द्वारा यह कायक्रम भी चलाया जा रहा है जिसके तत्वाधान में आज जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सूरजपुर में संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत बैच के हितग्राहियों व स्टाफका भी प्रकृति परीक्षण किया गया। इसमें मुख्य रूप से डॉ कुलदीप द्विवेदी, डॉ दिवाकर सिंह, डॉ निकिता टोप्पो, डॉ सपना जायसवाल उपस्थित थे।

वर्षों से दन्त चिकित्सक का अभाव

पायनियर संवाददाता ◂ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में वर्षों से डा दन्त चिकित्सक दिखाई नहीं पड़ रहा है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में डॉ रंजना चंद्राकर जो 1 वर्ष से स्वास्थ्य केंद्र में नहीं आ रही है न तो वह छुटटी ली है जिनके कारण दत रोगियों को यहां से बाहर भेजा जा रहा है दन्त मरीज को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बिना बताए डॉक्टर रंजना चंद्राकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर से चली गई है लेकिन यहां वर्ष बीत गए हैं लेकिन वह नहीं रही है जिनके कारण उनका कक्ष वर्ष से बंद पड़ा हुआ है । छत्तीसगढ़ शासन को यह भी संज्ञान रखना चाहिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में दन्त चिकित्सक का अभाव है उनके स्थान पर किसी अन्य दन्त चिकित्सक खाली स्थान भरना चाहिए ताकि इस क्षेत्र के जनता को इनका लाभ मिल सके।सूत्रों ने जानकारी देते हुए यह बताया कि डॉक्टर रंजना चंद्राकर को नोटिस भी भेजा गया है क्या डॉक्टर दत चिकित्सक अपने स्थान पर कार्य करना चाहती है या नहीं करना चाहती वह अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है शासन को भी इन पर ध्यान रखते हुए दन्त चिकित्सक को जैजैपुर भेजना चाहिए।

खाद्य विभाग द्वारा 25 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

विगत दिवस खाद्य विभाग एवं अन्य विभागों की संयुक्त टीम के अधिकारियों द्वारा 25 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर एस जयवर्धन के नेतृत्व में जिले में अवैध धान को लेकर कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी क्रम में बलंगी से 62 बोरी वजन लगभग 25 क्विंटल अवैध धान रात्रि में राजेश जायसवाल द्वारा लाया जा रहा था। खाद्य अधिकारी, खाद्य निरीक्षक एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए राजेश जायसवाल से उक्त अवैध धान की जब्ती की गई।

डिप्टी कलेक्टर ने जनक वृद्धाश्रम का किया आकस्मिक निरीक्षण

■ वृद्धजनों को मिलने वाले भोजन में साफ-सफाई के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा एवं उप संचालक तिलकेश भावे के द्वारा जिले में संचालित जनक वृद्धाश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया और वृद्धाश्रम संचालक से आश्रम में लाभान्वित व निवासरत हितग्राहियों की संख्या और उन्हे दिए जाने वाले सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर और उप संचालक ने आश्रम में वृद्धजनों को मिलने वाले भोजन एवं साफ-सफाई, कार्यालय दस्तावेज आदि का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने आश्रम में आग की अलाव सेकते हुए सभी बुजूर्गो से कुशलता, खान-पान, रहन-सहन एवं ठण्ड में गरम कपड़े, कंबल, स्वेटर तथा आश्रम में वृद्धजन के मंनोरजन के रूचि के बारे जानकारी लेते हुए आँगन में बुजुर्गों के साथ कॉफी समय तक आत्मिकभावनाओं के साथ चर्चा किया गया और पुनः मिलने का आश्वासन देते हुए डिप्टी कलेक्टर ने आश्रम को अच्छे संचालन साफ-सुथरा एवं वृद्धजन का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान संचालक कमल यादव, प्रबंधक वंदना तिग्गा, जमनी यादव, गांगी बाई, मान्ती, शुभन, रामचन्द्र उपस्थित थे।

युवा भाजपा नेता राजू साहू सहित 21 लोगों ने किया रक्त दान

पायनियर संवाददाता ◂ पाटन
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के छत्तीसगढ़ शासन का एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीठ में रेडक्रास सोसायटी दुर्ग के सहयोग रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य रोगियों व आवश्यक उपचार के जरूरत मंदों को निशुल्क रक्त देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने किया कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बडा प्रयास किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने रक्तदान महादान के संबंध में कहा हम सभी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि बहुत से लोग बीमारियों में, एक्सीडेंट केसेस, ब्लड कैंसर जैसे रोग एंव विभिन्न आप्रेशन में हितग्राही मरीजों को दान किया गया रक्त लगता है। यह बडा पुण्य का काम है। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि रक्तदान जैसा कोई दान नहीं क्योंकि आपके इस दान से किसी की जिंदगी बचतीं है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति झीट अध्यक्ष धर्मेद कौशिक, युवामोर्चा महामंत्री रूपेंद्र साहू, जीवन साहू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीठ सेक्टर प्रभारी डा अनुराग सोनकर, शिशु रोग विशेषज्ञ डा विजेता डोंगरे, डा नवनीत कौर डा अभिलाषा दीवान चंद्रकांता साहू, असलम, फार्मासिस्ट नरेंद्र लिल्हारे, स्टाफ नर्स भूमिका देवांगन, रीतू ठाकुर, सुपरवाइजर जे आर मार्कंडेय, एकलव्य देशमुख, काउंसलर रूक्मणी साहू,आर एच ओ हरीश खरे, सभी जन प्रतिनिधि गण, विभिन्न पंचायतों के सरपंच व विभाग के आर एच ओ मेल व फिमेल सहित अन्य लोग का भरपूर सहयोग रहा।

महतारी वंदन कार्यक्रम माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है : उपमुख्यमंत्री शर्मा

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में जनादेश परब के रूप में आयोजन किए जा रहे हैं। सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल पर कवर्धा के वीर सावरकर भवन में भव्य महतारी वंदन माताओं, बहनों का सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें माताओं और बहनों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और सांसद संतोष पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की भूमिका को समाज के निर्माण और प्रदेश की खुशहाली में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। माताओं और बहनों को सम्मानित करते हुए नेताओं ने सुशासन के इस एक वर्ष को समर्पण और जनसेवा का प्रतीक बताया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद अध्यक्ष मती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनिराम साहू, नंदलाल चंद्राकर, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि महतारी वंदन कार्यक्रम माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। मातृशक्ति हमारी संस्कृति और परिवार की रीढ़ है। माताओं की वह कला, जो घर को जीवंत और संपन्न बनाती है, हमारी परंपरा और समाज का आधार है। उन्होंने माताओं-बहनों के योगदान को नमन करते हुए उन्हें सशक्त बनाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने 3 तलाक को समाप्त कर महिलाओं को अधिकार दिलाया और लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर मातृशक्ति का सम्मान बढ़ाया है। मातृशक्ति समाज का आधार है और उनकी सशक्तता से ही परिवार और राष्ट्र प्रगति करता है। माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है। हर ग्राम पंचायत में 30 लाख की लागत से महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है, जिसका कार्य प्रारंभ हो चुका है। महिलाओं को राशन कार्ड, पंजीयन और रजिस्ट्रेशन जैसे कार्यों में विशेष छूट दी जा रही है।

न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी धरमजयगढ़, उप वनमण्डल, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

// सूचना //

अवैध रूप से वनोपज परिवहन करते हुये निम्नानुसार वाहन जप्त की गई है, जिसकी राजसात की कार्यवाही इस न्यायालय में विचाराधीन है।

क्र.	वन अपराध प्रकरण क्रमांक व दिनांक	जप्ती दिनांक	जप्ती स्थल	जप्त वनोपज विवरण	जप्त वाहनों का विवरण
1	20901/03 दि. 29.09.2024	29.09.2024 समय रात्रि लगभग 3.00 बजे	ग्राम-बनहर (खर्रा से बनहर मुख्य मार्ग) के पास	साल लट्ठा 05 नग = 1.306 घ.मी.	Bolero Pickup FB वाहन नम्बर CG 13 Y 7158, चेचीस नम्बर MAIZN2TBKHIG60070 एवं इंजन नम्बर TBHIG74842

अतः उक्त जप्तशुदा वाहन के अधिहरण की कार्यवाही के विरूद्ध यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई स्वामित्व प्रस्तुत करना हो तो **वे प्रकाशन तिथी के 15 दिवस या इसके पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर तथा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उचित दस्तावेजों सहित अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।** उक्त अवधि के बाद कोई आवेदन मान्य नहीं की जावेगी एवं प्रकरण में राजसात की एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये आदेश पारित कर दी जावेगी।

सक्षम प्राधिकृत अधिकारी
एवं
उप वनमंडलाधिकारी
धरमजयगढ़, उप वनमंडल

G-242504774/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड-बीजापुर (छ.ग.)

Tele No. - 07853-2200082, E-mail ID :- eebij-phe-cg@nic.in

निविदा क्र./47/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड 2024 बीजापुर, दिनांक 16/12/2024

// संक्षिप्त प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित सामग्री प्रदाय कर मरम्मत कार्य करने के लिए मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र ''सी'' में डीलरशीप/प्रदाय कर्ता/मरम्मतकर्ता से जिला बीजापुर अन्तर्गत विकासखण्ड भोपालपटनम के भोपाल पटनम - रालापल्ली समूह जल प्रदाय योजना अन्तर्गत इंटेकवेल संयंत्र में **V.T. Pump & Motor defective & Burnt motor repair & opening & refitting 15 Hp jyoti make 100 mm Line** कार्य के लिए निविदा कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.स्वा.यां. खण्ड बीजापुर में आमंत्रित की जाती है। आवेदन की अंतिम तिथि 07.01.2025 समय **5.30 pm** तक एवं निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 08.01.2025 समय **5.30 pm** तक।

क्रमांक	कार्य का विवरण	अनु. लागत (लाख में)	धरोहर राशि (रू.)	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5
1	विकासखण्ड भोपालपटनम के भोपाल पटनम रालापल्ली समूह जल प्रदाय योजना अन्तर्गत इंटेकवेल संयंत्र में V.T. Pump & Motor defective & Burnt motor repair & opening & refitting 15 Hp jyoti make 100 mm Line	4.02	5000/-	डीलरशीप / प्रदाय कर्ता / मरम्मतकर्ता

टीप - निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण नियम व शर्तें आदि की जानकारी कार्यालयीन अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
बीजापुर (छ.ग.)

G-242504789/3

संपादकीय

जादू टोना महिला उत्पीड़न का कारण

सर्वोच्च न्यायालय ने याद दिलाया है कि जादू टोना महिला उत्पीड़न का कारण है। एक उल्लेखनीय टिप्पणी में हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जादू टोने के नाम पर महिला उत्पीड़न का उल्लेख करते हुए कहा कि यह 'संवैधानिक भावना पर धब्बा' है। सर्वोच्च अदालत के समक्ष बिहार के चंपारन जिले का घृणित मामला सामने आया था जहां महिला के खिलाफहिंसा हुई थी। इससे देश में जादू टोने का ज्वलंत मुद्दा सामने आया। अदालत ने ऐसे व्यवहार पर फ़ौरन रोक लगाने की मांग की जो भारतीय संविधान में निहित गरिमा, समानता तथा मानवाधिकारों को आघात पहुंचाते हैं। जस्टिस सी.टी. रविकुमार व जस्टिस संजय कारोल की पीठ ने 2020 के प्रारंभ में हुए इस परेशान करने वाले कांड पर विचार किया। इसमें जादू टोने के आरोप में महिला को सार्वजनिक रूप से हमला करने तथा निर्वस्त्र करने की पीड़ा झेलनी पड़ी थी। लखपती देवी समेत अन्य आरोपियों को इस जघन्य कृत्य के लिए जवाबदेह पाया गया था। आरोप था कि पुलिस ने भी पीड़िता के प्रति संवेदनहीनता दिखाई। सर्वोच्च न्यायालय ने इन कृत्यों की बर्बरता तथा स्थानीय प्रशासन की कथित संवेदनहीनता पर दुःख और निराशा प्रकट की। अदालत ने कहा कि ऐसी घटनायें महिलाओं की गरिमा और अधिकारों पर खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में सीधा हमला हैं जहां समानता अभी बहुत दूर है। अदालत ने जादू टोने की घृणित परंपरा जारी रहने के पीछे अंधविश्वास, पितृसत्ता व सामाजिक नियंत्रण की भूमिका पर जोर दिया। उसने ऐसे प्रतिगामी विश्वासों को समाप्त करने पर जोर दिया जो अक्सर विधवा व वृद्ध महिलाओं पर निशाना लगाते हैं। वास्तव में ऐसे व्यवहार संविधान द्वारा निर्धारित वैज्ञानिक सोच के घोर विरोधी हैं। दुर्भाग्य से ऐसे मामले विरल होने के बजाय ग्रामीण भारत में व्यापक हैं।

भारत का संविधान सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और गरिमा की गारंटी देता है। ऐसे में जादू टोने जैसे व्यवहार इन सिद्धान्तों का उल्लंघन कर महिला विरोधी हिंसा तथा भेदभाव की संस्कृति बनाए रखते हैं। ज्यादा चिन्ता की बात यह है कि सरकार ऐसे मामलों में संवेदनहीनता दिखा कर अपराध में समान भागीदार बन जाती है। अदालत ने जोर दिया कि ऐसे मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों को समुचित जांच कर पीड़ितों को न्याय दिलाना चाहिए ताकि मानव गरिमा के उल्लंघन से बचा जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की आलोचना की कि उसने उच्च न्यायालय के 'निष्क्रिय' आदेश के खिलाफ अपील नहीं की जिसमें कार्यवाहियों पर स्थगनादेश दिया गया था।

पीठ ने जादू टोने के मामलों में बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसमें जादू-टोने को विशिष्ट रूप से अपराध घोषित करने तथा ऐसा करने वालों को कठोर दंड सुनिश्चित करना शामिल है। इसके साथ ही वैज्ञानिक सोच बढ़ाने तथा समुदायों को जादू टोने की अनैतिकता व अवैधानिकता के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। लेकिन सर्वाधिक महत्वपूर्ण चीज पीड़ितों के लिए सहायता व्यवस्था बनाना है जिसमें मनोवैज्ञानिक कौंसिलिंग के साथ विधिक सहायता व पुनर्वास शामिल हैं। सरकारी मशीनरी को ऐसे मामलों से निपटने में संवेदनशीलता का परिचय देने की भी आवश्यकता है। सर्वोच्च न्यायालय की इस मामले में टिप्पणियां भारतीय समाज में गहराई तक व्याप्त अंधविश्वासों तथा पितृसत्ता के खिलाफ अभियान चलाने की आवश्यकता उजागर करती हैं जो जादू टोने का कारण बनती हैं। अनेक निराधार आरोपों के कारण महिलाओं का उत्पीड़न न केवल एक सामाजिक बुराई, बल्कि संविधान की विफलता भी है।

पूजास्थल कानून पर पुनर्विचार जरूरी

पूजास्थल कानून, 1991 का उद्देश्य धार्मिक स्थलों को 15 अगस्त, 1947 की स्थिति में बनाए रखना है। लेकिन इसके उद्देश्यों के बारे में भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

प्रफुल्ल गोराड़िया
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

पूजास्थल कानून, 1991 का उद्देश्य धार्मिक स्थलों को 15 अगस्त, 1947 की स्थिति में बनाए रखना है। लेकिन इसके उद्देश्यों के बारे में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। वर्तमान समय में बहुत से लोग पूजास्थल कानून, 1991 के बारे में चर्चा तो करते हैं, पर वे नहीं जानते कि यह कानून कैसे और किन परिस्थितियों में लाया गया था। ऐसा लगता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव अपने मन की गहराइयों में कट्टर हिंदू थे। उनकी मुख्य चिन्ता इस बात को लेकर थी कि उस समय गंभीर रूप धारण कर चुके अयोध्या विवाद का यथासंभव जल्दी से जल्दी समाधान किया जाए। राम जन्मभूमि स्थान पर 6 दिसंबर, 1992 को हुई अधिकांश घटनायें इस बात का प्रमाण थीं कि नरसिम्हाराव भगवान रामलला के पक्ष में 'मौन समर्थक' थे।

अपनी हार्दिक भावना से प्रधानमंत्री हिंदू भावनाओं के पक्ष में थे। प्रधानमंत्री के 'योगदान' के सर्वाधिक सटीक प्रमाण उस समय के तथ्यों से मिलते हैं। असाधारण घटना के उस दिन मैं अयोध्या में था। जब मैंने अयोध्या छोड़ी तो शाम 5.45 तक बाबरी मस्जिद के सभी तीन गुंबद गिराए जा चुके थे। लेकिन उस समय ढांचे की बाकी दस दीवालें बची थीं। जल्द ही हम कार से लखनऊ के लिए निकले। मैंने और मेरे साथियों ने ट्रांजिस्टर रेडियो पर सुना कि उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नेतृत्व वाली सरकार को केन्द्र ने भंग कर दिया और वहां राज्यपाल शासन लगा दिया गया। इसका अर्थ था कि उस समय और उसके बाद हुई घटनायें केन्द्र के किसी अधिकारी के आदेश से हुई थीं। उस समय केन्द्र के तत्कालीन गृह सचिव माधव गोडबोले ने कहा था कि वे वहां हो रही घटनाओं के बारे में अनजान थे और उनको भी वहां की घटनाओं के बारे में रेडियो और टेलीवीजन से पता चला था।

इस लेखक की मुलाकात ऐसे किसी व्यक्ति से नहीं हुई जो इस बात का दावा करता हो कि उसने बिना गुंबदों वाले ढांचे की दीवालों का फेटो देखा हो। उस रात 10 बजे प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने टेलीवीजन पर देश को संबोधित किया। इसमें उन्होंने भारत की जनता को आश्वासन दिया था कि उनके द्वारा बाबरी मस्जिद का यथासंभव शीघ्रतिशीघ्र पुनर्निर्माण किया जाएगा। इससे यह समझ बनी कि पूरा ढांचा नष्ट नहीं हुआ था। ढांचे की दीवालें काफी ऊंची तथा किसी सोलहवीं शताब्दी के ढांचे की तरह मोटी थीं। दीवालों के चारों और बना चबूतरा भी काफी विशाल और ठोस होने के साथ ऊंचा भी था। यहां तक कि ढांचे के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से गुंबदों को गिराने का काम उत्तर प्रदेश सार्वजनिक कार्य विभाग-पीडब्लूडी के कुछ खास लोगों ने किया था।

सवेरे शुरू हुआ यह काम शाम को 4.30 बजे समाप्त हुआ, जब आखिरी गुंबद गिरा। मुझे पता चला था कि यह काम करने वाले पीडब्लूडी के लोग थे क्योंकि इस घटना को कैमरों में दर्ज करने वाले दो से पांच फेटोग्राफ़रों के कैमरे तोड़े गए थे और पिटाई से उनको भी चोटें लगी थीं। फोटोग्राफ़रों को लगा था कि वे कारसेवकों के फोटो खींच रहे हैं, जबकि सरकारी कर्मचारियों के फ्रेटो में आने से उनकी नौकरियां जा सकती थीं। अयोध्या में स्थिति पर नियंत्रण रखने वाली दूसरी श्रेणी की एक महिला आईपीएस अधिकारी ने मेरे सवाल के जवाब में कहा था कि पुलिस को उस समय तक हस्तक्षेप न करने का निर्देश था जब तक किसी का जीवन संकट में न हो, स्पष्ट रूप से इसमें संपत्ति शामिल नहीं थी। महिला आईपीएस अधिकारी ने मुझे आश्वस्त किया था कि केवल 4 किलोमीटर दूर फैजाबाद में 15,000 अर्धसैनिक बलों के जवान तैनात थे। संयोग से उन्होंने यह भी बता दिया कि नकट ही आपरेटरों के साथ काफी संख्या में बुलडोजर भी मौजूद थे। स्पष्ट रूप से ये सारी तैयारियां अगले 60 घंटों में बाबरी ढांचा पूरी तरह समाप्त करने के लिए थीं। वास्तव में इतने समय में इतना बड़ा काम होना आसान नहीं था। यह सारा काम केन्द्रीय शासन के अंतर्गत हुआ। इस तथ्य को पुनः रेखांकित करना जरूरी है कि 6 दिसंबर को 5.45 बजे के बाद कल्याण सिंह सरकार सत्ता में नहीं थी। इन तथ्यों की जानकारी के बाद ही पूजास्थल कानून की आवश्यकता स्पष्ट होती है। वैसे भी कांग्रेसी होने के नाते प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव अपनी 'सेक्युलर' छवि बनाए रखना चाहते थे।

> ऐसा लगता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव अपने मन की गहराइयों में कट्टर हिंदू थे। उनकी मुख्य चिन्ता इस बात को लेकर थी कि उस समय गंभीर रूप धारण कर चुके अयोध्या विवाद का यथासंभव जल्दी से जल्दी समाधान किया जाए।

पूजास्थल कानून से स्पष्ट है कि राव सरकार हर पूजास्थल की 15 अगस्त, 1947 वाली स्थिति बनाए रखना चाहती थी। अयोध्या इसमें अपवादस्वरूप छोड़ा गया था क्योंकि उस समय इस मुद्दे पर भारतीय सर्वोच्च न्यायालय विचार कर रहा था। सामान्य रूप से कानून बनाते समय माना जाता है कि न्यायालय के विचाराधीन किसी चीज पर उसके नियम लागू होंगे। लेकिन अयोध्या के लिए कानून में एक विशेष प्राविधान बना कर उसे इसके दायरे से अलग रखा गया क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय इस पर विचार कर रहा था। इसे कानून की एक अलग धारा से पूरे मामले से अलग रखना अपने आप में विशिष्ट है। इसके परिणामस्वरूप मामलों पर विचार करते समय अदालतों को अयोध्या व खासकर राम जन्मस्थान पर विचार नहीं करना था क्योंकि इसका पूजास्थल कानून में खास उल्लेख था। इस मुद्दे पर जोर देने का अर्थ यह भी था कि इस कानून को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है।

इस कथन का क्या अर्थ है कि वास्तविक पूजास्थलों तथा उन स्थलों या ढांचों के मामले में वैध अंतर किया जाना चाहिए जिनको जबरन प्राप्त किया गया है। भारत में ऐसे अनेक स्थल हैं जिनको सीधे मंदिरों से मस्जिदों में बदला गया है। इनमें 'अढ़ाई दिन का झोंपड़ा' शामिल है जो अजमेर शरीफ़ से एक फ्लांग दूर है। यहां तीन मंदिरों को 60 घंटे या ढाई दिन में बदला गया था ताकि हमलावर मुहम्मद गोरी 1192 ईस्वी में तराइन की दूसरी निर्णायक लड़ाई से लौटते समय वहां नमाज पढ़ सके।

हिंदू मंदिर इतनी जल्दी पूरी तरह नष्ट नहीं किया जा सकता था, इसलिए उसकी मूल रचना आज तक वैसी ही बनी है। लोदी वंश के उत्तर भारत पर पूरी तरह विजय पाने के पहले के ऐसे अनेक उदाहरण सामने हैं। ऐसा लगता है कि अफ़ग़ान अपने साथ कुछ भवन निर्माताओं को लाए थे जिन्होंने मस्जिदों समत अनेक शानदार इमारतें बनाईं। पूजास्थल कानून के संदर्भ से यह तथ्य विचारणीय है कि अदालतें किसी ऐसे मामले पर विचार करने से कैसे इनकार कर सकती हैं जब याचिकाकर्ता कह रहा हो कि दिनदहाड़े उसके मंदिर पर कब्जा किया गया। अनेक मंदिरों को अजमेर में 'अढ़ाई दिन के झोंपड़े' की तरह या तो सीधे मस्जिद में बदल दिया गया या उनको अहमदाबाद में जामा मस्जिद की तरह गिरा दिया गया और बाद में पुनः बनाया गया।

निश्चित रूप से हिंदू मंदिरों पर ऐसे हमले तत्कालीन शासकों द्वारा कराए गए। ऐसे मामलों को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जा सकता है। हालांकि, ऐसे मामले शायद ही हों, पर पूजास्थल कानून के अंतर्गत ऐसे मामलों को अपवादस्वरूप अलग रखा जा सकता है जहां कोई मस्जिद हिंदुओं द्वारा तोड़फोड़ की शिकार हुई हो।

जीवन की वास्तविक क्षमता का ज्ञान

> आस्था को अपनाना, विनम्रता का विकास करना और आध्यात्मिक जागरूकता जगाना जीवन को उन्नत बना सकता है।

अजित कुमार बिश्नोई
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)

मुझे वाकई आश्चर्य होता है कि अच्छे लोग कुछ अनुष्ठान करने, किसी धार्मिक स्थान पर जाकर कुछ त्यौहारों में भाग लेने आदि से ज़्यादा सक्रिय रूप से भगवान की ओर नहीं मुड़ते। शायद उन्हें एहसास नहीं है कि वे क्या खो रहे हैं। भगवान हमें अपनी टीम में लेने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। उन्हें हममें से बहुतों की ज़रूरत है जो या तो उनके %निमित्त% (साधन) के रूप में कार्य करें जैसे कि अर्जुन किसी खास उद्देश्य के लिए थे या फिर सिर्फ़ सक्रिय माध्यम बनें। अच्छे लोग भगवान के उपहारों को दूसरे अच्छे लोगों तक पहुँचाने के लिए माध्यम बनने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। वे उन लोगों का बड़ा हिस्सा हैं जो सृष्टि के कामकाज का समर्थन करते हैं। और उन्हें उनके कर्मों (कार्यों) के लिए भरपूर पुरस्कार मिलता है। उदाहरण के लिए, किसान मानवता को अच्छी तरह से खिलाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। शिक्षक लोगों को शिक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

माता-पिता बच्चों को जन्म देकर और फिर उन्हें तब तक पाल-पोसकर सृष्टि को चलाते हैं जब तक कि वे उपयोगी नागरिक न बन जाएँ। डॉक्टर लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल करते हैं। श्रमिक मानवता की शारीरिक ज़रूरतों का भार उठाते हैं। अच्छे अधिकारी हमारे समाज की प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। पुजारी हमें ईश्वर के संपर्क में रहने में सक्षम बनाते हैं। मैं पुलिसवालों, दुकानदारों, बैंकरों आदि के बारे में बात कर सकता हूं।

ऐसा करने से वे सभी लाभान्वित होते हैं। ये लोग ईश्वर के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास क्यों नहीं कर रहे हैं? वे इससे कहीं अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पहला

कारण व्यापक अज्ञानता के कारण विश्वास की कमी है। आम आदमी, यहाँ तक कि शिक्षित वर्ग भी, ईश्वर की शरण में जाने से मिलने वाले सभी लाभों से पूरी तरह अनजान है, जो सब कुछ के मालिक हैं। हम सबसे अमीर, सबसे शक्तिशाली, सबसे प्रसिद्ध आदि की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन सभी के असली मालिक, सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ और सर्वव्यापी ईश्वर को अनदेखा कर देते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ईश्वर सब कुछ नियंत्रित करता है। सबसे अमीर लोग आम तौर पर अधिक संचय करने की कोशिश करते हैं, और कई लोगों के पास दान देने के लिए कुछ पैसे होते हैं, लेकिन ईश्वर के पास देने के लिए सब कुछ है; आपको बस योग्य बनना है। दूसरा कारण व्यावहारिक रूप से हर किसी का अतिरंजित अहंकार है। यह स्वीकार करना कठिन है कि ईश्वर को समझना बहुत बड़ा है और हम उसे स्वीकार करने के लिए बहुत छोटे हैं। लेकिन यह वास्तविकता है। बत्तख की तरह आँखें बंद करके हम अपने लिए कोई उपकार नहीं करते।

और हम 'कर्मफलों' के सामने बत्तख की तरह बैठे रहते हैं, जो निश्चित रूप से प्रकट होते हैं और सभी के जीवन में तबाही मचाते हैं, कुछ को छोड़कर, जिन्होंने ईश्वर की शरण ली है। तीसरा कारण है खराब संगति।

हम किसके साथ समय बिताना पसंद करते हैं? वे जो सभी की आलोचना करते हैं और जो इस तरह के चुटकुले सुना सकते हैं, जैसा कि आप जानते हैं। सार्वजनिक छवि एक और बाधा है। केवल हारने वाले ही ईश्वर की ओर मुड़ते हैं। हमें ऐसा करने की ज़रूरत नहीं है; हम खुद ही अपना काम कर लेंगे। निश्चित रूप से, यह प्रबंधन केवल दर्दनाक मृत्यु में समाप्त होता है। ईश्वर के भक्त और उनका जीवन उच्च है और उन्हें बेहतर जन्म का भी आश्वासन है। तब आध्यात्मिक गतिविधियाँ उत्साहजनक नहीं होतीं; वे बहुत बचकानी लगती हैं। हम बड़े होकर साथी प्राणियों के अधीन रहना पसंद करेंगे, जो हमारा यथासंभव शोषण करने की संभावना रखते हैं। इसलिए हम शुरू न करें और हार न मानें।

यह लेख उन लोगों के लिए एक खुला निमंत्रण है जो इसे पढ़ने का मौका चाहते हैं। मैं कुछ आश्चर्यजनक लाभों का उल्लेख करूंगा यदि कोई ऐसा करता है। आंतरिक और बाह्य दोनों ही तरह से स्वयं की बहुत सफाई होगी। आध्यात्मिक गतिविधियों की शक्तियाँ ऐसी ही होती हैं। व्यक्ति कर्तव्यनिष्ठ बन जाएगा और संभवतः धर्म के अनुसार जीवन जीना शुरू कर देगा।

व्यक्ति केवल आध्यात्मिक सत्य जानने तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन्हें जीवन में लागू भी करेगा। यदि कोई चित्रकार चित्र बनाना जानता है और चित्र नहीं बनाता, तो उसे क्या लाभ होगा? सृष्टि भक्तों के जीवन को सुगम बनाने के लिए बनाई गई है।

आप की बात

वाहनों में आग

जयपुर-अजमेर हाइवे पर शुक्रवार को गैस टैंकर और ट्रक की टक्कर से गैस टैंकर में आग लगने और टैंकर के बर्स्ट होने के बाद फैली गैस से आस-पास के वाहनों में भी आग लगने से 14 लोगों की जलने से मृत्यु हो गई और 37 गंभीर रूप से घायल हो गये। बहुत से जलते हुए लोगों ने ग्रामीणों के सहयोग से भागकर जान बचाई।वही रविवार को मध्यप्रदेश के आगरा-मुंबई हाइवे पर सेंधवा में मुंबई से इंदौर आ रही (एसी स्लीपर) निजी बस में आग लगने से ड्राइवर की सूझ-बूझ बस रोककर यात्रियों को सकुशल उतार दिया। पुलिस ने जलती बस पर फायर-फाइटर की मदद से आग पर काबू पाया। कहीं चालकों की लापरवाही तो कहीं रखरखाव में कमी आग का कारण दर्शा रही है। हादसों के करणों पर सोचा जाए तो कुछ तो चालकों की लापरवाही और कुछ हादसे सुबह-सुबह होते पाए गए हैं। ये भी हो सकता है कि रातभर की ड्राइविंग भी सुबह की थकान कारण बन जाती है। वैसे सभी ड्राइवर ड्राइविंग में बहुत ही सावधानी बरतते हैं. वाहनों के रखरखाव और ड्राइवर की सावधानी से अनहोनियों को रोका जा सकता है। जल्दबाजी या ओवर टेकिंग के साथ ही रातभर के सफर में दो ड्राइवर की व्यवस्था बसों में अनिवार्य रूप से रहे ताकि वे थकान से दूर रह सकें। थोड़ी सी सावधानी से बड़ी घटना को रोका जा सकता है।

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

बच्चों तक पहुंचाएं ऐसी शिक्षा

शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए जाते है और प्रशासन घर घर शिक्षा का अलख जगाने में ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगाती हैं। परंतू विडम्बना है की कई विद्यार्थी अपने माता पिता की आर्थिक स्थिति को देखते हुए अपनी इच्छा का दमन कर लेते है। ग्रामीण इलाकों से शहरों कस्बों और महानगरों तक अगर सर्वे कराया जाए तो कहीं विद्यार्थी ऐसे हे जिनकी पढ़ने की लगन , रुचि तो हे पर शिक्षा पाने का पैसा नहीं। विशेषकर सामान्य वर्ग के बच्चें तो इस समस्या से जूझते ही है। स्कूलों कालेजों में भारी भरकम फीस से पढ़ाई का उत्साह ही सिमट कर रह जाता है। ऐसे बच्चों का सर्वे कर सरकार ने हर गांव , नगर कस्बों, नगरों में बच्चों को गोद लेकर शिक्षा का लाभ देना चाहिए। लगन शील बच्चों की फ़ीस का भुगतान कर उनका जीवन ऊपर उठाना चाहिए। कहीं योजनाओं में लाखों करोड़ों रुपयों को पानी की तरह बहाया जाता है। और नतीजा सिफर ही नज़र आता है। क्यों न सरकार लगन शील बच्चों को जिन्हे पढ़ने का शौक है और पैसे के आभाव में नहीं पढ़ पाते उन्हे विषेश ध्यान रखकर शिक्षा ओर विकास की और ध्यान दिया जाए। क्या सरकार ऐसे बच्चों के लिए मददगार साबित होगी ? क्या गरीब वर्ग मजदूर वर्ग के सामान्य वर्ग के निर्धन बच्चों की पढ़ाई लिखाई में सरकार सहभागीता निभायेगी?

- **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

संघ प्रमुख की सलाह

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने देश, काल और परिस्थिति के अनुरूप नए मंदिर मस्जिद विवादों में उलझने से बचने की सलाह दी है। सम्प्रदायों के मध्य किसी भी प्रकार का भेदभाव नही होना चाहिए, मगर यदि तुष्टिकरण की नीति के चलते किसी भी धर्म विशेष के मानने वालों को विशेष सुविधाएं दी जाएं तथा उन्हें राष्ट्र की अवहेलना करके धर्म को सर्वोपरि समझने और उसी के अनुरूप आचरण करने की छूट मिले, तब किस प्रकार साम्प्रदायिक ताक़तों को पनपने से रोका जा सकता है ? भारत का दुर्भाग्य यही है कि कदम कदम पर बहुसंख्यक वर्ग की अवहेलना करके राजनीतिक दलों ने समाज की धर्म और जाति के नाम पर बांटने में कोई कसर बाक़ी नही छोड़ी। कांग्रेस का तो अस्तित्व ही फूट डालो और राज्य करो की नीति पर टिका था। आज भी यदि कांग्रेस के शासन काल तथा वर्तमान में भाजपा एवं इससे जुड़े दलों के शासनकाल में साम्प्रदायिक शक्तियों के बोलबाले का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए, तो स्पष्ट होगा, कि जितने साम्प्रदायिक दंगे कांग्रेस और सपा शासनकाल में हुए तथा दंगों के मृतकों के परिवारों ही साथ भेदभाव किया गया, उतना किसी अन्य के शासनकाल में नही हुआ। किंतु विचारणीय प्रश्न है कि क्या साम्प्रदायिक सौहार्द की नींव समान नागरिक संहिता और समान जनसंख्या नीति लागू हुए बिना सुदृढ़ हो सकती है?

- **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

असहनीय लापरवाही

मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में एक स्कूल बस तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पुलिया पर पलट गई । स्कूली बस में ग्यारह गांव के 70 बच्चे सवार थे । सभी बच्चे घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराए गए । कुछ बच्चों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । यह स्कूली बच्चों के प्रति लापरवाही का मामला है । मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा अभी हाल ही में कुछ दिन पहले स्कूली बच्चों को लाने ले जाने वाले वाहनों के संबंध में गाइड लाइन जारी की थी । जिसमें विभिन्न निर्देशों के साथ-साथ तेज रफ्तार पर नियंत्रण का भी सुझाव दिया गया था । लेकिन हाई कोर्ट द्वारा बच्चों की सुरक्षा के संबंध में दिए गए गाइडलाइन के निर्देश हवा होते हुए दिख रहे हैं । बच्चों की सुरक्षा के प्रति शासन प्रशासन को अति गंभीर होना चाहिए, लेकिन वह गंभीरता नहीं दिखाई दिखाई दे रही है, जो दिखना चाहिए । शासन और प्रशासन को गंभीरता के साथ हाई कोर्ट के द्वारा जारी गाइडलाइन को कागजों से बाहर निकाल कर मैदान में अमलीजामा पहनाना होंगा। इसके लिए सख्ती पहली शर्त है, क्योंकि बच्चों की सुरक्षा का मामला है।

- **हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

बीडीएस पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ कला, संस्कृति से जोड़ना : दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के बीडीएस पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने नन्हें बच्चों की देशभक्ति और छत्तीसगढ़िया गाने पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देखी और बच्चों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। विधायक साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुए परीक्षा की बेहतर तैयारी करने के कई टिप्स बताए। उन्होंने ने छात्रों से कहा कि वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें समय का सदुपयोग करें, पढ़ाई में ध्यान दे। साहू ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे नैतिक मूल्यों को बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मुझे सेवा के लिए आप लोगों ने विधायक चुनकर विधानसभा में भेजा है, मुझे विद्यालय परिवार ने याद किया इसके लिए आभार व्यक्त करता हूँ और मै क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास के लिए पुर्णतः संकल्पित होकर काम करूंगा और हर दुखसुख में हमेशा साथ रहुगा।

वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का उदेश्य बच्चों को शिक्षा के साथ कला, संस्कृति से जोड़ना

विधायक दिपेश साहू कार्यक्रम को संबोधित करते वार्षिक उत्सव का आयोजन का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ कला, संस्कृति से जोड़ना है कहा। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों की भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने में मददगार साबित होती है। विद्यार्थी देश के भावी नागरिक है। विद्यार्थी भारत का भविष्य है। हम सभी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर योगदान देना चाहिए। क्योंकि बिना शिक्षा के उज्जवल भविष्य की कामना करना असंभव है। उन्होंने आगे शिक्षा के महत्व को बताया और कहा कि आज के समय को शिक्षित होना बहुत जरुरी है शिक्षा से व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक व्यावहारिक एवं शारीरिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। यदि तुम्हारे पास ज्ञान ना हो तो हमारा जीवन सुख सुविधा और मान सम्मान से वंचित रह जाएगा। इसलिए हम सभी को मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक जोर देना होगा। कार्यक्रम के आयोजन हेतू विद्यालय परिवार को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किये। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, राजू देवांगन, विकाश तम्बोली, महेश साहू, रेवा राम निषाद, नीतू कोठारी, डॉ नरेश साहू, मीनू पटेल, अभिनव, स्कुल के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिका, पालक गण नगर वासी उपस्थित रहे।

इंटक के केन्द्रीय कार्यकारिणी का गठन, आहूत बैठक में पदाधिकारियों का निर्वाचन किया

पायनियर संवाददाता ⮜ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

इंटक यूनियन चुनाव अधिकारी वंश बहादूर सिंह के द्वारा अधिसूचित कार्यक्रम के तहत भिलाई निवास में इंटक के केन्द्रीय कार्यकारिणी के गठन हेतु आहूत बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अभय कुमार सिंह दल्लीराजहरा, महासचिव आशिष कुमार यादव बचेली, उपाध्यक्ष तिलक मानकर, विनोद सिंह, राजेश कुमार सिंह, ए.के. सिंह एवं चंद्र कुमार मंडावी सचिव, भूपेंद्र कुमार दिल्लीवार, चिन्ना स्वामी, मन्ना लाल मेश्राम व सुरेश गुप्ता संगठन सचिव प्रवीण सहेजिया संजय कुमार रावत सुनील तलुकदार, प्रदीप गोलदार राकेश लाल एवं कार्यकारिणी सदस्य रसिया राम लहरे दिनेश कांत शर्मा गौतम वर्मा संतोष घराना ओम कुमार साहू शैलेश, राजेश एवं अरविन्द गुप्ता बनाए गए। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आम सहमति से कार्यसमिति का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार सिंह, महामंत्री राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक थे, इन्होने अपने उद्बोषण में कहा कि निर्विरोध निर्वाचन होना किसी भी संगठन के लिए अच्छा संकेत है। आप सभी पदाधिकारियों को असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए वाजिब हक को दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना होगा एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संजय साहू, अध्यक्ष ठेका प्रकोष्ठ भिलाई एवं दुर्ग जिला इंटक अध्यक्ष पूरनलाल वर्मा ही उपस्थित थे। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक के केन्द्रीय कार्यसमिति के दो सदस्य देवाशीष पाल एवं देवेन्दर प्रसाद को जो कि दिसम्बर 2024 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं उन्हे डॉ. संजय कुमार सिंह के करकमलों से शाल श्रीफल एवं मोमेन्टो प्रदान करते हुए उन्हे उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दिये। मंच का सचालन नवनिर्वाचित केन्द्रीय कार्यकारिणी के महासचिव आशीष कुमार यादव ने किया व धन्यवाद ज्ञापन निवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह के द्वारा सभी आगंतुको को अपना अमूल्य समय मे.मा.व.यू. इंटक के केन्द्रीय कार्यकारिणी के अधिवेशन में देने के लिए आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापन कर सभा समाप्ति की घोषणा की।

विभिन्न सोसायटी के नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने विधायक दीपेश साहू से मुलाकात कर जताया आभार

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सेवा सहकारी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने विधायक दीपेश साहू से उनके निवास कार्यलय में नवनिर्वाचित सोसायटी अध्यक्ष मनोनीत होने पर मुलाकात कर आभार प्रकट किया। इस दौरान विधायक साहू सभी सोसायटी अध्यक्षों को मनोनीत होने पर मिठाई खिलाकर भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन कर बधाई एवं शुभकामनायें दिया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा की आप सभी के नेतृत्व में सोसायटी निश्चित रूप से विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। आपकी ईमानदारी, कड़ी मेहनत और नेतृत्व क्षमता से क्षेत्र की प्रगति को नया बल मिलेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में सहकारी समिति किसानों और क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए उत्कृष्ट कार्य करेगी। आप सबको नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ। अध्यक्षों ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी द्वारा हम सबको दी गई है। उसको सत्य निष्ठा के साथ सीमित के हित में किसानों के हित में कार्य करेंगे तथा हमेशा किसानों के समस्याओं के समाधान करने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने अपने शीर्ष नेतृत्वकर्ता के साथ बेमेतरा विधायक दीपेश साहू जी आभार व्यक्त किया किया द्य इस दौरान सुनील सिँह राजपूत मोहभट्ठा सोसायटी, हरेंद्र यादव चोगीखपरी, दिनदयाल साहू लेंजवारा, प्रहलाद पप्पू वर्मा बांसा, तेजश्वर वर्मा लोलेसरा, लव साहू मोहतरा, मोहन साहू कुसमी, डे साहब जिया, प्रबल ठाकुर जेवरा, रामकुमार निषाद बीजाभाट, थानूराम साहू रचकुड़ी, भागी साहू कंतेली, लोभन साहू डूडा दोहाई वर्मा बेमेतरा, के साथ भाजपा कार्यकर्त्ता शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, राजू देवांगन, छोटू राम साहू, गजानंद साहू, युगल देवांगन, प्रहलाद वर्मा जनसेवक, गौरव साहू, रेवा राम निषाद, जीतेन्द्र साहू, ओमकार साहू, कमलेश साहू, नरेश साहू, राजीव तम्बोली सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए 664 बच्चों ने दिलाया मॉक टेस्ट

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लक्ष्य छत्तीसगढ़ जिला इकाई बेमेतरा के द्वारा बेमेतरा जिला में चार जगहों पर जवाहर नवोदय विद्यालय प्री टेस्ट मॉक परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका, (साजा), सेजस परपोड़ी (साजा), हाई स्कूल परसबोड (साजा) और इंडियन पब्लिक स्कूल नवागढ़ में लक्ष्य जिला अध्यक्ष डोगेंद्र वर्मा प्रधान पाठक पिपरिया एवं गुना राम चंदेल के मार्गदर्शन में हुआ। सेजेस परपोड़ी प्रभारी हिमांचल वर्मा, कमलेश कुमार वर्मा, रोशन सिंह चंदेल, परसबोड प्रभारी कल्याण दास बंजारे एवं आशा बंजारे और भीषम वर्मा, नवागढ़ प्रभारी शेर सिंह राजपूत (प्रधान पाठक) है। परपोड़ी में 91 बच्चे, परसबोड में 113 बच्चे, केहका में 280, नवागढ़ में 180 बच्चे कुल 664 बच्चे शामिल हुए और परीक्षा के पूर्व ओएमआर शीट कैसे भरना एवं तैयारी कैसे चल रही है इसको परखा गया। सभी परीक्षा केंद्र में बहुत ही अच्छे ढंग से परीक्षा संपन्न हुआ। इसके लिए सभी सहयोगी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका में साजा विकासखण्ड के अलावा पड़ोसी जिले के भी बच्चे भी सम्मिलित हुए। प्रातः 10:00 बजे से 12:00 तक टेस्ट परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 280 बच्चे सम्मिलित हुए। जिसमें साजा विकासखण्ड के साथ-साथ कबीरधाम जिला और खैरागढ़ जिला से बच्चे सम्मिलित हुए। आयोजन कर्ता में मुख्य रूप से सम्मिलित शिक्षक, विशेषर नेताम, उत्तम साहू, देवराम साहू, मुकेश वर्मा, रामदत्त साहू, मुकेश सिंह राजपूत, विशेश्वर साहू, संजय देवांगन यादव, चुरावन दास मानिकपुरी, जितेन्द्र साहू शामिल थे। साथ ही संकुल प्राचार्य केहका कमलेश गायकवाड़, सीएससी राजेश जायसवाल, प्राचार्य परसबोड़ ईश्वर लाल साहू, प्राचार्य सेजेस परपोड़ी एवं कुंभ लाल वर्मा सीएससी परपोड़ी का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी बच्चों को प्रधान पाठक डोगेंद्र वर्मा द्वारा बच्चों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं एवं आगे की पढ़ाई कैसे करें इसके बारे में बच्चों को विस्तार से बताया और अंत में सभी पालकों को अपने बच्चों को परीक्षा में सम्मिलित कराने के लिए आभार व्यक्त किया।

प्रकाश वर्मा हसदा सेवा सहकारी समिति के बने अध्यक्ष

बेमेतरा। छ.ग. शासन द्वारा शासन की कार्ययोजना की कुशल संचालन के लिए राज्य की सभी सेवा सहकारी समितियों में प्राधिकृत अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है वही बेमेतरा विधानसभा के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू की अनुशंसा पर तेज तर्रार अनुभवी भाजपा नेता प्रकाश वर्मा को सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा का प्राधिकृत अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह बताना जरूरी है कि वर्मा पहले भी समिति के अध्यक्ष निर्वाचित होकर किसान की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाए है। पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है सभी समिति कर्मचारी सहित क्षेत्र के किसानों ने बधाई प्रेषित किया है।

नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया

दल्लीराजहरा। पूर्व में तय कार्यक्रम के तहत क्षेत्रिय सांसद भोजराज नाग डौंडीलोहारा पहुंचे। पुराना बस स्टैंड में जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक शुक्ला व नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। सांसद ने सर्वप्रथम नगर के पुराना बस स्टैंड में स्थित प्राचीन मां काली मन्दिर में पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। जिसके बाद गायत्री परिवार के जारी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

संबलपुर रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं की ली बैठक

इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, देवेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, विवेक वैष्णव, सुरेश देशमुख, रवि जैन, इकबाल अरोरा, पोषण बनपेला, दिनेश्वर बघेल, हेमलाल देहला, दुष्यंत गिरी, धीरेन्द्र टांक, दीपक थवानी, सुभद्रा टाण्डेकर, लता गुप्ता, दसोदा भुआर्य, नेहा उपाध्याय, पूर्णिमा चक्रधारी, जयलाल मालेकर, डोमेन्द्र देशमुख, जीवराखन कौमार्य, दिलीप बाफना, पदम संचेती, मोहन निषाद, आरती संचेती, रीना कोटेन, चंचल टेमरे, सरस्वती बाई, राहुल सांखला, भूषण साहू, दिलीप कोसमा,नीलकमल साहू,सूर्यकांत कौशिक,प्रिंस शर्मा, डेविड साहू, हेमंत कुमार, निरंजन पटौदी, पूनम जैन सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। हॉल में जनपद सदस्य शकुन देवप्रसाद साहू के बड़े पुत्र के निधन पर सांसद ने शोक संतृप्त परिजनों से उनके घर पहुंचकर मुलाकात की। इसके पश्चात सांसद भोजराज मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के घर भी पहुंचे। एक महिला को डौंडीलोहारा मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जाहिर की। मंडल अध्यक्ष ने उनका स्वागत किया तथा उनसे आशीर्वाद लिया।

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज की बैठक में अधिवेशन को सफल बनाने पर चर्चा हुई

पायनियर संवाददाता ⮜ उतई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का अधिवेशन 25 दिसंबर को कालेज मैदान उतई में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। इसके तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बैठक सामाजिक भवन उतई में रविवार को संपन्न हुई। जिसमें सभी नगर इकाई एवं ग्राम इकाई के प्रमुखों की उपस्थिति में सभी सामाजिक बंधुओं तक निमंत्रण पहुंचा कर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। पश्चात सभी लोगो ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान पाटन राज प्रमुख युगल किशोर आडील, राज मंत्री केदार कश्यप, उतई नगर अध्यक्ष मोरजध्वज वर्मा, सामाजिक गण मुकेश वर्मा, चंद्रिका प्रसाद वर्मा, फत्तेलाल वर्मा, महेंद्र वर्मा, प्रहलाद वर्मा, रवींद्र वर्मा, हितेश वर्मा, ईश्वर वर्मा, परमानंद वर्मा, नीलमणि वर्मा, मुकेश वर्मा, सामाजिक महिलाएं सुषमा वर्मा, क्रांति वर्मा, हीरादेवी वर्मा, राधा वर्मा, किरण वर्मा, ज्योति वर्मा, रंजना वर्मा, अजय वर्मा, गणेश वर्मा, भूषण वर्मा, देवेश वर्मा सहित सामाजिक लोग उपस्थित थे।

24 घंटे में चोरी किए गए पीकप वाहन एवं मोटर सायकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

24 घंटे में चोरी किए गये पीकप वाहन एवं मोटर सायकिल सहित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया। प्रार्थी गोविन्दा निर्मलकर उम्र 25 साल साकिन वार्ड नंबर 09 साजा थाना साजा जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20.12.2024 के सुबह 07 बजे अपने महिन्द्र पीकप वाहन कमांक सीजी 07 सीए 8478 में वार्ड नंबर 03 साजा से शासकीय दलिया बोरी को लोड कर ग्राम करही, कजरा, जगन्नाथपुर, मोहगांव के आंगनबाडी के केन्द्र छोडकर रात्रि करीबन 08 बजे वापस आकर अपने वाहन को प्रतिदिन रात्रि में साजा रेस्ट हाउस के बाजू में खड़ा करता था वही पर खड़ा कर अपना घर चला गया था। 21.12.2024 के सुबह 06 बजे रेस्ट हाउस साजा के पास आकर देखा तो महिन्द्र पीकप वाहन कमांक सीजी 07 सीए 8478 वहा पर नहीं था जिसको असापास में पता किया तो कोई पता नहीं चला, उक्त पीकप वाहन कीमती लगभग 3,00,000/- रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया। कि रिपोर्ट पर थाना साजा में अपराध सदर धारा 303 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने तत्काल अज्ञात आरोपी का पता तलाश कर कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं डीएसपी कमल नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा को अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ लगाया गया। प्रकरण में अज्ञात आरोपी पता तलाश के दौरान मुखबिर सूचना पर संदेही देवेन्द्र साहू साकिन वार्ड नंबर 04 भरतपुर साजा थाना साजा जिला बेमेतरा को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर पता चला कि वह 20.12.2024 को रात्रि करीब 12/30 बजे पैदल घर जाने के निकला था रेस्ट हाउस साजा के पास पहुंचा तो वहां खड़ी पीकप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीए 8478 को अपने पास में रखे चाबी से चालू कर स्वयं चलाते हुए भरतपुर, कजरा, लालपुर, भनौरा, ठेलका खपरी के पास पहुंचा तो वहा वाहन पल्टी हो गया। जिसे गुस्से में आकर उक्त वाहन के डीजल टैंक से डीजल निकाल कर वाहन के पीछे तरफ छिडकर माचिस से आग लगा दिया।

18 माह में बनकर तैयार होगा नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन

निर्माण स्थल का किया गया भूमिपूजन, हाईकार्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा और बालोद जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवशी कार्यक्रम में वर्चुअली हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ⮜ बालोद
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी में स्थित संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सामने नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण स्थल का भूमिपूजन एवं शिलालेख अनावरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं बालोद जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवशी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए।

समारोह में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने बटन दबाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बालोद जिले वासियों को नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन की सौगात मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस नवीन भवन के निर्माण के लिए निर्धारित समयावधि 18 माह में इस भवन के निर्माण कार्य को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने निर्माण कार्य में शतप्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बालोद जिले में नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का निर्माण होना अपने आप में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा की नवीन न्यायालय भवन समय पर बने, भवन निर्माण के मटेरियल में कोई समझौता नही होगा। अच्छी क्वालिटी का मटेरियल उपयोग हो, ये न्यायालय भवन का निर्माण अन्य निर्माणाधीन कार्यो के एक अच्छा उदाहरण साबित होगा। नए न्यायालय भवन में अच्छे वातावरण में आमजन को न्याय मिलेगा।

यहाँ आने वाले सभी लोगों में होगा उत्साह का संचार

इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा के विशेष प्रयासों से बालोद जिले में नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने पर उन्होंने जस्टिस रमेश सिन्हा को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप ही बालोद जिले वासियों को नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का सौगात मिलने जा रहा है। उन्होंने इस अवसर को बालोद जिलेवासियों के लिए ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बताया। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस नवीन न्यायालय भवन के निर्माण कार्य पूरा हो जाने से हमारे कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ताओं एवं यहाँ आने वाले आम नागरिकों में उत्साह का संचार होगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस नवीन भवन के निर्माण हेतु वर्षों प्रक्रिया चलने के उपरांत हम सभी का बहुप्रतीक्षित सपना आज मूर्त रूप ले रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने इस नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के निर्माण हेतु कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सहित बालोद जिला प्रशासन, गणमान्यजनों एवं जिले वासियों से मिले सहयोग की सराहना करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

निर्माणाधीन न्यायालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने सपत्नीक विधि-विधान के साथ इस नवीन भवन के भूमिपूजन के कार्य को संपन्न कराया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण वास्तव में बालोद जिले के न्यायिक उपलब्धि की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बालोद जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन के सौगात मिलने पर जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि भवन निर्माण के निर्धारित समयावधि 18 महीने में जिले वासियों के लिए एक बेहतर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन उपलब्ध हो जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने बालोद जिला प्रशासन, जिला एवं तहसील अधिवक्ता संघ, गणमान्यजनों एवं आम नागरिकों से मिले सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न एवं अन्य न्यायाधीशों के द्वारा निर्माणाधीन न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, न्यायाधीश परिवार न्यायालय बालोद योगेश पारीक, प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश किरण कुमार जांगड़े, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्वेता उपाध्याय गौर, न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी माधुरी मरकाम, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी हीरा सिन्हा, अतिरिक्त प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सागर चन्द्राकर सहित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय साहू, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर, एसडीएम सुरेश साहू एवं अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे।

13 जोड़े हो गए विवाह के लिए तय 15 वां राज्य स्तरीय विकलांग युवक युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल, कान्यकुब्ज सभा व शिक्षा मंडल एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज यहां आशीर्वाद भवन में आयोजित 15 वे राज्य स्तरीय निशुल्क विकलांग युवक युवती परिचय सम्मेलन में 258 विकलांगों ने अपना परिचय दर्ज कराया जिसमें 13 जोड़ों के विवाह तय किए गए इस अवसर पर सहयोगी संस्थाओं एवं उनके पदाधिकारी सदस्य एवं कार्यकर्ताओं की सेवाएं सराहनीय रही इस आयोजन में 155 युवकों एवं 103 युवतियों ने भाग लिया, विकलांग चेतना परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल ने बताया कि इसके बाद भी जो जोड़े तय होंगे उनके विवाह वो एवं इस दौरान तय होने वाली सभी जोड़ों का 15/16 फरवरी 2025 को आशीर्वाद भवन में निशुल्क रूप से संपन्न कराया जाएगा। संपन्न हुए परिचय सम्मेलन का उद्घाटन के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य परिवार एवं कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में विकलांग चेतना परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विनय पाठक एवं विशिष्ट अतिथि, सतना मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक शंकर लाल तिवारी एवं अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक वीरेंद्र पांडे, विकलांग चेतना परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल, महामंत्री संतोष तिवारी, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल सहसंयोजक राघवेंद्र मिश्रा, घनश्याम पोद्दार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराधा दुबे, राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल सीनियर सिटीजन के अध्यक्ष प्रकाश सुराधइनवार, मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल के अध्यक्ष नीतेश अग्रवाल सचिव त्रिपत जैन ब्राह्मण समाज के सचिव सुरेश मिश्रा हेमंत तिवारी के अलावा और पदाधिकारी भी मंच पर उपस्थित थे मुख्य अतिथि ने निशक्त जनों को शिक्षित करने व समाज की मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया, परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल ने स्वागत भाषण में विकलांग चेतना परिषद के कार्यों का विस्तृत उल्लेख करते हुए कहा कि पंचम सामूहिक विवाह समारोह में 92 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ था जिसे लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया इस अवसर पर सभी जातियों समाज के विवाह योग्य विकलांग प्रतिभागी पूरे छत्तीसगढ़ उड़ीसा से यहां पहुंचे थे विशेष रूप से कोरिया अंबिकापुर रायगढ़ कोरबा कवर्धा के विकलांग शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन घनश्याम पोद्दार अनुराधा दुबे, निशा अग्रवाल ने किया। जीवनसाथी चुनने की सख्त जरूरत है-एक मंच पर युवक-युवतियों ने अपनी रूचि शिक्षा वर्ग बताते हुए भावी जीवनसाथी चुनने की इच्छा जाहिर की दूरदराज से अपने पालकों के साथ परिचय देने पहुंचे प्रतिभागियों ने एक दूसरे का हालचाल पूछा था आज तो निर्भर बनने हेतु कि मैं किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी सम्मेलन में राजस्थान दिल्ली हरिद्वार उत्तर प्रदेश उड़ीसा गाजियाबाद टाटा नगर भोपाल सीहोर सिवनी नीमच अमेठी सहित रायपुर कवर्धा जांजगीर चांपा भिलाई दुर्ग राजनांदगांव राजीव सूरजपुर बाजार कोरिया के अलावा अन्य जिलों से भी प्रतिभागी शामिल हुए आयोजकों ने बताया कि यह 15 वा राज्य स्तरीय विकलांग युवक युवती परिचय सम्मेलन है राजधानी में बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में आयोजन को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखा गया राजधानी में लगातार 12 वा आयोजन है 3 साल तक बिलासपुर में कार्यक्रम आयोजित हुए कार्यक्रम स्थल में विकलांग युवक युवतियों से ज्यादा विकलांगों की संख्या थी किंतु को ज्यादा कराया लेकिन युवकों ने बताया कि विकलांग सम्मेलन का नाम सुनकर आए थे किंतु नहीं कराए हैं यहां कर अच्छा लगा,राजस्थान के गांव मोहिद्दीनपुर, लखीमपुर जिले से आए दीनदयाल साहू दृष्टि संगीतकार हैं वह भी इतनी दूर से जीवन की खोज में रायपुर पहुंचे हैं।

बाल संदर्भ शिविर एकीकृत बाल विकास परियोजना

डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिनाई

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर के दशहरा मैदान में किया गया जहां पर आज पूरे छत्तीसगढ़ में आज महतारी वंदन महिला सम्मेलन का आयोजन सर्वप्रथम मां शारदा एवं छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया जिसमें महिलाएं बढचढ कर शामिल हुई। इस कार्यक्रम में महिलाओं को मिलने वाली शासन के योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया और बताया गया कि आप लोगों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से जो लाभ मिल रहा है भरपूर लाभ उठाएं और महिला शक्ति करण को आगे बढ़ाएं। महिलाओं ने महतारी वंदन योजना के लागू होने उनके खाते में हर महीने एक हजार रुपया आता है। इस एक हजार रुपये से उनकी कई तरह की कामों में मदद मिल जाती है। महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं ने बताया उनके खाते में आने वाली रुपये से घर की राशन बच्चों की पुस्तक कापी सहित दवाई लेने आदि में काम आता है। सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने में यह योजना मिल की पत्थर साबित हो रही है। कार्यक्रम में शामिल हुई महिलाओं ने इस योजना के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। बाल संदर्भ शिविर एकीकृत बाल विकास परियोजना जिसमें भारतीय डाक विभाग सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में महिलाओं को बताया गया ।वहि पर स्वास्थय विभाग ने भि मरिजो का शिविर मे उपचार किये। इस तरह से इस कार्यक्रम में व्यंजन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं जवाब प्रतियोगिता रखा गया जिसमें व्यंजन प्रतियोगिता में नागेश्वरी सोनवानी गायत्री महिलाओंप्रथम स्थान, कौशल्या चौहान द्वितीय, जागेश्वरी सिदार तृतीय, रंगोली प्रतियोगिता में मानसी टंडन प्रथम कुसुम जोशी एवं अंजलि उजगल्हे द्वितीय, देविका लहरे तृतीय स्थान रही इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राजकुमारी एवं सुनीता चंद्रा मुख्य अतिथि रही जहां पर विद्या महंत जिला अध्यक्ष महिला बाल विकास, परियोजना अधिकारी पुष्प लता अग्रवाल लक्ष्मी मंचभारतेंदु सुप्रिया साहू सुनीता चौहान पुष्पा बघेल बसंत सिदार प्रतिमा देवांगन अशोक बाई विजय, जे आर सूर्यवंशी, जे आर जायसवाल, लंबोदर तिवारी, प्रवीण इत्यादि। मंच संचालन ज्योति जांगड़े ने किया।

टीसीएल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मूट कोर्ट का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com

जांजगीर के टीसीएल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मूट कोर्ट का आयोजन किया गया. यहां अतिथि के रूप में सहायक कलेक्टर आईएएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी, न्यायाधीश प्रियंका अग्रवाल, प्रगति चौहान और एडिशनल एसपी उमेश कश्यप मौजूद थे. मूट कोर्ट में NDPS के केस को लेकर छात्र-छात्राओं ने मंचन किया और छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग किरदार निभाया.एलएलबी के छात्र-छात्राओं ने कहा कि मूट कोर्ट सीखने का बड़ा माध्यम है. कोर्ट में सुनवाई के दौरान जो प्रक्रिया अपनाई जाती है, उसी प्रक्रिया को आभासी और काल्पनिक रुप से मूट कोर्ट के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने केस का मंचन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने जज, वकील, आरोपी, गवाह, पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई. मूट कोर्ट में पहुंचे अफसरों ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि मूट कोर्ट से निश्चित ही छात्र-छात्राओं को सीखने को मिलेगा. इस मौके पर आभा सिन्हा (HoD), अभय सिन्हा, नरेश आजाद, अतिथि प्राध्यापक- प्रियंका मैम व योगेश पैकरा मौजूद थे. यहां छात्र जज ऋतिक शर्मा, लोक अभियोजक-शालिनी यादव, सरोज कुर्रे (सहायक) बचाव पक्ष- श्रीया अग्रवाल, समीर कुमार (सहायक) पुलिस अधिकारी- सुनील खूंटे, सुनील चौहान, संजय सोनी गवाह-रविंद्र लठियारे, सूरज कश्यप, सुमन पटेल एस डी एम- सुधा निर्मलकरपटवारी- रीना अभियुक्त-सम्मी नारंग पुकार कर्ता-सूरज गढ़ेवाल स्टेनो-संतोषी एंकरिंग-सोनाली व सोनिया की भूमिका में रहे।

लेक्चरर शबाना परवीन की पीएचडी केमेस्ट्री में पूरी सन्ना में स्थित सरकारी स्कूल से हुआ था सफर शुरू

अपनी मेहनत से शिक्षा की बुलंदियों को छुआ, दूसरों के लिए बनीं प्रेरणा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

देश के मशहूर कवि हरिवंश राय बच्चन की कालजयी कविता कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, यह इससे निश्चित ही विद्यार्थी जीवन को अत्यधिक प्रेरणा से भर देती है। कुछ ऐसा ही प्रेरणादायक कार्य एक शासकीय व्याख्याता शबाना परवीन ने किया है। शबाना ने रसायन विज्ञान के टॉक्सिक आयन विषय पर अपना शोध पूरा करते हुए पीएचडी की डिग्री हासिल की है।

वनांचल ग्राम सन्ना से हैं शबाना-शबाना की स्कूली शिक्षा पहाड़ी क्षेत्र सन्ना के सरकारी स्कूल में हुई है। बचपन से ही मेधावी रही शबाना परवीन सन्ना निवासी अफजल हुसैन और सुल्ताना परवीन की पुत्री हैं। उनकी पीएचडी डॉ. मनीष उपाध्याय के गाइडेंस में पूरी हुई है।

रसायन की हैं व्याख्याता-वर्तमान में शबाना जशपुर विकासखंड के ग्राम भुड़केला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रसायन विज्ञान की व्याख्याता के तौर पर पदस्थ है। इस शोध का निश्चित ही विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

माता-पिता, गुरूजन और पति को श्रेय -अपने इस कामयाबी का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता के साथ ही अपने गुरुजनों और अपने पति मुबारक हुसैन को दिया है, जिन्होंने शादी के बाद भी शिक्षा हासिल करने के लिए उनका कदम से कदम मिलाकर साथ दिया।

यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम में एमव्ही एक्ट की ताबड़तोड़ कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के लगातार कुशल मार्गदर्शन में यातायात पुलिस कसडोल के वर्तमान प्रभारी नकुल ठाकुर के कुशल नेतृत्व, ए एस आई जनक यादव के उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता में यातायात पुलिस के जवानों द्वारा बस स्टैंड डोंगरीडीह कसडोल लवन नेशनल हाईवे मार्ग पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चालकों पर ताबड़तोड़ चालानी कार्रवाई के अलावा शराब के नशे में, तीन सवारी, गाड़ी चलाने वाले मोटर साइकिल वाहन चालकों के विरुद्ध विस्फोटक कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है वहीं मालगाड़ियों में सवारी ढोने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई से जोरदार हड़कंप हड़कंप मचा हुआ है जिससे सड़क दुर्घटनाओं में निरंतर ग्राफ लगातार गिरावट हो रही है जो कि अच्छी खबर है अगर इसी तरह कार्रवाई जारी रहा तो आने वाले समय में लोगों की जान तो सुरक्षित होंगे ही लोगों में शत प्रतिशत जागरूकता भी आ जाएगी।

जिले में तेजी से हो रहा धान का उठाव, अब तक 47,645 मेट्रिक टन धान का हुआ उठाव , धान उठाव के लिए 72 राइस मिलो से अनुबंध, 29 हजार 773 मैट्रिक टन धान का डी ओ जारी

- जिले में 63 हजार 662 किसानों से कुल 2 लाख 94 हजार 74 मेट्रिक टन धान की खरीदी

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी महापर्व अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी अभियान तेजी से प्रगति पर है। 14 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुए इस अभियान में अब तक 63 हजार 662 किसानों से कुल 2,94,074 मेट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जिले में मिलर्स द्वारा 7853 मेट्रिक टन एवं संग्रहण केंद्र के परिवहनकर्ताओं द्वारा 39792 मेट्रिक टन धान का उठाव हुआ है। इस प्रकार कुल 47,645 मेट्रिक टन धान का उठाव उपार्जन केंद्रों से हो चुका है। जिले में 72 राइस मिलों का अनुबंध हुआ है, 56 मिलरों द्वारा बैंक गारंटी जमा की गई है जिसके विरुद्ध 29773 मैट्रिक टन धान का डी ओ जारी किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में धान खरीदी का कार्य जारी है। जिले में सुचारू तरीके से धान की खरीदी की जा रही है, वहीं धान का उठाव लगातार ट्रांसपोर्टर्स एवं मिलर्स के द्वारा किया जा रहा है। जिले में किसानों को बारदाने की किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो रही है। सभी धान उपार्जन केन्द्रों में माइक्रो एटीएम उपलब्ध है। किसान माइक्रो एटीएम का उपयोग कर तत्काल 10 हजार रूपए तक निकाल सकते है, तत्काल राशि मिलने पर किसानों में खुशी है। धान बिक्री के लिए टोकन तुहर दुआर एप द्वारा ऑनलाईन माध्यम से टोकन किसानों को दिया जा रहा है। जिससे किसानों को बहुत सुविधा मिली और एक ही बार में पूरा धान की बिक्री हो जाने से समय की बचत हो रही है। किसानों द्वारा धान की बिक्री के 72 घंटों के भीतर धान का भुगतान समय पर प्राप्त होने से किसानों में खुशी है। जिले में किसानों द्वारा सुविधा पूर्वक धान की बिक्री की जा रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में धान उठाव और संग्रहण प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत धान बेचने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-233-3663 जारी किया गया है। यह हेल्पलाइन किसानों को उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

उपार्जन केंद्रों में किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन ने संबंधित राइस मिल संचालकों से शीघ्र धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मितानिनों के साथ हुए वाद विवाद पर जांच समिति गठित

सूरजपुर। जिले में मितानिनों के द्वारा किए गए हड़ताल की समाप्ति की सूचना देने 20 दिसंबर को 30-40 मितानिन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-सूरजपुर में पहुंचने पर आवक-जावक प्रभारी वाई.जे. लकडा, लेखापाल के साथ वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इस संबंध में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा बताया गया कि मितानिनों से प्राप्त लिखित शिकायत के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए संबंधित लिपिक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके लिए डॉ गरिमा सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय सूरजपुर की अध्यक्षता में तीन सदस्यों का टीम गठित कर विभागीय जांच संस्थित करते हुये पाच दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। जांच समिति के द्वारा जॉचोपरान्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सरखोर सेक्टर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ का भोरमदेव दर्शन यात्रा भ्रमण

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

एकीकृत महिला बाल विकास विभाग लवन परियोजना अंतर्गत सेक्टर सरखोर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का भोरमदेव पुरातात्विक भौगोलिक एवं प्राकृतिक दर्शन यात्रा का एकदिवसीय भ्रमण रविवार 22 दिसम्बर को रहा।लवन परियोजना अधिकारी जया पटेल के कुशल मार्गदर्शन में सेक्टर प्रभारी आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक शांति पटेल के उत्कृष्ट मार्गदर्शन में सेक्टर सरखोर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की टीम कवर्धा जिला में स्थित छत्तीसगढ़ की खजुराहो के नाम से प्रसिद्ध भोरमदेव दर्शन के लिए पहुंचे रहे।जंहा सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने 18वी शताब्दी में नागवंशी राजा नागदेव द्वारा स्थापित प्राचीन शिवलिंग सहित छेरकी महल, मड़वा महल, रानीदरहा, चिल्फी घाटी ,दामाखेड़ा (सिमगा)सहित विभिन्न स्थानों का दर्शन कर जानकारी प्राप्त किये। यात्रा सुखद एवं मंगलमय रहा। यात्रा के बाद पर्यवेक्षक शांति पटेल ने बताया कि भगवान भोलेनाथ का दर्शन लाभ प्राप्त हुआ इसके अलावा भौगौलिक एवं पुरातत्व की जानकारी भी प्राप्त हुआ।अति प्राचीन मूर्तियों एवं शिलालेखों के बारे में भी जानकारी प्राप्त हुई। वाकई में भोरमदेव को छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहने के अपने महत्व है। गौरतलब हो कि उक्त यात्रा स्थल में लवन परियोजना सेक्टर सरखोर अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा, डोंगरीडीह, डोंगरा, करदा, सरखोर, बाजार भाटा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की टीम शामिल हुई थी।

प्री वेडिंग शूट सहित सामाजिक कुरीतियों को लेकर संस्था ने लिए बड़े निर्णय

पांचवे तीर्थ स्थल अग्रोहा धाम हिसार में संपन्न हुई अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

पूरे विश्व में अग्रवाल समाज के सबसे सशक्त संगठन अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की नवगठित कार्यकारिणी राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं मेल मिलाप कार्यक्रम श्री अग्रोहा शक्तिपीठ हिसार हरियाणा में संपन्न हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रकुल प्रवर्तक अग्रसेन की विशालकाय प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ हुआ, तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल, राष्ट्रीय संरक्षक अजयकांत गर्ग मथुरा, राष्ट्रीय प्रमुख सलाहकार पीड़ीअग्रवाल दिल्ली, हरियाणा प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बलराम गुप्ता, पंजाब प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेश गुप्ता, छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल, तेलंगाना प्रदेश इकाई के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष रामेश्वर दयाल सिंघल,दिल्ली प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कृष्ण कुमार बंसल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन मित्तल जयपुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ डॉ निर्मल कुमार अग्रवाल रायपुर,राष्ट्रीय महिला विंग की अध्यक्ष सुशीला फरमानिया, राष्ट्रीय बाल विकास संयोजिका अरुणा अग्रवाल बिलासपुर, राजाराम बंसल प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन हरियाणा राज्य के अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने देते हुए आगंतुक सभी सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया तथा कहा कि हरियाणा प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के यहां संपन्न होने जा रही है वहीं बैठक के दौरान अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के नवगठित कार्यकारिणी के सभी राष्ट्रीय चैयरमेन, प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पदाधिकारीयो ने अपने-अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा गतिविधियों की जानकारी दी एवं नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीयो को अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने शपथ दिलाई तो वहीं दिल्ली प्रदेश इकाई की नवगठित कार्यकारिणी का भी शपथ ग्रहण समारोह प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार बंसल के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमे पंजाब प्रदेश इकाई के अध्यक्ष महेश गुप्ता द्वारा शपथ दिलाई गई बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र की सरकार से भगवान अग्रसेन जी की जयंती पर शासकीय अवकाश घोषित करने, केंद्र सरकार की योजनाओं का नामकरण भगवान अग्रसेन जी के नाम पर करने के संबंध में निर्णय लिया गया तथा उपरोक्त प्रस्ताव को केंद्र सरकार तक भेजने की बात हुई वहीं सामाजिक हित मे भी विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें अग्रवाल समाज में विवाह पूर्व होने वाली प्री वेडिंग शूट को बंद करना, दिन में फेरे करना, एवं सम्मेलन के वार्षिक कार्यक्रम के रूप में कुलदेवी महालक्ष्मी का वरदान दिवस कार्यक्रम मनाने का भी निर्णय लिया गया,तथा अन्य विषय शामिल है, एवं महिला तथा युवा इकाई के गठन को लेकर भी आवश्यक निर्णय लिए गए, साथ ही बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए जिस पर आने वाले दिनों में चर्चा कर इसे गति देने की बात कही गई बैठक के दौरान हरियाणा राज्य इकाई के सदस्यों द्वारा आगंतुक सभी पदाधिकारीयो का अग्रसेन जी की माला एवं दुपट्टे के साथ तथा मारवाड़ी समाज की परंपरा सनुसार सेहरा पहना स्वागत किया गया साथ ही बैठक में कलकत्ते में संपन्न बैठक के विषयों पर एवं लिए गए निर्णय तथा प्रस्ताव पर भी चर्चा करते हुए उसे स्वीकृति प्रदान की गई। एवं बैठक को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने कहा कि आप सभी ने मुझे पुनः अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है आप हम सब मिलकर हमारे संगठन को मजबूत बनाएंगे तथा सदस्यता विस्तार की दिशा में भी हमें काम करने की आवश्यकता है एवं आने वाले दिनों में द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह का भी आयोजन होगा, जिसमें हम विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज की महान विभूतियों को अलग-अलग क्षेत्र में कार्य करने के लिए सम्मानित करेंगे वहीं बैठक के दौरान मध्य प्रदेश इकाई द्वारा 10 नए सदस्य बनाए गए जिनका मंच पर बुलाकर सम्मान किया गया एवं बैठक में आगंतुक सभी सदस्यों के लिए श्री अग्रोहा शक्तिपीठ में आवास भोजन एवं नाश्ते की सुंदर व्यवस्था की गई थी तथा 22 दिसंबर की रात्रि कैंप फायर का भी आयोजन किया गया।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्रमांक/1163/रीडर-1/2024 जशपुर, दिनांक -20/12/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-जशपुर, प.ह.नं. 07** तहसील, जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदिका श्वेता ताम्रकार पति रोशन ताम्रकार जाति ठठेरा निवासी निवासी ग्राम जशपुर, तहसील एवं जिला जशपुर (छ.ग.)** के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-जशपुर स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय प्रयोजन** भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-जशपुर, प.ह.न. 07, आवेदित भूमि का ख.न. 365/1, जिसका रकबा 0.021 हे.,में से/वर्ग.मी. 0.071 हे., प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजन।

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांक:-07/01/2022 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक:- 20/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर, जिला-जशपुर (छ.ग.)

उद्घोषणा

क्रमांक/1161/रीडर-1/2024 जशपुर, दिनांक -20/12/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता **ग्राम-गम्हरिया, प.ह.नं. 08** तहसील, जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि **आवेदिका राजमनी लकड़ा पति रिडोल लकड़ा जाति उरांव निवासी ग्राम गलौण्डा, तहसील एवं जिला जशपुर (छ.ग.)** के द्वारा सारणी में उल्लेखित ग्राम-गम्हरिया स्थित आवेदित भूमि को **आवासीय प्रयोजन** भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदित भूमि की सारिणी ग्राम-गम्हरिया, प.ह.न. 08, आवेदित भूमि का ख.न. 52/6, जिसका रकबा 0.028 हे.,में से/वर्ग.मी. 0.028हे., प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजन।

उपरोक्त मामले की सुनवाई दिनांक:-07/01/2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जशपुर के न्यायालय में न्यायालयीन **समय सुबह 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे** तक में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी पक्षकार/व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक:- 20/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जशपुर (छत्तीसगढ़)

बेर के सेवन से पाएं कई सेहत समस्याओं से निजात

'बेर' खास और खट्टा-मीठा फल है। यह फल खाने में जितना अच्छा लगता है, इसके फायदे भी उतने ही होते है। यदि आप ठंड में बेर का सेवन करते हैं तो इस मौसम में होने वाली सेहत समस्या और अन्य कई समस्याओं से निजात भी पा सकते हैं। आइए, जानते हैं बेर फल को खाने से मिलने वाले फायदे -

- यदि आपकी त्वचा पर कट लगा हो या घाव हो जाए तो आप बेर का गूदा घिसकर घाव पर लगा लें। ऐसा करने से घाव जल्दी भरता है।
- बेर का सेवन खुश्की और थकान को दूर करने में मदद करता है।
- बेर की पत्तियों में कैल्शियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, पोटेशियम, सोडियम, क्लोरीन, प्रचुर मात्रा में होता है। यदि आप बेर और नीम के पत्ते पीसकर सिर में लगाएं तो इससे सिर के बाल गिरने कम होते हैं।
- बेर का जूस पीने से बुखार और फेफड़े संबंधी रोग ठीक होते है।
- बेर पर नमक और काली मिर्च लगाकर खाने से अपच की समस्या दूर होती है।
- सूखे हुए बेर खाने से कब्ज और पेट संबंधित परेशानियां दूर होती हैं।
- अगर आप बेर को छाछ के साथ लेंगे तो इससे घबराहट, उलटी आना और पेट दर्द से राहत मिलती है।
- नियमित बेर खाने से अस्थमा के रोगियों को भी आराम मिलता है साथ ही अगर किसी को मसूड़ों में घाव हो गया हो तो वह भी जल्दी भर जाता हैं।





गुड़ एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो आपको घर की रसोई में ही बड़ी आसानी से मिल जाएगा। इसका सेवन अगर अलग-अलग रूपों से किया जाए तो यह हमारी सेहत को नीचे बताई जा रही बीमारियों की चपेट में आने से बचाए रख सकता है।

रात में सोने से पहले गर्म पानी के साथ करें गुड़ का सेवन

गुड़ के फायदे

रात में सोने से पहले गर्म पानी के साथ करें गुड़ का सेवन, इन जानलेवा बीमारियों का खतरा हो जाएगा कमसेहतमंद बने रहने के लिए हमें कई प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन नियमित रूप से भी करना चाहिए। खाने के बाद हमें अक्सर किसी मीठे पदार्थ को खाने की सलाह दी जाती है ताकि पाचन क्रिया में आसानी हो। इन खाद्य पदार्थों में गुड़ का भी नाम शामिल है जो आमतौर पर सभी घरों में बड़ी आसानी से मिल जाता है। विभिन्न प्रकार के पकवानों को बनाने में भी गुड़ का इस्तेमाल किया जाता है। इसका अलग-अलग रूप से सेवन करें तो यह हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस लेख में आपको गुड़ का सेवन करने से होने वाले विशेष फायदों के बारे में बताया जाएगा ताकि आप भी अपनी दिनचर्या में इसको शामिल करके सेहतमंद बने रहें।

वजन घटाने में

वजन घटाने के लिए मुख्य रूप से गुड़ के पानी का सेवन करने की सलाह दी जाती है। कई मशहूर डायटिशियन भी सुझाव देते हैं कि जिन लोगों को मोटापे की समस्या है, उन्हें नियमित रूप से गुड़ के पानी का सेवन करना चाहिए1 इससे वजन को कम करने में प्रभावी रूप से असर दिखाई पड़ने लगता है।

पाचन क्रिया को ठीक करने के लिए

पाचन क्रिया को अगर थोड़ी भी समस्या का सामना करना पड़ता है तो यह में कई प्रकार की बीमारियों की चपेट में ला सकता है। एक अध्ययन के अनुसार इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है। फाइबर एक ऐसा पोषक तत्व है जो मुख्य रूप से पाचन क्रिया को सुचारू रूप से चलाए रखने के लिए शरीर के लिए बहुत आवश्यक होता है। गुड़ के जरिए इस पोषक तत्वों की पूर्ति करके पाचन क्रिया को मेंटेन रखा जा सकता है।

खून की कमी होने से बचाए

खून की कमी सबसे ज्यादा गर्भावस्था में महिलाओं को परेशान कर सकती है और यह समस्या गर्भस्थ शिशु के लिए मुसीबत बन सकती है। चूंकि गुड़ में आयरन की काफी मात्रा होती है इसलिए महिलाओं के लिए इसका सेवन खून की कमी होने से रोकेगा और जच्चा-बच्चा दोनों को स्वस्थ रखने में भी मददगार साबित होगा। हालांकि, पहली और दूसरी तिमाही में गुड़ का सेवन न करने की सलाह दी जाती है क्योंकि गुड़ की तासीर गर्म होती है और यह बच्चे के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुधारने के लिए

रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) को मजबूत बनाकर आप कई प्रकार कीसंक्रामक बीमारियों और कुछ जानलेवा बीमारियों के खतरे से भी बचे रह सकते हैं। एक वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार, गुड में मौजूद जिंक और विटामिन-सी की मात्रा रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए प्रभावी रूप से मददगार साबित होती है। इसलिए जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर है, वे गुड़ का सेवन कर सकते हैं।

ब्लड प्रेशर को कम करे

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से हर साल पूरी दुनिया में लाखों लोगों की मौत होती है। इसे हाइपरटेंशन के नाम से भी जाना जाता है। जबकि गुड़ में मौजूद पोटेशियम की मात्रा आपको हाइपरटेंशन की समस्या से बचा सकती है। इतना ही नहीं, गुड में मौजूद पोटैशियम की मात्रा आपके ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखने के साथ-साथ स्ट्रोक, ओस्टियोपोरोसिस और किडनी स्टोन की समस्या से भी शरीर को सुरक्षा प्रदान करती है।

लिवर को साफ रखने के लिए

लिवर की क्लीनिंग करना बहुत जरूरी है, नहीं तो यहां अल्सर और इंफेक्शन की भी समस्या हो सकती है। लिवर में अगर लंबे समय तक संक्रमण बना रहता है तो यह कैंसर का रूप ले सकता है। जबकि गुड़ में मौजूद डिटॉक्सिक गुण टॉक्सिक पदार्थों को लिवर से बाहर निकालने का कार्य कर सकता है। इसके लिए आप चाहे तो गुड़ को गर्म पानी में उबालकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

गुड़ खाने के नुकसान क्या हैं?

गुड़ खाने के फायदे के साथ-साथ आपको इससे होने वाले संभावित नुकसान के बारे में भी बताया जा रहा है ताकि आप अपनी सेहत का खास ख्याल रख सकें। अधिक मात्रा में किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन करना नुकसानदायक होता है और गुड़ के साथ भी यही बात लागू होती है। अधिक मात्रा में यदि आप गुड़ का सेवन करते हैं तो यह शुगर, मोटापा और टाइप टू डायबिटीज का खतरा भी बढ़ा सकता है।

नारियल पानी के सेवन से मिलते हैं बेहतरीन सेहत लाभ

नारियल पानी अधिकतर लोगों को पसंद आता है। लेकिन ये सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि सेहत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद है। दरअसल, इसमें शरीर के लिए फायदेमंद कई तरह के विटामिन्स, मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट पाए जाते हैं। जो आपको कई सेहत लाभ देते है। तो आइए जानते हैं नारियल पानी से क्या-क्या फायदे मिलते हैं.

- नारियल पानी का सेवन लिवर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। नारियल पानी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो लिवर में कई तरह के विषाक्त पदार्थों की गतिविधि को कम करते हैं। इसका सेवन करना लिवर के लिए काफी लाभकारी होता है।
- पेट के लिए नारियल पानी बेहद फायदेमंद है। इसके सेवन से पेट दर्द, एसिडिटी, अल्सर में थोड़ा-थोड़ा नारियल पानी पीने से आराम मिलता है।
- ऊर्जावान रहने के लिए नारियल पानी काफी अच्छा होता है। इसके सेवन से कमजोरी, थकान, चक्कर आने जैसी समस्याओं में इसको पीने से तत्काल लाभ प्राप्त होता है।
- नारियल पानी हृदय रोग का जोखिम कम करने का काम करता है। इसके सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है।
- वजन कम करना चाहते है, तो नारियल पानी आपकी बहुत मदद करेगा। यह कैलोरी में कम और पचाने में आसान होता है। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो वजन और मोटापा कम करने में मददगार हैं।
- त्वचा में ग्लो और स्किन बिलकुल क्लिन रखना चाहते है तो नारियल पानी आपको नियमित रूप से पीना चाहिए। यदि चेहरे पर मुहांसे और दाग धब्बों की समस्या बढ़ गई है ,तो नारियल पानी का सेवन आपकी सारी समस्या को दूर करेगा।

इस आयुर्वेदिक चाय से मजबूत होगा इम्यून सिस्टम

अगर आपकी प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ गई है और आप बार-बार सर्दी, खांसी, जुकाम या बुखार से पीड़ित हो रहे हैं तो आपको जरूरत है इस खास आयुर्वेदिक चाय की। तुलसी और अन्य मसालों से बनी ये चाय तेजी से आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगी।

चाय बनाने की सही विधि

सामग्री : तुलसी के सुखाए हुए पत्ते (जिन्हें छाया में रखकर सुखाया गया हो) 500 ग्राम, दालचीनी 50 ग्राम, तेजपान 100 ग्राम, ब्राह्मी बूटी 100 ग्राम, बनफशा 25 ग्राम, सौंफ 250 ग्राम, छोटी इलायची के दाने 150 ग्राम, लाल चन्दन 250 ग्राम और काली मिर्च 25 ग्राम।

विधि : सब पदार्थों को एक-एक करके इमाम दस्ते (खल बत्ते) में डालें और मोटा-मोटा कूटकर सबको मिलाकर किसी बरनी में भरकर रख लें। बस, तुलसी की चाय तैयार है। दो कप चाय के लिए यह 'तुलसी चाय' का मिश्रण (चूर्ण) आधा छोटा चम्मच भर लेना काफी है।

दो कप पानी एक तपेली में डालकर गरम होने के लिए आग पर रख दें। जब पानी उबलने लगे तब तपेली नीचे उतार कर आधा छोटा चम्मच मिश्रण डालकर फौरन ढक्कन से ढंक दें। थोड़ी देर तक उबलने दें फिर छानकर कप में डाल लें। इस चाय में दूध नहीं डाला जाता। मीठा करना चाहें तो उबलने के लिए आग पर तपेली रखते समय ही उचित मात्रा में शकर डाल दें और गरम होने के लिए रख दें।

टमाटर सूप है बेहद फायदेमंद

लाल लाल स्वादिष्ट टमाटर कई सब्जियों व डिश का अहम हिस्सा होते है। कच्चे टमाटर के अलावा उनका सूप भी बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है। आमतौर पर खाने से पहले स्टार्टर के तौर पर लिए जाने वाले टमाटर सूप में विटामिन A, E, C, K और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। जो आपको हेल्दी और फिट रखने में मदद करते हैं। टमाटर सूप पीने से सेहत को मिलने वाले गजब के फायदे -

हड्डियों के लिए फायदेमंद

टमाटर सूप में विटामिन K और केल्शियम होता है जो हड्डियों को मजबूत रखता है। इसके अलावा शरीर में लाइकोपीन की कमी होने से भी हड्डियों पर तनाव बढ़ता है और टमाटर में काफी मात्रा में लाइकोपीन होता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा होता है।

दिमाग को रखें दुरुस्त

टमाटर सूप में भरपूर मात्रा में कॉपर और पोटेशियम पाया जाता है, जिससे नर्वस सिस्टम ठीक रहता है और दिमाग को मजबूती मिलती है।

विटामिन की कमी करे पूरी

टमाटर सूप में विटामिन A और C अच्छी मात्रा में होता है। विटामिन इ, टिशू के विकास के लिए जरूरी होता है। कहते है कि शरीर में रोजाना 16% विटामिन A और 20% विटामिन C की जरूरत होती है और टमाटर सूप इसकी जरूरत को पूरा करता है।

वजन करे कम

टमाटर सूप को अगर ऑलिव ऑयल से बनाया जाए तो यह वजन घटाने में सहायक होता है, क्योंकि इसमें पानी और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे आपको काफी समय तक भूख नहीं लगती।

कैंसर का खतरा करे कम

टमाटर सूप में लाइकोपीन और कैरोटोनॉयड जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जिससे कैंसर की आशंका कम हो जाती है।

ब्लड शुगर को करे नियंत्रण

डायबिटीज के मरीजों को डाइट में टमाटर सूप जरूर लेना चाहिए। इसमें क्रोमियम होता है, जो ब्लड शुगर को नियंत्रण में रखने में सहायक होता है।

रक्त प्रवाह को बढ़ाए

टमाटर में सेलेनियम होता है, जो रक्त प्रवाह को बढ़ाता है जिससे एनिमिया का खतरा कम हो जाता है।

दालें प्रोटीन से भरपूर होती हैं। वैसे तो हर दाल पोषक तत्वों से भरपूर होती है लेकिन फिर भी अगर आपको प्रोटीन की मात्रा से के साथ कुछ परेशानियों को जड़ से खत्म करना है, तो आप अपनी डाइट में मूंग दाल जरूर जोड़ें। किसी भी रूप में मूंग दाल के सेवन के कई फायदे हैं।

पोषण के मामले में सभी दालों पर भारी है मूंग दाल

दाल के पोषक तत्व

- दालों में सबसे पौष्टिक दाल, मूंग की होती है, इसमें विटामिन ए, बी, सी और ई की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम की मात्रा भी मूंग में बहुत होती है। इसके सेवन से शरीर में कैलोरी भी बहुत नहीं बढ़ती है। अगर अंकुरित मूंग दाल खाएं तो शरीर में कुल 30 कैलोरी और 1 ग्राम फैट ही पहुंचता है।
- अंकुरित मूंग दाल में मैग्नीशियम, कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन, विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी -6, नियासिन, थायमिन और प्रोटीन होता है।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ग्लूकोज लेवल बहुत कम होता है इस वजह से मधुमेह रोगी इसे खा सकते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ओलियोसाच्याराइडस होता है जो पॉलीफिनॉल्स से आता है। ये दोनों की घटक, गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रबल करते हैं। कैंसर के रोगी भी इसका सेवन आराम से कर सकते हैं।
- मूंग की दाल में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देते हैं और उसे बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफलामेट्री गुण होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में शरीर के टॉक्सिक को निकालने के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में विषाक्त तत्वों में कमी आती है।

ऐसे बनाएं हेल्दी मूंग दाल का चीला

रात को मूंग दाल को एक पैन में पानी डालकर रख दें। इसके बाद सुबह इसे छान कर ग्राइंडर में पीस लें। इसके बाद इसमें नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लें। अब तवा को गर्म करें। गर्म हो जाने में थोड़ा सा तेल डालकर मूंग दाल के पेस्ट को डालकर अच्छी तरह से फैला लें। इसके बाद इसमें सभी सब्जियां और पनीर डाल दें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा घी डालकर दूसरी तरफ भी सेंक लें। इसके बाद इसे प्लेट में निकाल लें। आपका मूंग दाल का चीला बनकर तैयार हैं। इसे हरी या लाल चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

किसानों के कमाई पर कांटा मारी इन पर कब चलेगा विष्णु का सुदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता हैं। छत्तीसगढ़ में धान की पैदावार भी भारी मात्रा में होता है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जोरो पर है। उपार्जन केंद्रों में भारी मात्रा में धान की आवक हो रही है। सरकार के द्वारा धान की खरीदी को लेकर तरह तरह की नियम कायदे बनाया गया है साथ ही गड़बड़ियां रोकने के लिए भी अलग अलग स्तर पर अधिकारियों की टीम गठित किया गया है लेकिन ये सब दिखावा और महज कोरम पूर्ति है। उपार्जन केंद्रों में जिम्मेदारों के नाक के नीचे किसानों से 500 ग्राम से एक किलो ग्राम धान प्रति बोरी लिया जा रहा है। जो जांच का विषय बना हुआ है लेकिन जांच आखिर कौन करेगा यह एक बड़ी सवाल है। छत्तीसगढ़ी में एक कहावत है...चोर चोर मौसेरे भाई।

500 ग्राम से एक किलो अधिक की तौलाई – छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किसानों की आवश्यकता के अनुरूप भारी संख्या में उपार्जन केंद्र की स्थापना किया है। कबीरधाम जिले में 108 उपार्जन केंद्र है। जहां किसानों की उपज को खरीदा जा रहा हैं। पंजीकृत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी किया जाता है। प्रति बोरी में 40 किलोग्राम धान की खरीदी किया जाना है। उपार्जन केंदों में किसानों के द्वारा अपनी मेहनत की कमाई को लेकर बेचने जाते है तो उनसे प्रति बोरा 41 किलो 200 से 42 किलो तक की धान की तौलाई किया जाता हैं जबकि नियमानुसार 40 किलो 700 ग्राम की तौल होना चाहिए या फिर बोरी के। बदले बोरी रखकर 40 किलो की खरीदी किया जाना चाहिए लेकिन उपार्जन केंद्र प्रभारी के निर्देशानुसार वहां पर तैनात हेमालियो के द्वारा ज्यादा तौल किया जाता हैं।

मना करने पर करते हैं दादागिरी

कबीरधाम जिले के उपार्जन केंद्रों में किसान की उपज को खरीदने के लिए व्यवस्था दुरस्त है। किसानों की धान को सही मात्रा में खरीदी के लिए इलेक्ट्रानिक मशीन लगाया गया है लेकिन किसानों के उपज में काटा मारी बड़ी मात्रा में किया जा रहा है। किसानों के द्वारा अधिक मात्रा में धान की तौल करने को लेकर मना किया जाता हैं तो वहां मौजूद कर्मचारियों के द्वारा दादागिरी करते हुए उनके धान को खरीदने से मना करने लगते है जिससे किसान भयभीत होकर उन्हें अधिक मात्रा में धान देने मजबूर दिखाई देते है।

भौतिक सत्यापन की आवश्यकता

जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शिता पूर्ण धान खरीदी के लिए प्रत्येक खरीदी केंद्र के नोडल की नियुक्ति किया गया है जिनके द्वारा गड़बड़ी को रोकने के लिए उपार्जन केंद्र और सरकार के बीच मध्यस्थता का कार्य करना है साथ ही समन्वय स्थापित करना है लेकिन कबीरधाम जिला के समस्त खरीदी केंद्र सहित सहसपुर लोहारा विकासखंड के मुख्यालय में विद्युत कार्यालय के समीप संचालित उपार्जन केंद्र में किसानों से खरीदी किए गए धान का जो स्टॉक है। जिसका खरीदी और भुगतान किया जा चुका हैं यदि उसको भी तौल किया जाए तो किसानों से नियमानुसार लिए जाने से अधिक मात्रा में मिलेगा। सक्षम अधिकारी यदि उक्त स्ट्रोक की धान का बोरी को तौल करते हुए भौतिक सत्यापन किया जाए तो वास्तिक में कितना किसानों की कमाई से लुट किया जा रहा है। उसका पता चल जाएगा।

इन पर कब चलेगा विष्णु का सुदर्शन

छत्तीसगढ़ सरकार एक तरफ अपने एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर सुशासन दिवस मनाया जा रहा है लेकिन दूसरी तरफ उनके खून पसीना की कमाई में खुलेआम काटा मारी किया जा रहा है जिस पर किसान मजबूर दिखाई दे रहे है। सरकारी तंत्र भी कोरम पूर्ति करने में भिंडा हुआ है। इसे भ्रष्ट अधिकारी पर विष्णु का सुदर्शन चक्र कब चलेगा। जिससे किसानों के कमाई से काटा मारी को रोक कर उनके अधिकार का हनन होने से बचाया जा सके।

यूथ और ईको क्लब के संवर्धन के लिए रायपुर शहर के माध्य. शाला के शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय हुआ प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक समग्र शिक्षा रायपुर (शहरी) और विकासखंड शिक्षा अधिकारी, धरसींवा रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में शहर के पूर्व माध्यमिक शालाओं में स्थापित यूथ व इको क्लब के संवर्धन के लिए शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण रायपुर के शासकीय सरस्वती कन्या माध्यमिक शाला पुरानी बस्ती में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई तदोपरांत विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक समग्र शिक्षा रायपुर(शहरी) शिरीष तिवारी द्वारा प्रशिक्षण की प्रासंगिकता,आवश्यकता और उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी को मार्गदर्शन करते हुए उसका कार्यान्वयन कैसे करना है इसके बारे में बताया गया। समस्या की सार्वभौमिकता को केवल जागरूकता से ही दूर किया जा सकता है अतएव आने वाली पीढी को दुष्प्रभाव से बचाने और पारिस्थितिक तंत्र से जोड़ने का माध्यम हम बने, प्रशिक्षण में क्लब के गठन शाला में एक क्लब के रोल पर चर्चा की गई। इसके बाद पिछले प्रशिक्षण की पुनरावृत्ति करते हुए प्लास्टिक साक्षरता जमीन प्रदूषण एवं पोषण वाटिका के विषय पर पूरे प्रशिक्षण की रूपरेखा बताई गई। इको क्लब के तहत प्लास्टिक साक्षरता विषय पर 11 सप्ताह की गतिविधियां करते हुए 12वे सप्ताह में जमीन मेला के आयोजन के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण में वीडियो और पीपीटी के माध्यम से प्लास्टिक के प्रकार, प्लास्टिक के उपयोग, प्लास्टिक के दुष्परिणाम एवं प्लास्टिक का उपयोग हम कैसे कम कर सकते हैं? इस पर चर्चा की गई। प्लास्टिक के सफर के बारे में बताया गया। द्वितीय दिवस प्रशिक्षण की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई तदोपरांत अलग-अलग ग्रुप के प्रतिभागियों के द्वारा प्रथम दिवस प्रशिक्षण के प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए एवं पेपर बैग की प्रदर्शनी लगाई गई इसके पश्चात पोषण वाटिका का सामान्य परिचय दिया गया। इसके बाद पोषण वाटिका कैसे तैयार करें भूमि का चयन बीजों का चयन, पौधों का चयन और फसल कैलेंडर कैसे तैयार करें यह बताया गया। किस किस तरह के पौधे अपनी शाला में लगे कि हमें साल भर सब्जी फल प्राप्त हो इस पर चर्चा की गई कैसे ऑर्गेनिक खेती की जाए यह भी बताया गया।

अदनान खान कलर्स के आगामी शो 'मन्नत हर खुशी पाने की' में

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलर्स की आगामी पेशकश, 'मन्नत - हर खुशी पाने की' ने एक और प्रोमो जारी करके दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है, जिसमें ड्रामा और भावनात्मक ट्विस्ट की भरमार है। मुंबई के एक रेस्तरां में सेट की गई, यह कहानी एक प्रतिभाशाली युवा शेफ मन्नत की जिंदगी पर आधारित है। वह ऐसी दुनिया में अपनी योग्यता साबित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है, जो उसे उसकी प्रतिभा से ज्यादा उसकी साधारण जड़ों को अहमियत देती है। उसके सपनों को उसकी क्रूर बॉस से चुनौती मिलती है, जो हर मोड़ पर उसे कमतर आंकती है, और उसका उपहास उड़ाती है कि वह सिर्फ सड़क किनारे ठेला चलाने लायक ही है। हालांकि, उसके दूसरे बॉस, विक्रांत का मानना है कि

उसमें हेड शेफ की हैट पहनने के अपने सपने को जीने की पूरी काबिलियत है, जो उसकी कुकिंग से पूरी तरह प्रभावित है। मन्नत को यह नहीं पता है कि ऐश्वर्या सिर्फ उसकी बॉस नहीं है बल्कि वह उसकी मां भी है, वही महिला जिसने उसे जन्म देने के बाद छोड़ दिया था। मन्नत की भूमिका में आयशा सिंह, ऐश्वर्या के रूप में मोना वासु और विक्रांत के किरदार में अदनान खान अभिनीत, 'मन्नत हर खुशी पाने की' मां-बेटी के जटिल रिश्ते पर से पर्दा उठाती है, और यह बताती है कि किसी को अपने भाग्य को बदलने के लिए क्या करना पड़ता है। विक्रांत की भूमिका निभाने को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए, अदनान खान कहते हैं, मैं 'मन्नत हर खुशी पाने की' के साथ 2024 को काफी खूबसूरत यादों के साथ समाप्त करने के लिए आभारी और रोमांचित हूं। चैनल ने हमेशा कहानी पेश करने के मामले में नई सीमाएं पारिभाषित की हैं, और मेरे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि उन्होंने ऐसे कई पहलुओं वाले किरदार को निभाने के लिए मुझ पर भरोसा किया है। मैं जिस किरदार को निभा रहा हूं विक्रांत एक प्यारा पारिवारिक व्यक्ति है, जो इंग्लैंड से भारत आया है। वह अपने रेस्तरां की फ्रैंचाइजी का विस्तार करने के लिए दृढ़ है, और जिंदगी के उस मोड़ से अनजान है जो मन्नत उसके जीवन में लाएगी।

कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी ने कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त हुई है।

मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मान – रायपुर स्थित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में

कुसमी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राज्य के 98.9% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कुसमी को सम्मानित किया गया।

मूल्यांकन के मानक और सफलता – कायाकल्प कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य सेवाओं के 8 प्रमुख मानकों– अस्पताल रखरखाव, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, सहायक सेवाएं, स्वच्छता प्रचार-प्रसार, अस्पताल की सीमा के बाहर की सेवाएं और पर्यावरण अनुकूलता–पर संस्थान का मूल्यांकन किया गया। इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कुसमी को यह सम्मान मिला।

टीम की मेहनत और सहयोग – इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा और सीएमएचओ डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी और गुणवत्ता पूर्ण सेवाएं प्रदान करते रहने के लिए प्रेरित किया। संस्थान प्रभारी चिंताराम साहू ने इसे पूरी टीम की मेहनत और निष्ठा का परिणाम बताया। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे आरएमए सुमित मिश्रा, नेत्र सहायक मुकेश टंडन, स्टाफ नर्स महेत्रीन विन्ध्यराज, पदमनी वर्मा, फार्मासिस्ट कु. प्रतिमा जोशी, लैब टेक्नीशियन कु. दुर्गा टोन्ड्रे, और अन्य कर्मचारियों का समर्पण है।

भविष्य की प्रेरणा – राज्य स्तरीय सम्मान मिलने से न केवल स्वास्थ्य विभाग में उत्साह का संचार हुआ है, बल्कि क्षेत्र की जनता को निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का संकल्प भी सशक्त हुआ है।

लोहराकोट में बाबा गुरु घासीदास की जयंती में डॉ. सम्पत अग्रवाल शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट में रविवार को गुरु घासीदास बाबा की जयंती हर्षोल्लास के साथ बड़े धूमधाम से मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने जैतखाम में माथा टेक कर क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना की और आशीर्वाद लिया। गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर उपस्थित समाज गंगा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि गुरु घासीदास ने भक्तों को सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का नारा देकर समाज में फैले कुरीतियों के सामाजिक संगठनों में भेदभाव, असंतोष की भावना को दूर किया। हम सभी को

उनके नामांकित मार्ग पर यात्रा करनी चाहिए। परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा सत्य में चलने का मार्ग बताते हैं। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल करते हुए कहा कि संत गुरु घासीदास ने संपूर्ण मानव जाति को कल्याण का मार्ग दिखाया। उनका मनखे-मनखे एक समान संदेश पूरे मानवता के लिए है। उनके इस महान संदेश से समाज में खुशहाली, समरसता, प्रेम और भाईचारा का माहौल बना। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने जीवन का लक्ष्य सत्य की प्राप्ति बताई।

महतारी वंदन सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल, महिला हितग्राहियों का किया सम्मान

बसना नगर स्थित मंगल भवन में भाजपा सरकार के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने मां भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के वादे को पूरा कर माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना, मातृशक्ति का सम्मान, स्वाभिमान और स्वालंबन सुनिश्चित कर रही है। सम्मानित महिलाओं ने योजना की राशि से व्यवसाय शुरु की है। साथ ही रोजगार मूलक कार्य में इस्तेमाल कर रही है। कार्यक्रम में विष्णु की पाती का वाचन किया गया।

कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के गूंज ने मचाई धूम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया ग्लोबल स्कूल, गाँव टेकारी विधानसभा रोड, रायपुर ने अपना दो दिवसीय पाँचवा वार्षिक दिवस, गूँज कलर्स ऑफ वाइब्रेंट इंडिया मनाया। वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन प्री प्राइमरी से कक्षा 2 के बच्चों ने भारतीय संस्कृति के अनोखे रंग दिखाए तथा दूसरे दिन कक्षा 3 से 12 के छात्रों ने रंग बिखेरे। दीप प्रज्वलन और सर्व धर्म प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों में प्रेम और अपनेपन की भावना जगाने के लिए हुई। पहले दिन के मुख्य अतिथि सतीश मिश्रा ने छात्रों के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए और उन्हें अपने हितों में अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर जदवानी, उपाध्यक्ष विजय जादवानी, डायरेक्टर

एमपावर एजुप्रेन्योर ग्रुप गोविंद मुदलियार, सचिव जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी हरजीत सिंह हूरा, डायरेक्टर कोलंबिया ग्लोबल स्कूल रविंदर सिंह हूरा और दीपजोत कौर हूरा, प्रधानाचार्य आइवन स्मिथ उपस्थित थे। किशोर जादवानी ने अतिथि का स्वागत किया और ज्ञान के अपने शब्दों को साझा किया। कोलंबिया जूनियर्स की सेंटर हेड शाहिना मिश्रा ने और कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के प्रधानाचार्य आइवन स्मिथ ने क्रमशः वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें छात्रों की शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। साथ ही कक्षा 10 और 12 का परिणाम 100% रहा यह भी बताया और टॉपर बच्चों को बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत राज्यगीत के सुरीले शब्दों के साथ औपचारिक समारोह से हुई। औपचारिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को शिक्षा, खेल, कला और शिल्प जैसी विभिन्न विधाओं में पुरस्कार दिए गए। चेयरमैन का पुरस्कार उस छात्र को दिया गया है जो समग्र प्रदर्शन करता है। इस वर्ष स्कूल ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भाग लेने वाले सभी छात्रों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। गोल्ड मेडलिस्ट मुस्कान वर्मा और साक्षी वर्मा को 15,000/- नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि ब्रॉन्ज मेडलिस्ट वीना सिंह ठाकुर को 5,000/- नकद पुरस्कार दिया गया। एक विशेष पुरस्कार सुंधांशु झा को दिया गया, जिन्होंने जेईई परीक्षा उत्तीर्ण कर पीडब्ल्यूडी श्रेणी में ऑल इंडिया रैंक 25 हासिल की। मुख्य अतिथि डॉ पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा कि हमें सफल होने के लिये निरंतर प्रयास करना पड़ता है।

पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद एथलीट स्टेडियम कोटा रायपुर में

वाधवा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक खेल कूद और पुरस्कार वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

वाधवा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंद नगर रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा वार्षिक खेल कूद और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद एथलीट स्टेडियम कोटा रायपुर में किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मनोज प्रधान राष्ट्रीय कोच, लक्ष्मी जेठवा राष्ट्रीय कराटे चैंपियन 2021, कुसुम जाले राष्ट्रीय एथलीट, दिलीप कुमार साहू सीनियर मैनेजर यूको बैंक, डॉ विवेक वाधवा अध्यक्ष वाधवा मिशन, सचिव डॉक्टर सूरज सिंह वाधवा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा फहरा कर और गुब्बारे छोड़कर किया गया। सभी प्रतिभागियों के द्वारा अपने अपने दल अनुसार मार्च पास्ट पेश किया गया। सीनियर छात्रों के द्वारा योग डांस की मनोरम प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात

मुख्य तिथि द्वारा छात्रों को स्पोर्ट्स मीट की शपथ दिलाई गई और विधिवत खेलकूद कार्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा की गई। सर्वप्रथम अंडर 10, 12,14, 16,18 बालक बालिकाओं का 100 मी, 200 मी, 800 मी की दौड़ और रिले दौड़ का आयोजन किया गया। साथ ही उपरोक्त ग्रुप में शॉट पुट (गोला फेक), डिस्कस (तवा फेक), लंबी कूद, ऊंची कूद का भी आयोजन किया गया, जिसमें उत्साह पूर्वक लगभग 700 छात्रों ने भाग लिया।

अतिथियों द्वारा उपरोक्त सभी खेलकूद में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः स्वर्ण रजत और कांस्य पदक से पुरस्कृत किया गया। अंत में सभी खेलकूदों में ग्रुप अनुसार परिणाम प्राप्त होने के उपरांत अत्यधिक अंक अर्जित करने वाले रेड हाउस ग्रुप को ग्रुप विनर घोषित करते हुए ट्रॉफी से सम्मानित किया गया तथा ग्रीन हाउस ग्रुप को रनर अप ट्रॉफी दी गई। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा खेलकूद कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई तथा विजेता प्रतिभागियों का अतिथियों के साथ ग्रुप फोटो भी लिया गया। उपरोक्त खेलकूद के आयोजन के लिए 17 खेल विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया था उनके निर्णय ही मान्य थे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, पालकगण, शिक्षक उपस्थित हुए थे। अभिभावकों ने इस कार्यक्रम की सफल आयोजन की प्रशंसा की। उपरोक्त जानकारी संस्था के प्राचार्य अरविंद शर्मा द्वारा दी गई। विभिन्न खेलो में स्वर्ण रजत एवं कांस्य पदक हासिल करने वाले प्रतिभागियों की सूची में 100 मी दौड़ अंडर 10 (बालिका) प्रथम धानी महानंद द्वितीय भूमिका धीवर तृतीय नेहा यादव 200 मी दौड़ अंडर 12 बालक प्रथम प्रताप द्वितीय लोकेश तृतीय हर्ष 800 मी दौड़ बालक प्रथम खेमराज द्वितीय अमित कुमार

तृतीय प्रियांशु लंबी कूद अंडर 14 बालिका प्रथम उपासना सोना द्वितीय शैली महतो तृतीय पल्लवी टंडन ऊंची कूद अंडर 16 बालक प्रथम कुलदीप पांडे द्वितीय देव हलधर तृतीय गुलशन बघेल गोला फेक अंडर 16 बालक प्रथम शुभम यादव द्वितीय रौनक राजवाड़े तृतीय खेमराज तवा फेक अंडर 14 बालिका प्रथम नीलिमा साहू द्वितीय वर्षा मटियारा तृतीय दीपिका साहू इत्यादि।

मवेशी से लदा ट्रक तेज स्पीड में टायर फटने से जला जशपुर पुलिस ने 14 गौ वंश को बचाया, चार गिरफ्तार

जशपुर पुलिस का "ऑपरेशन शंखनाद" जारी, बीती रात्रि में गौ-तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर पुलिस को विष्वस्त मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ गौ तस्कर आयसर ट्रक वाहन से बगीचा के रास्ते भारी मात्रा में मवेषियों की तस्करी करते हुये झारखंड की ओर ले जा रहे हैं, इस सूचना पर एसडीओपी बगीचा दिलीप कुमार कोसले के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर घेराबंदी एवं आगामी कार्यवाही हेतु रवाना किया गया, साथ ही लोरो घाटी के पास दूसरी टीम द्वारा तगड़ा बेरिकेटिंग लगाकर किनारे में छिपकर वाहन के आने का इंतजार किया जा रहा था, इसी दौरान मुखबीर के बतायेनुसार उक्त ट्रक वाहन लोरो घाटी में आई जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, परंतु पुलिस एवं तगड़ा बेरिकेटिंग को देखकर वह अपने वाहन को रिवर्स में लेकर वापस जाने लगा, इस पर पुलिस द्वारा उसका पीछा किया गया एवं इस दौरान तस्करों का ट्रक वाहन का पहिया फट गया, तब भी वह अपने वाहन को तेजी से भगाने लगा जिससे उसके वाहन में आग लग गई एवं वाहन को रास्ते में खड़ी कर भाग रहे थे, भागने के दौरान पुलिस द्वारा 01 को दौड़ाकर पकड़ लिया गया, पूरी रात ऑपरेशन की मॉनीटरिंग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल सोनी के द्वारा की जा रही थी। वाहन में आग लगने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी जशपुर एवं फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंचे एवं ट्रक वाहन में लगे आग पर काबू पाया गया, तथा पुलिस बल द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर गौवंशीय पशुओं का रेस्क्यू किया गया। अगर फायर ब्रिगेड तत्काल मौके पर नहीं पहुंचता तो बड़ी दुर्घटना व जान माल की घटना हो सकती थी। पुलिस द्वारा उक्त वाहन से 14 नग जीवित गौ-वंश एवं 06 नग पूर्व से मृत गौ-वंश जप्त किया गया है। पुलिस द्वारा अन्य भागे हुये आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। भागे हुये आरोपियों के संबंध में मुखबीर से सूचना मिला कि एक यात्री बस में बिना जूता, चप्पल पहने कुछ लोग सफर कर रहे हैं, इस पर कोतवाली स्टॉफद्वारा बस को रोककर संदेही 03 अन्य आरोपियों को पकड़कर अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। जीवित गौ-वंश को सुरक्षार्थ रखवाया गया है। पूछताछ में सभी गौ-तस्करों ने अपने अन्य फरार 04 साथियों के साथ मिलकर उक्त गौ-वंश को तस्करी कर जशपुर होते हुये झारखंड की ओर ले जाना बताये। थाना जशपुर में उक्त गौ-तस्करों के विरूद्ध छ.ग. कृषि पशु परि.अधि. 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधि. की धारा 11 का अपराध पंजीबद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण के फरार 04 आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी जशपुर चंद्रषेखर परमा, एसडीओपी बगीचा दिलीप कुमार कोसले, निरीक्षक रविशकर तिवारी, निरीक्षक हर्षवर्धन चैरासे, उप निरीक्षक सतीष सोनवानी, स.उ.नि. विपिन किषोर केरकेट्टा, स.उ.नि. पाल, प्र.आर. 377 आनंद श्रीवास्तव, प्र.आर. जनरल सलीम तिग्गा, प्र.आर. 426 राजेश पाल, आर. 596 शोभनाथ सिंह, आर. 350 हेमंत कुजूर, आर. बेलसाजर कुजूर, आर. कुलरंजन एक्का, आर. शरद भगत, आर. 135 अनूप साहनी का योगदान रहा।

बीती रात्रि जशपुर पुलिस की विशेष टीम द्वारा रातभर घेराबंदी कर काईकछार के पास से ट्रक वाहन से 14 नग गौ-वंश को मुक्त कराया गया है, 06 गौ-वंश की मृत्यू हो गई है, पीछा करने के दौरान काईकछार में ट्रक में आग लग गई थी, फिर भी तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर फायर बिग्रेड की सहायता से गौ-वंश को बचाया गया है। प्रकरण के अन्य 04 आरोपी फरार हैं सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।
-अनिल सोनी, एएसपी जशपुर

केव्हीए में वीरवंदन व सारांकन की मनोरम झाकियाँ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर के डे बोर्डिंग विद्यालय कांगेर वैली अकादमी में वार्षिकोत्सव हुर्रा और कांफेटी का आयोजन हुआ। जिसका थीम मानवीय मूल्यों पर रखा गया था। इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा वीरवंदन और बड़े बच्चों द्वारा सारांकन नाम से रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। वीरवंदन में मुख्य अतिथि शीतल शाश्वत वर्मा विशेष सचिव वित्त विभाग, छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित रहे। वर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों की चहुँमुखी विकास में कांग्रेस वैली परिवार निरंतर प्रयासरत रहा है। शिक्षा के बिना बच्चों का बौद्धिक विकास संभव नहीं है। हरे - भरे प्राकृतिक परिवेश के साथ - साथ कला, संगीत और शिक्षा की मणिकांचन संयोग यह सभी बच्चों और पालकों के लिए सौभाग्य की बात है। सारांकन के मंच पर मुख्य अतिथि माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री अनुज शर्मा विधायक, छत्तीसगढ़ शासन की उपस्थिति साथ ही विद्यालय के संरक्षक स्वरूपचंद जैन, मार्गदर्शक रतनलाल जैन, उपस्थित रहे। शर्मा ने कार्यक्रम की थीम सारांकन पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि जो संस्कार इस विद्यालय में सिखाया जाता है। वह शायद रायपुर के किसी भी विद्यालय में नहीं सिखाया जाता है।

मुख्य अतिथि साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। चहुँमुखी विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। इस विद्यालय में प्राप्त होने वाले शिक्षा का लाभ उठाएँ और अपने बच्चों के भविष्य का नवनिर्माण करें।

उन्होंने शिक्षा के अलावा अन्य क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दिए। विद्यालय के संरक्षक स्वरूप चंद जैन ने कहा कि बच्चों ने वीरवंदन के माध्यम से हमारे गुमनाम नायकों के महत्व को जिस प्रकार से प्रतिपादित करने का कार्य किया है। निश्चित ही अत्यंत सराहनीय कार्य है और हमें भी इस पुनीत कार्य में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना चाहिए। कक्षा दसवीं से टिया बैस एवं कक्षा बारहवीं में वाणिज्य संकाय से रिद्धि अग्रवाल, विज्ञान संकाय से मोनिका जैन एवं मानविकी संकाय से शीतल जैन ने सर्वोत्तम अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। श्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्री प्रायमरी से विवान कौशिक, प्रायमरी से इशकीर्त सिंह, स्टूडेंट ऑफ द ईयर समृद्धि रामपुरिया को मिला। खेलों में श्रेष्ठ टीम रूबी सदन को पेलेडियन ट्राफी ,और श्रेष्ठ एकेडमिक जेम ऑफ़ जेम्स पुरस्कार भी रूबी सदन को मिला।

कलिंगा यूनिवर्सिटी ने जेनरेशन ज़ी के साथ पुल बनाने के लिए एक परिवर्तनकारी मास्टरक्लास का आयोजन किया

कोड को क्रैक करें : शिक्षकों और अभिभावकों के लिए जेन जेड कनेक्शन गाइड

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलिंगा यूनिवर्सिटी ने अपने करियर और कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर के माध्यम से अपने अत्याधुनिक ऑडिटोरियम में जेनरेशन से कनेक्शन का कोड समझें: शिक्षकों और माता-पिता के लिए गाइड÷ शीर्षक से एक प्रभावशाली मास्टरक्लास का आयोजन किया। यह एक दिवसीय कार्यक्रम शिक्षकों, माता-पिता और अनुभवी व्यक्तियों को एक साथ लाया और उन्हें युवा पीढ़ी के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक उपकरण प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत कलिंगा यूनिवर्सिटी के CCRC के निदेशक पंकज तिवारी के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने जेनरेशन ज़ी की अनूठी विशेषताओं और चुनौतियों को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पीढ़ीगत अंतर को पाटने और सहानुभूति-पूर्ण कनेक्शन को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम को एक आकर्षक दिन की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाते हुए, मुख्य अतिथि अंजलि यादव, निदेशक, प्रशिक्षण और अकादमिक, दवारा यूनिवर्सिटी, रायपुर, ने अपने गहन अनुभव और विचार साझा किए, जिससे चर्चाओं को और गहराई मिली। मास्टरक्लास का संचालन डॉ. सुनयना शुक्ला, एक ICF-प्रमाणित कोच और NLP प्रैक्टिशनर, द्वारा किया गया। डॉ. शुक्ला के सत्रों ने प्रतिभागियों को बाल मनोविज्ञान की व्यापक समझ प्रदान की। उन्होंने जेनरेशन ज़ी के विकासात्मक चरणों और भावनात्मक जरूरतों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने, ऑनलाइन और ऑफलाइन गतिविधियों के बीच स्वस्थ संतुलन सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियों का पता लगाया।

महिला योग शक्ति दिवस में योग समागम और पिकनिक की धूम गंगरेल बांध में

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय योग संस्थान,रायपुर और धमतरी के योग साधकों के साथ मिलकर गंगरेल बांध में लगभग 500 योग साधकों ने मिलकर बड़े ही धूम धाम से उत्साह के साथ महिला योग शक्ति दिवस मनाया गया पहले आसान प्राणायाम और ध्यान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसे राजेश अग्रवाल,मुकेश सोनी,वंदना आहूजा, राजेश डागा ने किया आसान का उत्कृष्ट प्रदर्शन जयंती,लता, सविता के द्वारा किया गया,मंच संचालन अनीता जोशी, सुदेशना मैने ने किया कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पूर्व विधायिका जयंती साहू ने दीप प्रज्वलन कर अपना उत्कृष्ट और प्रेरणादाई उद्बोधन दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुदेशना ने दशावतार पर योग के साथ सुंदर प्रदर्शन एवं नीलम की ग्रुप,पिंकी के ग्रुप, किरण के ग्रुप द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा स्थल भ्रमण का आनंद के साथ रिया फतनानी,सपना की टीम ने विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गेम से बच्चों का मन मोह लिया । के आर साहू के हंसी के अभ्यास ने सभी में जोश भर दिया।सुदेशना मैम के द्वारा नियमित योग करने तथा न करने वालों में अंतर की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रेरणादायक योग नृत्य शिव साईं हनुमान मंदिर केंद्र तथा ऑक्सिजोन केंद्र के साधकों ने सभी में ऊर्जा का संचार कर दिया।अंत में राष्ट्रगान के साथ समापन किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में भावना खत्री, राजेश अग्रवाल, हेमंत, कंवलजीत, लता चौधरी, नीलम नवलानी, किरणप्रसाद, पीतांबर मिश्रा, रेखाप्रकाश बजाज, प्रभात फेरी ग्रुप देवेंद्र नगर, स्वर्ण भूमि योग केंद्र ग्रुप ममता, गीता, अनिता, सपना शादिजा, सोनिया, जयाके आर साहू और फोटोग्राफी टीम में मितेश, लोकेश, संदीप हर्षपाल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

नेशनल होम्योपैथिक सेमिनार

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अयोजित विशाल नेशनल होम्योपैथिक सेमिनार में डॉ. सर्वजीत कौर द्वारा प्रथम स्वरचित पुस्तक मुफ्त का ज्ञान वरिष्ठ होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. मयूरेश महाजन (मुंबई), डॉ. अमोल राणे (मुंबई), और डॉ. सुनील घोड़के (नासिक) जी को हार्दिक भेंट की गई । इस पुस्तक में आज के दौर में बढ़ते रोगों के बुनियादी ज्ञान और उनके होम्योपैथिक उपचार को बेहतर और सरल रूप से समझाया गया है।

स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

कवर्धा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग के दिशानिर्देशों के तहत, 24 दिसंबर 2024, मंगलवार को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम तरेगांव जंगल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

महिलाएं सशक्त होंगी तो आने वाली पीढ़ी भी मजबूत होगी: विधायक रायमुनी भगत

- **विधायक ने महतारी वंदन की राशि को सुकन्या समृद्धि योजना में उपयोग करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित**

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर और सुशासन सप्ताह के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन सोमवार को रौतिया भवन(वीर शहीद बख्तर साय एवं मुंडल सिंह स्मृति भवन) में विधायक रायमुनी भगत के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इसमें विधायक ने जशपुर क्षेत्र के महतारी वंदन योजना के ऐसे 40 लाभार्थियों को सम्मानित किया, जिन्होंने इस योजना से मिली राशि का उपयोग सुकन्या समृद्धि योजना में किया है। रायमुनी भगत ने सम्मानित सभी महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की विष्णुदेव के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष में ही मोदी की गारंटी और घोषणा पत्र में किए गए अधिकांश वादों को पूरा कर लिया गया है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाना भी घोषणा पत्र में था जिसे सरकार ने पूरा किया। महिलाएं अगर सशक्त होंगी तो आने वाली पीढ़ी भी मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार प्राथमिकता के साथ काम कर रही है।

बिचौलियों से दूर रहें -कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान स्वरूप शॉल, श्रीफल प्रदान करने के साथ ही विष्णु की पाती भी दिया गया। कार्यक्रम में विधायक माध्यम से जशपुर जिले में प्रत्येक माह लगभग 2.30 लाख हितग्राहियों को लगभग 21 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। योजना के शुरूआत से अब तक 214.56 करोड़ रुपए की राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस योजना से मिली राशि का सही उपयोग कर महिलाएं आगे की राह आसान बना सकती है। इस राशि का सुकन्या समृद्धि योजना में उपयोग कर अपनी बच्चियों का भविष्य सुरक्षित कर सकती है। 18 साल होने पर उनके खाते में पर्याप्त धनराशि जमा हो जाएगी। इस राशि का उनकी आगे की प?ाई, शादी और कैरियर बनाने में उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं बैंक में फिक्स डिपॉजिट करके भी अपनी राशि का सदुपयोग कर सकती हैं। इस पैसे का उपयोग अपने व्यवसाय खड़ा कर अपने आप को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भी किया जा सकता है। महतारी वंदन की राशि का उपयोग बच्चों के सुपोषण के लिए किए जाने की अपील भी की गई। कलेक्टर ने बिचौलियों से दूर रहने और पैसे को कम समय में दोगुना करने जैसे फर्जी चिटफंड कंपनियों के बहकावे में न आने की अपील भी की।

कार्यक्रम भी हुए -कार्यक्रम में जय हो स्वंय सेवकों ने बाल विवाह, दहेज प्रथा के खिलाफ नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बाल संदर्भ शिविर, आधार शिविर और सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खोलने हेतु शिविर भी लगाया गया था। इस दौरान पार्षद फैजान सरवर खान, नीतू गुप्ता एवं पिंकी लकड़ा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, नायब तहसीलदार राजेश यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी डिम्पल कोर्राम, शारदा प्रधान, रजनी प्रधान सहित महतारी वंदन के हितग्राही सहित अन्य लोग मौजूद थे।

विकसित जशपुर 2047 विजन पर कलेक्टर व्यास ने की चर्चा अधिकारियों से कहा, आप फरियादियों की आश कभी न तोड़ें

- **सुशासन सप्ताह के तहत जिला पंचायत में आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों से हुई चर्चा**

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सुशासन सप्ताह 2024 प्रशासन गांव की ओर के तहत जिला प्रशासन जशपुर द्वारा जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया और विकसित जशपुर विजन 2047 की दृष्टि पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अंतर्गत सुशासन सुनिश्चित करने के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ अभ्यास साझा किए। कार्यशाला में विशेष रूप से स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन, सिकल सेल रोग उन्मूलन मिशन और जशप्योर के माध्यम से सतत आजीविका उपलब्ध कराने के पहलों पर चर्चा हुई। इस दौरान बताया गया कि जिले के सभी विकास खंडों में सुशासन सप्ताह के तहत 19 से 24 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

अच्छा व्यवहार करने के निर्देश - कलेक्टर रोहित व्यास ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुड गवर्नेंस के तहत लोगों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिया जाना है। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों का दायित्व बनता है कि कोई आम नागरिक अपने काम से कार्यालय आते हैं तो उनकी बातों और समस्याओं को संवेदनशीलता से सुने और निराकरण करें, क्योंकि आम जनता बड़ी आशा और विश्वास के साथ आता है। उनके साथ अच्छा व्यवहार करें, ताकि लोगों को अपनी समस्या बताने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी काम को करने से पहले एक विजन तैयार कर लें की हमें कैसा कार्य करना और कैसे बेहतर कर सकते हैं। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में बेहतर और नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा रहा है सिकल सेल में अच्छा कार्य हो रहा है। साथ ही शिक्षा, पर्यटन और खेल के क्षेत्र में भी बढ़िया कार्य किया जा सकता है।

सीईओ ने दिया प्रेजेंटेशन - कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जशपुर में किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों, कृषि,उद्यान, पशुपालन, स्व-सहायता समूह के द्वारा तैयार उत्पादों की जानकारी, पर्यटन, जशप्योर, युवाओं का रोजगार के लिए कौशल उन्नयन आदि विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई।

सम्मानित हुए कर्मचारी - कार्याशाला में कलेक्टर व्यास ने स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन, सिकल सेल रोग उन्मूलन मिशन और जशप्योर जैसे पहलों में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वाले को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन से सलिका सिंह, संध्या तिर्की, विनय भगत, अवधेश भगत, सिकल सेल रोग उन्मूलन मिशन से कुमारमणी यादव, असीमा तिर्की और जशप्योर सतत आजीविका से अनेश्वरी भगत, शांता एक्का, लक्ष्मी पैंकरा दल शामिल हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप राठिया, युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन टीआरआईएफ के कंसल्टेंट अरुल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

राजधानी के प्रणवानंद अकादमी में भव्य 27वा वार्षिकोत्सव का आयोजन

भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा की जरुरत: रमेन डेका

- **राजभवन की ओर से मेधावी विद्यार्थियों के लिए 2 लाख देने की घोषणा**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के वीआईपी रोड स्थित प्रणवानंद अकादमी में 27वा भव्य वार्षिक उत्सव अस्तित्व का आयोजन किया गया। उत्सव में मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका, विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रणवानंद अकादमी के सचिव स्वामी शिवरूपानंद जी महाराज, भारत सेवाश्रम संघ तिरुवनंतपुरम शाखा के अध्यक्ष स्वामी परब्रह्मानंद जी महाराज, ब्रह्मचारी अरूणव महाराज एवं शाला प्राचार्य अनिंदिता घोष उपस्थित थे। राज्यपाल रमेन डेका भारत सेवा संघ प्रणवानंद अकादमी के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों के लिए दो लाख प्रोत्साहन राशि राजभवन की ओर से देने की घोषणा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरुकुल आश्रम शिक्षा की पद्धति हमारी देश की प्राचीन काल की पद्धति है जहां वेद, उपनिषद के साथ-साथ नैतिकता, अध्यात्म की शिक्षा दी जाती थी। भगवान राम और कृष्ण ने भी गुरूकुल से शिक्षा प्राप्त की थी। वर्तमान समय में भारत सेवाश्रम संघ द्वारा संचालित यह अकादमी भी भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों के संवर्धन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि वे भी इस संस्था से जुड़े हुए है और यह संस्था जरूरत मंदों लोगों के लिए कार्य कर रही है जो बहुत सराहनीय है। राज्यपाल डेका ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 लागू करने से विद्यार्थियों का संर्वागीण विकास होगा। आज हम सभी एक प्रतिस्पर्धा में हैं। हर विद्यार्थी को मेडिकल एवं इंजीनियर में जाना है। नई पीढ़ी की सबसे समस्या दूसरों की नकल करना है। अपनी क्षमता एवं रूचि के अनुसार अपना कैरियर चुनने का निर्णय उन्हें लेने चाहिए। अपनी अंतरात्मा की आवाज सुने दुसरों की नकल न करें। विदेशों में बड़े-बड़े पैकेज की नौकरी मिलती है लेकिन सुकून नहीं मिलता है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेल, संगीत और अन्य गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। ये आपके व्यक्तित्व को निखरती है। भारत एक अदभुत राज्य है और यहां की संस्कृति भी अदभुत है। अपनी जड़ो से जुड़े रहें और देश के प्रति सदा कृतज्ञ रहें।

मानव जीवन में चरित्र का विशेष महत्व है: स्वामी शिव रुपानंद महाराज

शाला के सचिव श्रीमद् स्वामी शिव रूपानंद जी महाराज ने भारत सेवाश्रम संघ के स्थापना के उद्देश्य को बताते हुए सन्यासियों के लिए राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि बताये। इसी भावना को बच्चों में जागृत करने के लिए संस्था द्वारा भरसक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन में चरित्र का बहुत महत्व है। चरित्र के बल पर जीवन के सभी लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। चरित्र की मजबूती से मनुष्यता का निर्माण होता है। प्रणवानंद अकादमी में छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ जीवन के मूल्यों को समझाते हुए कैसे मानव बना जा सकता है, इसके लिए कार्य किए जाते हैं।

उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों का हुआ सम्मान-कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों का साला सचिव स्वामी शिवरूपानंद जी महाराज एवं शाला प्राचार्या अनिंदिता घोष ने शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्या अनिंदिता घोष ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किए, जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां और भविष्य की योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया।

गुणों के विकास के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं: बृजमोहन अग्रवाल

सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं अरुण साव अपने उद्बोधन में प्राचीन शिक्षा परंपरा के महत्व को बताते हुए बच्चों में समाज एवं देश के लिए सेवा भाव लाने के लिए बच्चों को प्रेरित किए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुरूकुल आश्रमों में केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि नैतिकता, अध्यात्म, सेवा, देश भक्ति की शिक्षा दी जाती है। इससे संस्कारवान नागरिक तैयार होते है। इन गुणों के विकास के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं है।

मोदी की गारंटी और सुशासन लेकर आई है छत्तीसगढ़ सरकार : अरुण साव

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आरंग में चार नगरीय निकायों में 14 करोड़ 34 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने आरंग नगर पालिका में तीन करोड़ दस लाख रुपए के 13, मंदिरहसौद नगर पालिका में 50 लाख 44 हजार रुपए के छह, चंदखुरी नगर पंचायत में दो करोड़ आठ लाख रुपए के सात और समोदा नगर पंचायत में 49 लाख 18 हजार रुपए के एक कार्य का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री साव ने आरंग नगर पालिका में दो करोड़ 74 लाख रुपए के 26, मंदिरहसौद नगर पालिका में दो करोड़ 55 लाख 47 हजार रुपए के 37, चंदखुरी नगर पंचायत में एक करोड़ 76 लाख रुपए के दस और समोदा नगर पंचायत में एक करोड़ 12 लाख रुपए के 15 कार्यों का भूमिपूजन भी किया। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं आरंग के विधायक गुरु खुशवंत साहेब और लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में मोदी की गारंटी और सुशासन लेकर आई है। आरंग क्षेत्र के साथ ही पूरे प्रदेश में आज विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास और किसानों के हित में राज्य शासन द्वारा किए जा रहे प्रमुख कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में आरंग विकासखंड के चार नगरीय निकायों चंदखुरी, समोदा, आरंग और मंदिरहसौद में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा कुल 174 करोड़ 72 लाख रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

जनता तक अपनी बात पहुंचाने का अद्भुत माध्यम है जनसंपर्क

उप मुख्यमंत्री अरुण साव पीआरएसआई के 46वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशन्स नेशनल कॉन्फ्रेंस-2024 के समापन में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। उन्होंने समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है कि पीआरएसआई ने अपने 46वें अधिवेशन के लिए छत्तीसगढ़ को चुना। मैं देशभर से आए प्रतिनिधियों का छत्तीसगढ़ की पावन भूमि और माता कौशल्या की इस धरती पर हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूं। उप मुख्यमंत्री साव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति ने छत्तीसगढ़ पर असीम कृपा बरसाई है। छत्तीसगढ़ ऐसा भू-भाग है जिसका उल्लेख हर काल में मिलता है। छत्तीसगढ़ ऐतिहासिक, पौराणिक एवं प्राकृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध रहा है। यहां एक ओर पहाड़, जंगल और नदियां हैं, तो दूसरी ओर कोयले से लेकर हीरे तक के भंडार हैं। यही छत्तीसगढ़ की ताकत है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का जितना विकास और विश्व पटल पर नाम होना चाहिए था, वह अभी तक नहीं हो पाया है। देशभर के लोग आज यहां आए हैं, निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की विशेषताएं देशभर में जाएंगी। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि जनसंपर्क की ताकत संचार कौशल में है। जनता तक अपनी बात पहुंचाने का जनसंपर्क अद्भुत माध्यम है, जिसमें लगातार इनोवेशन हो रहे हैं। इन इनोवेशन्स के कारण जनसंपर्क की क्षमता का विस्तार भी हो रहा है। तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर के दर्शन के साथ हुआ। सम्मेलन में जनसंपर्क के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न संस्थाओं तथा व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर एम्स में शुरू हुआ पद्म विभूषण तीजन बाई का इलाज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की पहचान और देश के दूसरे सर्वोच्च सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का एम्स में इलाज शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तीजन बाई की बीमारी की जानकारी मिलते ही उनके समुचित और बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तीजन बाई के स्वास्थ्य की जानकारी लेने उनसे मिलने भी पहुंचे थे और पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करायी थी। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया था कि तीजन बाई के लिए घर में ही मोटराइज्ड रिमोट कंट्रोल आटोमेटिक बेड, बेड टेबल और व्हील चेयर उपलब्ध कराया जाए। निर्देशों का पालन करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तीजन बाई के लिए ये आवश्यक सामान उपलब्ध करा दिया है। इसके साथ ही एक मेडिकल आफिसर और एक फिजियोथिरेपिस्ट को भी तीजन बाई की देखरेख के लिए नियुक्त किया गया है। डाक्टरों की टीम दिन में एक बार उनके घर में ही उनकी स्वास्थ्य जांच करके मेडिकल रिपोर्ट तैयार करती है। उल्लेखनीय है कि पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित तीजन बाई ने पंडवानी के माध्यम से छत्तीसगढ़ का नाम देश विदेश में रोशन किया है। तीजन बाई वास्तव में छत्तीसगढ़ की पहचान हैं। इस लिहाज से राज्य सरकार भी तीजन बाई की देखरेख में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। खुद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तीजन बाई के स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहते हैं और अपने प्रतिनिधि के रूप मे उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को तीजन बाई की देखरेख करने की पूरी जिम्मेदारी दी है।

महिलाओं के चेहरे की मुस्कान बता रही है योजना की सफलता : पुरन्दर मिश्रा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लागू की गई महतारी वंदन योजना की सफलता उनके चेहरों की मुस्कान बता रही है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और इस योजना के माध्यम से उनके जीवन में खुशहाली और समृद्धि का संचार हो रहा है। उक्त बातें विधायक पुरन्दर मिश्रा ने सुशासन सप्ताह के दौरान आयोजित विधानसभा स्तरीय महतारी सम्मान समारोह पंडरी स्थित प्रगति मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान किए हैं, जिससे वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं, बल्कि समाज में अपनी पहचान भी बना रही हैं। इस दौरान विधायक मिश्रा ने मुख्यमंत्री की पाती का भी वाचन किया। जिसको लेकर मौजूद लोगों में उत्साह दिखा। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा, कि राज्य सरकार का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना है, ताकि वे किसी पर निर्भर न रहें।

अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण पर पैनी निगाह रखने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के कलेक्टर-एसएसपी ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में अवैध प्लाटिंग के मामलों पर तेजी से कार्रवाई करने के सख्त निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है। उन्होंने पटवारियों, राजस्व निरीक्षकों सहित तहसीलदारों और अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण पर पैनी निगाह रखने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं निगम के प्रत्येक कर्मचारी एवं अधिकारी संबंधित क्षेत्र पर नजर रखें। जहां पर भी अतिक्रमण या अवैध प्लॉटिंग होता दिखे उसे प्रारंभिक मे ही रोक लिया जाए। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने ज़िले के नगर निगम तथा अन्य नगरीय निकायों में अतिक्रमण से संबंधित प्राप्त शिकायतों को पुलिस, राजस्व और नगर निगम से समन्वय स्थापित कर तत्काल निराकरण करने निर्देश दिया। कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के पूर्व पुलिस को अवश्य सूचना देने को भी कहा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाएं। सभी ब्लॉकों में ई-केवाईसी के कार्यों में प्रगति लाई जाएं और इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजी जाएं। बैठक में कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशनों, दिव्यांगजन पेंशन आदि के प्रकरणों को भी समय-सीमा में निराकृत करने को कहा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने राजस्व संबंधी प्रकरणों को तेजी से निराकृत कर लंबित प्रकरणों में कमी लाने के निर्देश दिए।

महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना उनके पूरे भविष्य को तय करता है : लक्ष्मी राजवाड़े

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना उनके पूरे भविष्य को तय करता है। शासन महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं के खाते में प्रति माह जो एक हजार रू की राशि हस्तांतरित कर रही है, उससे निसंदेह महिलाएं संबल बनी है, उनके आत्मविश्वास में अविश्सनीय बदलाव आया है। जिससे आज वो अपना निर्णय लेने में दूसरों पर निर्भर नहीं है। उक्त वक्तव्य महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर जिले के भटगांव में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के विकास में शासन द्वारा उठाये गए सबसे महत्वपूर्ण बड़ा कदम में से एक है। महिलाओं के आर्थिक रूप से सशक्त बनने एवं स्वावलंबी बनने में इस अयोजन का अहम योगदान है। 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने पर जनादेश परब के उपलक्ष्य में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को ग्राम पंचायत स्तर पर एवं विकासखंड स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में भटगांव विधानसभा क्षेत्रांतर्गत फुटबाल ग्रांउड भटगांव में महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति रायपुर को मिला 'नराकास राजभाषा सम्मान'

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की 67वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा जारी मानक कार्यसूची के अनुसार जुलाई-सितंबर 2024 अवधि की मंडल पर हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई। अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल ने मंडल रेल प्रबंधक को बधाई देते हुए कहा कि उनकी अध्यक्षता में संचालित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर को गृह मंत्रालय, भारत सरकार का राजभाषा सम्मान प्राप्त हुआ है । 'क' क्षेत्र होने के कारण हमें अपने कार्यालयों में शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करना चाहिए । आज कई प्रकार के साधन उपलब्ध हैं जिनसे टायपिंग, अनुवाद आदि आसानी से किए जा सकते हैं । अतः आप सभी अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करें ताकि रायपुर मंडल राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में भी सदैव आगे बना रहे। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि नराकास, रायपुर को मध्य क्षेत्र के छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश राज्यों में स्थित कुल 57 नराकास में से नराकास राजभाषा सम्मान का तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

बच्चों की छुटिट्यों के साथ फन वर्ल्ड डिज्नीलैंड मनोरंजन मेला शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

काली मन्दिर के सामने, आकाशवाणी के पास स्थित गॉस मेमोरियल ग्राउंड में फन वर्ल्ड डिज्नीलैंड मेला का बृजमोहन अग्रवाल (रायपुर सांसद) के द्वारा उद्घाटन संपन्न हुआ. इस अवसर पर डॉ सलीम राज (अध्यक्ष- मदरसा बोर्ड) एवं एजाज ढ़ेबर (महापौर, नगर पालिक निगम, रायपुर) उपस्थित थे। आयोजन दुबई कार्निवल की थीम पर बेस्ड है, जिसमे लन्दन ब्रिज के अलावा जानी मानी विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को दर्शाया गया है. देसी-विदेशी झूलों के साथ ही नए रंग में यह मनोरंजन मेला राजधानीवासियों की सेवा में हाजिर है। उपरोक्त जानकारी फन वर्ल्ड डिज्नीलैंड मेला के संचालक तमन्ना हुसैन ने दी. उन्होंने बताया कि उपरोक्त आइटम्स के अलावा अनेक राज्यों के शिल्पकारों की आकर्षक रेंज की सैकड़ों वस्तुएं मेले की शोभा बढ़ाएगी, जिसमें घर सजाने के लिए एक से बढ़कर एक सामान जैसे - शो पीस, फर्निचर, होम एप्लायंसेस और टेराकोटा के एक से बढ़कर एक आईटम उपलब्ध है. बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र है। उन्होंने आगे बताया कि वे विगत दो दशकों से अधिक समय से फन वर्ल्ड फेयर के नाम से इस मेले का आयोजन करते आ रहे हैं. इस बार यह मेला नए कलेवर के साथ प्रारम्भ हो रहा है। इसमें बच्चों के फन जोन का विशेष ध्यान रखा गया है। इस आयोजन में प्रदेश सहित देश भर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाईफ स्टाईल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध हैं. एक्सपो में इनके कई स्टाल लगे हुए है जिसमे मुख्य आकर्षण के रूप में कश्मीरी साड़ी, कोलकाता साड़ी, कोसा सिल्क, बम्बू सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी लिनेन साड़ी, चंदेरी सिल्क, लखनवी चिकन, डेनिम कुर्ती, बाटिक प्रिंट, जयपुरी वन पीस, पंजाबी फुलकारी, खादी शर्ट, मोदी जैकेट, अफगानी सुट, झांसी बेडशीट, केकडा बेडशीट, जयपुरी बेडशीट, फैंसी ज्वेलरी, स्टोन ज्वेलरी, राजस्थानी एंटीक ज्वेलरी, फिरोजाबाद के कलरफुल बैंगल्स ही नही बल्कि कपड़ों में टी-शर्ट, लोअर, वूलन लेडिज जैकेट व फुटवियर में पटियाला जूती, राजस्थानी जूती, बॉम्बे सैंडल तथा हैण्डलूम में बेहतरीन कार्पेट, वुडन पेंटिंग, सारंगपुरी फर्नीचर, बेड व सोफा कवर, राजस्थानी बैग, पश्मिना शॉल, कश्मीरी कुर्ती के अलावा कॉस्मेटिक, होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है। उन्होंने आगे बताया कि फन वर्ल्ड मेला रायपुर की जनता को काफी पसंद आता है. क्रिसमस व शीतकालीन की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार के झूले बच्चों और युवाओं के लिए हैं. ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, सिलंबो झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि का आनंद ले सकते हैं. यहां स्वाद प्रेमियों के लिए फूड जोन भी है जिसमें एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट फूड के स्टॉल है। ज्ञात हो कि इस बार मेले में ख़ास तैयारी की गई है जो कि मेले के लुक में भी देखने को मिलेगा. मेले का समय रोज़ाना शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक है।

24 Dec. 2024 Pride Of Raipur

भामरा गार्डन
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
KITTY PARTY
ANNIVERSARY
BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

K.K. Solar
We Provide Sale & Service in All Type of Solar Power Plant & Solar Water Heater.
WARRANTY
• 25 Years in Solar Pannel • 10 Years in Inverter
• 04 Unit Per Day Generation in 1KW.
• Finance Facility Available.
• We Provide AMC.
• System Available In Govenment Subsidy (PM Surya Ghar Yojana).
Add. : Near Gurunanak Hall, Shyam Nagar, Telebandha, Raipur (C.G.)
Mob. : 79995-86149, 9893181871
रायपुर जिले के लिये लड़कों-लड़कियों की आवश्यकता है

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
■ हेलमेट ■ राइडिंग जैकेट ■ राइडिंग ग्लव्स
■ राइडिंग पैंट ■ राइडिंग जूता ■ एसेसरीज
A Complete Riding Gear Store
श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं कार्पोरेट सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us...
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403